www.navpradesh.com
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 17 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 37 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चुनावी मंडी में वोटों की बोली लगना हैरत की बात नहीं है। मुफ्त में राशन, पानी और बिजली सहित कई किस्म के प्रलोभन परोसे जा रहे हैं। वोट कबाड़ने की ऐसी होड़ शायद पहली बार लगी है। मोदी सरकार ने कोरोनाकाल में पांच किलो मुफ्त राशन देने की योजना लागू की थी। जिसे और आगे बढ़ा दिया है। इस पर विपक्ष ने खूब तंज कसा था अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की है कि आईएनडीआईए की सरकार बनने पर दस किलो राशन दिया जाएगा। आश्चर्य की बात है कि वोटों की खरीद फरोख्त पर चुनाव आयोग चुप है।

वोट जिहाद की राजनीति करती है तृणमूल : मोदी

भदोही, (वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर बंगाल में वोट जिहाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) भी उत्तर प्रदेश की राजनीति को भी उसी दिशा में ले जाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी विनोद बिंद के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में भदोही के चुनाव की चर्चा हो रही है, लोग पूछ रहे हैं कि भदोही के चुनाव में टीएमसी कहां से आ गई।

गौरतलब है कि भदोही में इंडिया गठबंधन के तहत टीएमसी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीएमसी की राजनीति का मतलब है तुष्टीकरण

प्रधानमंत्री ने कहा, आप जानते हैं कि टीएमसी बंगाल में किस तरह की राजनीति करती है। टीएमसी की राजनीति का मतलब है तुष्टीकरण का जहरीला तीर, इसका मतलब है राम मंदिर को अपवित्र बताना, रामनवमी समारोह पर प्रतिबंध लगाना, बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना, वोट-जिहाद, हत्या से ज्यादा कुछ नहीं। हिंदुओं का उत्पीड़न और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है।

गांधी ने कहा अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा- ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों की बदहाली के बहते आंसू भाजपा को सिखाएंगे सबक: अखिलेश

फतेहपुर, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले में आज एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसानों की बदहाली के लिए भारतीय जनता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश व कोचिंग ऑनलाइन आवेदन 17 तक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश व कोचिंग ऑनलाइन आवेदन 17 मई तक निर्धारित है। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों व आदिवासी उपयोजना क्षेत्र और माओवाद प्रभावित इलाकों में स्थित स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं सहित सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी के लिए संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में 2024-25 के तहत कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए 17 मई 2024 तक प्रवेश ले सकते हैं।

बंगाल में 10 स्थानों पर आईटी के छापे, 55 लाख रुपए बरामद

कोलकाता, (वार्ता)। आयकर (आईटी) अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में कोलकाता के दक्षिण से लेकर उत्तरी हिस्सों तक कम से कम 10 स्थानों पर छापे मारे हैं और लगभग 55 लाख रुपये जप्त किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आईटी अधिकारी बुधवार से शहर के कुछ हिस्सों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, जिनमें दक्षिण में गरियाहाट, मध्य भाग में एस्प्लेनेड और उत्तर में शोभा बाजार शामिल हैं। विभाग ने विज्ञापन एजेंसी के कार्यालयों और मालिकों के आवास पर छापे मारे और लगभग 55 लाख रुपये जप्त किये। सूत्रों ने बताया कि आईटी विभाग ने पिछले महीने दक्षिण कोलकाता के चेतला में एक सत्तू निर्माता के घर और कार्यालयों पर छापा मारा था और कर चोरी के मामले में 58 लाख रुपये जप्त किये थे।

अदालत के संज्ञान लेने के बाद ईडी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 44 के तहत एक शिकायत पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने अपीलकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और ईडी का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के संबंध में कई निर्देश जारी किए।

राजमिस्त्री की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

भदोही, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक स्थानीय अदालत ने राजमिस्त्री से विवाद के दौरान गड़ासे से गले पर हमला कर हत्या करने के दोषी को गुरूवार को आजीवन कारावास व पचास हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया । डीजीसी दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि 30 जुलाई 2023 को थाना औराई क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सहसेपुर में राजमिस्त्री आरोपी के घर पर दीवाल की जोड़ाई का कर रहा था। इस दौरान कार्य कर रहे राजमिस्त्री से विवाद के दौरान आरोपी द्वारा गले पर बांका व गड़ासा से जानलेवा हमला कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

केजरीवाल के पीए को भेजा महिला आयोग ने समन

- मालीवाल सोमवार सुबह सिविल लाइन्स थाने में मारपीट की शिकायत की थी

नई दिल्ली(ए.)। आम आदमी पार्टी कार्यालय में राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित बदसलूकी के मामले की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस की एक टीम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर बृहस्पतिवार को पहुंची। अधिकारियों ने इसकी जानकारी में कहा कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दर्जे के एक अधिकारी के नेतृत्व में एक दल घटना की जानकारी लेने के लिए मालीवाल के घर गया।

मामले पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मालीवाल सोमवार सुबह सिविल लाइन्स थाने पहुंची थीं और उन्होंने आरोप लगाया था कि केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ बदसलूकी की थी। पुलिस को इस मामले में अभी तक औपचारिक शिकायत नहीं प्राप्त हुई है।

एनसीडब्ल्यू ने सीएम केजरीवाल के सहयोगी को भेजा समन: राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मालीवाल के आरोपों पर केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आज समन भेजा।

महिला आयोग ने मामले को स्वत: संज्ञान में लिया

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को तलब किया है। महिला आयोग ने बृहस्पतिवार को श्री बिभव कुमार के कार्यालय को भेजे एक पत्र में उन्हें 17 मई , सुबह 11 बजे आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग ने कहा है कि अगर निर्धारित समय पर वह आयोग के समक्ष पेश होने में विफल रहते हैं तो प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। आयोग में अवर सचिव शालिनी रस्तोगी ने पत्र में कहा है कि आयोग ने सुश्री मालीवाल के साथ मारपीट के समाचारों पर स्वत: संज्ञान लिया है। आयोग के कहा है कि समाचारों के अनुसार राज्यसभा सांसद एवं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने हिंसक हमला किया है।

उनका पक्ष शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे सुना जाएगा। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा था कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कथित 'बदसलूकी' मामले में जानकारी जुटाने उनके आवास पहुंची पुलिस

क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया स्वाती मालीवाल को : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनसे आज पूछा कि क्या सुश्री मालीवाल के साथ यह दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री के इशारे पर ही किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार के मामले में श्री केजरीवाल पर जमकर हमला किया। भाटिया ने कहा कि एक महिला सांसद के साथ हुए दुर्व्यवहार पर श्री केजरीवाल की चुप्पी से स्पष्ट होता है कि महिला सम्मान उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है।

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर नकेल कसने पर गृहमंत्री शाह ने की साय सरकार की तारीफ

साढ़े चार महीने के अंदर 112 नक्सली मारे गए

- इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने आभार जताया, कहा- विपक्ष नक्सलियों को ताकत दे रहा है

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार के आने के बाद यहां नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई के दौरान मिल रही अभूतपूर्व सफलताओं के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की पीठ थपथपाई है। गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद मात्र साढ़े चार महीने के अंदर 112 नक्सली मारे गए हैं, लगभग 375 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 153 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। 5 महीने में अभियान को जबर्दस्त सफलता मिली है। ये इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम परिणाम तक पहुंचाएंगे

साय ने आगे कहा है कि निस्संदेह इस विषय पर विपक्ष द्वारा की जा रही राजनीति से नक्सलियों को ताकत मिलती है, पर बावजूद इसके हम इस लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाएंगे। यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज पूरी तरह से नक्सल समेत हर तरह के आतंक को समाप्त करने के प्रति कृत संकल्पित है। आपके इस विश्वास के लिये हम आभारी हैं माननीय गृह मंत्री जी। आपके कुशल मार्गदर्शन में हम नक्सल समस्या के स्थायी समाधान की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इस विषय में डबल इंजन की सरकार को बेहतरीन सफलता मिली है।

कारोबारियों ने निर्यात बढ़ाने के लिए मांगी सस्ती पूंजी

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) ने यूक्रेन-रुस युद्ध और लाल सागर एवं पश्चिम एशिया के संकट को देखते हुए सस्ती पूंजी और छोटे उद्योगों के लिए प्रभावी निर्यात कोष बनाने की मांग की है। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष इसरार अहमद और महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अजय सहाय ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह बात रखी। डॉ. सहाय ने कहा भविष्य में भारतीय निर्यात की गति बनाये रखने के लिए कारोबारियों को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराना और छोटे उद्योगों के लिए निर्यात कोष आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 के बीच कोविड काल और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय निर्यात 8.5 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है।

कस्टम मिलिंग घोटाले में राइस मिल एसो. का कोषाध्यक्ष रोशन अरेस्ट

- मामले पर ईडी ने की कार्रवाई
- मार्कफेड के एमडी रहे मनोज सोनी पहले ही रिमांड पर हैं

रायपुर/नवप्रदेश। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने प्रवर्तन निदेशालय ने प्रदेश में फिर कार्रवाई की है। इससे पहले आईटी ने कार्रवाई की थी। आज छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स घोटाले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए ठिकाने पर दबिश दी। राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को गिरफ़्तार किया गया है। अब ईडी की एंट्री से कई और लोगों की मुसीबत बढ़ेगी।

ये है पूरा मामला

मामले पर आरोप है कि एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने एमडी मनोज सोनी के साथ मिलकर प्रति क्विंटल 20 रुपए रिश्वत की वसूली की है। रकम मार्कफेड के जिला अधिकारी को दी गई है। उनके माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया गया। इस दौरान 140 करोड़ रुपए से ज्यादा वसूल किया गया है। इस दौरान जिन्होंने रिश्वत दी एमडी ने उनके ही बिल का भुगतान किया। रिश्वत के तौर पर पैसे न देने वालों का भुगतान रोक दिया गया है। कई लोगों के बिल का भुगतान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल के बयानों पर ईडी की आपत्ति.. सुको ने कहा हमारा आदेश बिल्कुल स्पष्ट

- अरविंद केजरीवाल को करना होगा सरेंडर, 16 दिन और रहेंगे जेल से बाहर

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के मुखिया व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं मिलने वाली है। शराब नीति केस में मुख्यमंत्री केजरीवाल को लेकर बड़ी खबर आई है।

केजरीवाल को किसी भी हाल में 2 जून को सरेंडर करना होगा। केजरीवाल को फिलहाल 1 जून तक जमानत मिली हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान कही।

इस मामले पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करना होगा। आम आदमी पार्टी के मुखिया और दिल्ली सीएम केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत मिली हुई है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए।

हम इसमें नहीं पड़ना चाहते : कोर्ट

उन्होंने कहा कि केजरीवाल का बयान है कि अगर उनकी पार्टी को वोट दिया तो 2 जून को उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हमारा आदेश साफ है कि उन्हें हर हाल में सरेंडर करना होगा।

मुवक्किल की गिरफ्तारी सही नहीं थी

सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी सही नहीं थी। इस वजह से उनकी रिमांड भी सही नहीं थी, लेकिन ईडी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सियासत... कांग्रेस के क्षत्रप बन बैठे थे जागीरदार, सत्ता-संगठन में अनबन बना हार का कारण

बागड़ ही खेत निगल जाए तो सुरक्षा की जिम्मेदारी किसे दी जाए?

- जागीरदार के पूछे बिना सत्ता और संगठन में नियुक्ति करना यानी पद से हाथ धोना
- कांग्रेसियों ने विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में क्षत्रपों की क्लास लगा दी

रायपुर/नवप्रदेश। ये कटु सत्य है कि कांग्रेस को कांग्रेसी ही पराजित कर सकता है और कोई दूसरा नहीं। कांग्रेस में बहुत ही खराब परिपाटी चल रही है जो जागीरदारी प्रथा की तरह पनप चुकी है। 2017 में भूपेश बघेल की अध्यक्षता में सारे कांग्रेसियों ने एकजुट होकर 15 साल पुरानी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। ये कांग्रेस की एकजुटता और बिना खेमेबाजी की जनहित में राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण हो सकता है। कांग्रेस के पांच साल सत्ता में रहने की समीक्षा करें तो सत्ता मिलते ही कांग्रेसियों में गुटबाजी इस हद तक शुरू हो गई कि कोई भी किसी को कहीं भी निपटा दे रहा था।

पांच साल तक सत्ता में कांग्रेस की आंतरिक और बाह्य राजनीति पूरी तरह गुटबाजी और जागीरदारी प्रथा की शिकार हुई। भूपेश बघेल के बाद मोहन मरकाम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसका संदेश आदिवासी समाज में बहुत अच्छा गया, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सत्ता छीन गई.. पर नहीं छोड़ी जागीरदारी

कांग्रेस में एक नहीं ऐसे सैकड़ों मामले हैं जो सत्ता और संगठन के पतन के कारण बनकर सामने आई है। वहीं जय-वीरू की जोड़ी टूट गई, वो ढाई-ढाई साल की लड़ाई और पार्टी में वर्चस्व की लड़ाई बनकर पूरे कांग्रेस को निगल गई। कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई, लेकिन उसके बाद यह जागीरदारी बरकरार है। कांग्रेसियों में वही अकड़ है जैसे सत्ता के समय हुआ करती थी। विधानसभा चुनाव में यहां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऐसे बंटी है कांग्रेस की जागीरदारी

प्रदेश कांग्रेस चार जागीरों में बंटी है। एक दुर्ग-पाटन, दूसरा बस्तर, तीसरा रायगढ़ जांजगीर-चांपा और चौथा सरगुजा जहां क्षत्रपो की मर्जी के बिना पत्ता तक नहीं डोल सकता। सरगुजा में टीएस सिंहदेव के एकतरफा वर्चस्व को खत्म करने टीएस को हरा दिया, यह भी कहा जा रहा है। वही जांजगीर-चांपा-कोरबा में चरणदास महंत का वर्चस्व है, यदि किसी आदमी को सत्ता और संगठन में जगह देना हो तो, चरणदास महंत से मशविरा करना होगा। सरगुजा में किसी को पद देकर संगठन में जोड़ना है तो टीएस सिंहदेव की राय लेनी होगी। बस्तर में भूपेश का ही दबदबा है। मोहन मरकाम से अनबन के बाद दीपक बैज को इसलिए अध्यक्ष बनाया गया ताकि कोई ये न कहे कि आदिवासी अध्यक्ष को हटाकर गैर आदिवासी को अध्यक्ष बना दिया।

जीत का चौका लगाने की आस में उतरे हैं कई दिग्गज, पर चुनौती भी पहले से अधिक

चंडीगढ़। पंजाब की 13 सीटों के लिए एक जून को मतदान होना है, जिसके चलते अब ज्यादा समय बाकी नहीं बचा है। इस बार चुनाव में ऐसे भी कई प्रत्याशी उतरे हैं, जो पहले जीत की हैट्रिक लगा चुके है और चौथी बार लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी शामिल हैं।

पंजाब के लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब चुनावी गतिविधियां ने और जोर पकड़ लिया है। राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है, जो अगले कुछ दिनों में सभी लोकसभा क्षेत्र में दस्तक देना शुरू कर देंगे।

शिरोमणि अकाली दल से प्रोफेसर प्रेम सिंह चंदूमाजरा तीन बाद लोकसभा में एंट्री कर चुके हैं और इस बार जीत का चौका लगाने के आस में वह आनंदपुर साहिब से चुनाव लड़ रहे हैं। शिअद से ही पंजाब प्रधान सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर, लुधियाना से भाजपा प्रत्याशी रवनीत सिंह बिट्टू और शिअद अमृतसर के प्रधान सिमरनजीत सिंह मान भी चौथी बार जीत दर्ज करने की उम्मीद के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इन सभी धुरंधरों की राह आसान नहीं रहने वाली है, क्योंकि इनके सामने से चुनौती देने के लिए भी दिग्गज ही चुनाव मैदान में उतरे हैं। यही कारण है कि इन प्रत्याशियों की सीटों पर मुकाबला कड़ा रहने वाला है।

तीन बार चुनाव जीत चुकी हरसिमरत भी चौथी बार मैदान में

इसी तरह शिअद प्रत्याशी हरसिमरत कौर बादल तीन बार जीतकर संसद पहुंच चुकी है। वह चौथी बार जीत दर्ज करने की आस के साथ मैदान में उतरी हैं। उन्होंने वर्ष 2009 लोकसभा चुनाव से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। तब बठिंडा सीट पर उन्होंने चुनाव में रनिंदर सिंह 1,20,960 वोटों से हराया था। 2014 चुनाव में भी उन्होंने अपनी जीत जारी रखी थी और मनप्रीत बादल को मात दी थी।

इसी तरह बठिंडा सीट से ही 2019 में वह तीसरी बार जीत दर्ज करके संसद पहुंची थी। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 21,000 मतों से हराया था। इस बार भी बठिंडा सीट पर भी कांटे की टक्कर है। शिअद का गढ़ माने जाने वाले बठिंडा में हरसिमरत के सामने आप से कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, भाजपा से पूर्व आईएएस परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू को चुनाव मैदान में उतरे हैं।

आनंदपुर साहिब से चौथी बार मैदान में चंदूमाजरा

आनंदपुर साहिब से शिअद प्रत्याशी चंदूमाजरा 1996 में पटियाला सीट पर संत राम सिंगला को हराकर ग्यारहवीं लोकसभा के लिए चुने गए थे। 1998 लोकसभा चुनाव में उन्होंने इसी सीट पर कैप्टन अमरिंदर सिंह को मात दी थी। वर्ष 2014 चुनाव में उन्होंने आनंदपुर साहिब से लड़ा था और यहां अंबिका सोनी को 23,697 मतों के अंतर से हराया था। अब चौथी जीत की आस के साथ वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के विजय सिंगला से होगा। सिंगला 2009 में संगरूर से सांसद और 2017 में विधायक रह चुके हैं। इसी तरह भाजपा ने यहां पंजाब पार्टी उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा और आम आदमी पार्टी ने पंजाब प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग को चुनाव मैदान में उतारा है, इसलिए चौकाना मुकाबला होने के चलते इस सीट पर भी कड़ी टक्कर होने वाली है।

परनीत को पांचवी बार की आस

इसी तरह पटियाला से भाजपा प्रत्याशी परनीत कौर पांचवी बार जीत की आस के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने 1999, 2004, 2009 और 2019 में संसदीय चुनाव में जीत दर्ज की थी। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के धर्मवीर गांधी, आप के कैबिनेट मंत्री बलवीर सिंह और शिअद के एनके शर्मा से है।

सिमरनजीत मान इस बार फिर संगरूर से जीत की आस में

इसी तरह शिअद अमृतसर से सिमरनजीत सिंह मान भी एक बार फिर से संगरूर सीट से ही चुनाव मैदान में उतरे हैं। 1989 लोकसभा चुनाव उन्होंने तरनतारन सीट से जीता था, लेकिन इसके बाद 1999 और 2022 उप चुनाव में संगरूर सीट से ही जीत दर्ज की थी। उप चुनाव में उन्होंने आप के गुरमेल सिंह को हराया था। संगरूर लोकसभा सीट इस समय सबसे हॉट सीट बनी हुई है, क्योंकि इस सीट पर सभी दलों ने धाकड़ नेताओं को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने विधायक सुखपाल खैरा, आप ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, शिअद ने पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंडा और भाजपा ने हिंदू चेहरे पूर्व विधायक अरविंद खन्ना पर दांव खेला है। यही कारण है कि मान के लिए चौथी बार जीत दर्ज करना आसान नहीं रहने वाला है। इस सीट के नतीजे भी दिलचस्प रहने वाले हैं।

बिट्टू भी चौथी बार जीत दर्ज करने की आस में लड़ रहे चनावी लड़ाई

इसी तरह लुधियाना सीट पर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए रवनीत सिंह बिट्टू चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर चुनावी सरगर्मियां सबसे अधिक तेज हैं और सभी प्रत्याशी एक दूसरे पार सियासी बाण चला रहे हैं। यहां तक कि पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग खुद चुनाव मैदान में उतरे हुए हैं। इसी तरह शिअद ने पूर्व विधायक रणजीत सिंह और आप ने लुधियाना सेंट्रल से विधायक अशोक पप्पी पराशर को चुनाव मैदान में उतारा है। ये सीट पर बिट्टू के लिए जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है, लेकिन उनके सामने चुनौतियां भी अधिक है, क्योंकि इस बार वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा से चुनावी लड़ रहे हैं। बिट्टू ने वर्ष 2009 में आनंदपुर साहिब, वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में लुधियाना से जीत दर्ज की थी। इसी तरह 2019 लोकसभा चुनाव में तीसरी बार भी वह लुधियाना से ही सिमरजीत सिंह बैंस को हराकर संसद पहुंचे थे।

रायबरेली और अमेठी में 'खतरा' देख राहुल-प्रियंका ने बिहार से मुंह फेरा!

तेजस्वी के आसरे चुनावी लड़ाई

पटना/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में एक तरफकांग्रेस देश में सरकार बनाने के दावे कर रही है पर दूसरी तरफ कांग्रेस के स्टार प्रचारक ही जमीन से गायब है. बिहार में 40 सीटों पर हो रहे चुनाव में कांग्रेस गठबंधन के साथ मिलकर चालीस सीटों पर जीत का दावा कर रही है, पर कथनी और करनी में अंतर इनके दावे पर सवाल खड़ा करता है. दरअसल, बिहार लोकसभा सीट पर प्रचार को धार देने के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लंबी फौज की घोषणा की थी. कांग्रेस ने बिहार में प्रचार के लिए 40 नामों की बड़ी सूची तैयार की थी. बिहार में प्रचार करने वालों की सूची में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हैं. स्टार प्रचारकों में कन्हैया कुमार, मीसा कुमार, अखिलेश प्रसाद सिंह सहित कई बड़े चेहरे शामिल किए गए हैं, पर अब तक एक दो को छोड़कर कोई भी बिहार में प्रचार करने नहीं पहुंचे. राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी अमेठी और रायबरेली सीट अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं.

चार चरण का चुनाव खत्म होने पर नहीं पहुंचे स्टार प्रचारकङ्क कांग्रेस के 40 स्टार प्रचारकों की लंबी फौज के बावजूद अब तक बिहार में एक दो ही बड़े स्टार प्रचारक प्रचार करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं. राहुल गांधी भागलपुर लोकसभा सीट पर प्रचार करने पहुंचे थे, उसके बाद समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर संसदीय सीट पर जनसभा के लिए एक बार मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे. मगर अब तक न सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और न ही अन्य बड़े चेहरे बिहार पहुंचे हैं।

कन्हैया कुमार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में शमिल हैं, परन्तु कन्हैया कुमार भी दिल्ली अपनी लोसकभा सीट पर सिमट कर रह गए हैं. मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजीत पटना साहिब लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं, पर यहां भी मीरा कुमार या अन्य कोई बड़ा चेहरा प्रचार करने नहीं पहुंचा है।

मायावती के बोल: महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही भाजपा, गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में भी विफल

लखनऊ बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने लिखा कि भाजपा महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही है। राशन से बदले वोट गरीबों के साथ मजाक है। भाजपा गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में विफल साबित हो रही है।

मायावती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश के लोगों को बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन आदि के अभिशाप से मुक्त करना तो दूर उन्हें रोक पाने में विफलता के कारण गरीबों को थोड़ा राशन देने को भी भाजपा एंड कंपनी के लोग चुनाव में भुनाने पर तुले हैं, जो उचित नहीं क्योंकि यह मेहरबानी नहीं है।

लोगों को यह थोड़ा मुफ्त राशन भाजपा/सरकार का उपकार नहीं बल्कि लोगों द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स का ही धन है। अतः इसके बदले वोट माँगकर गरीबों का मजाक उड़ाना अशोभनीय। यह बात मैं हर जनसभा में कहती हूँ फिर भी भाजपा द्वारा प्रचारित ऐसे फेक वीडियो पर लोग ध्यान न दें।

लोकसभा चुनावी वॉच

12वीं पास कंगना गोल्ड की शौकीन...

'क्वीन' और 'राजकुमार' में कौन ज्यादा अमीर?

शिमला. हिमाचल प्रदेश में मंडी लोकसभा सीट की चर्चा पूरे देश में है. यहां से बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत चुनाव लड़ रही हैं. वहीं, उनके मुकाबले में कांग्रेस ने युवा मंत्री विक्रमादित्य सिंह को उतारा है. ऐसे में यहां पर अब मुकाबला कांटे का नजर आ रहा है. कंगना रनौत और विक्रमादित्य सिंह ने चुनाव आयोग को अपनी प्रॉपर्टी की डिटेल्स दी हैं, उनकी भी चर्चा है। जानकारी के अनुसार, बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत 12वीं पास हैं. उन्होंने चंडीगढ़ के डीएवी स्कूल से पढ़ाई की और फिर एक्टिंग में करियर बनाने के लिए निकल पड़ीं. कंगना को सोने का काफी शौक है. बीते साल के मुकाबले कंगना की प्रॉपर्टी में गिरावट आई है. 2022 में उन्होंने 12 करोड़ से अधिक इनकम टैक्स भरा था. लेकिन अब 2023 में उन्होंने 4 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स फाइल किया है. कंगना रनौत को सोना रखने का शौक है और उनके पास छह किलो 700 ग्राम सोना है. रोचक बात यह है कि कंगना के पास कैश इन हैंड केवल दो लाख रुपये हैं. कंगना रनौत ने चुनावी हलफनामे में बताया कि उन्होंने अपने भाई अक्षित रनौत को 70 लाख रुपये के करीब लोन दिया. इसके अलावा, अपने पिता 28 को भी लाख रुपये कर्ज दिया है. वहीं, कर्ण रनौत भी कंगना के 11 लाख रुपये के कर्जदार हैं.

कंगना के पास सोना ही सोना

कंगना रनौत के पास भारी मात्रा में सोना है. इसके अलावा, डायमंड और चांदी भी है. इनकी कुल कीमत 10 करोड़ रुपये है. कंगना के पास 6.70 किलो सोना, 60 किलो चांदी और डायमंड है. साथ ही कंगना के पास वेस्पा स्कूटर, मर्सिडिज और अन्य गाड़ियां हैं और 50 लाख रुपये के करीब पैसा इश्योरेंस कंपनी एलआईसी में निवेश किया है. कंगना रनौत पर 8 केस चल रहे हैं. इसमें जावेद अख्तर से जुड़ा विवाद भी शामिल है. कंगना के पास कुल 91 करोड़ की चल और अचल संपत्ति है.

विक्रमादित्य सिंह के पास इतनी प्रॉपर्टी

हिमाचल प्रदेश के छह बार के सीएम रहे दिवंगत नेता वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह अरबपति हैं. इनके पास 100 करोड़ से अधिक की संपति है. विक्रमादित्य सिंह के पास फॉर्च्युनर गाड़ी सहित तीन कारें हैं. रामपुर बुशहर की रियासत के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह को डेढ़ करोड़ की देनदारियां हैं. इनके पास 17 लाख की फार्च्यूनर, 13.30 लाख की एंडेवर और एक इग्निस कार है. 1785 ग्राम सोना और 13.70 ग्राम डायमंड के अलावा 10 लाख रुपये का जिम, लैपटाप और मोबाइल फोन हैं. रामपुर में कृषि और बागवानी भूमि है. सराहन, रामपुर और शिमला में आवासीय भवन हैं।

गृहमंत्री शाह से मिलीं श्रीकला

● पति धनंजय ने बीजेपी को दिया था समर्थन; पार्टी का दामन थामने की चर्चा

जौनपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह ने अपने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकाती फोटो पोस्ट की। देखते ही देखते यह पोस्ट वायरल हो गई। हालांकि श्रीकला सिंह ने बताया कि उनकी ये मुलाकात गृह मंत्री अमित शाह से रविवार को उनके दिल्ली स्थित कार्यालय पर हुई थी। श्रीकला सिंह ने बताया गृह मंत्री से उनकी मुलाकात आधे घंटे की ही। मंगलवार को उनके पति की समर्थकों संग बैठक होनी थी जिसमे चुनावी रणनीति पर चर्चा होनी थी। इस लिए उन्होंने यह तस्वीर कहीं भी साझा नहीं की थी।

उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान गृहमंत्री ने उनसे जौनपुर में चल रहे चुनावी माहौल, जिला पंचायत क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे काम, जिले की समस्याएं आदि पर चर्चा की। श्रीकला ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के बारे में पूछने पर बताया कि वो पहले से ही बीजेपी से जुड़ी हैं। कुछ दिनों पूर्व बीजेपी द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में उन्होंने सबसे अधिक सदस्य बनाने पर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि बीच में कुछ समय के लिए हालात अलग हुए नहीं तो बीजेपी से जुड़ाव हमेशा रहा है।

'पप्पू' के गढ़ में सेंध...क्या बीजेपी रिकॉर्ड बनाने जा रही है?



नई दिल्ली। 77 साल के पप्पू.. विपक्ष का आरोप- पप्पू बीमार हैं- विपक्ष का ये भी आरोप है कि पप्पू की सरकार नहीं है, सरकार तो ब्यूरोक्रेसी की हैज्ये तो आरोप हैंज् लेकिन डेटा कुछ और कहते हैं. साल 2000 से वह एक राज्य के पावर सेंटर हैं, फिर क्यों साल 2009 के बाद यानी की 15 साल बाद गठबंधन की बात कर रहे थे. क्या पप्पू उम्र के साथ कमजोर हुए हैं? या फिर पप्पू के गढ़ में सेंध लग चुकी है? यहां पप्पू का मतलब नवीन पटनायक से है. ओडिशा वाले नवीन पटनायक से. ओडिशा के सीएम से कहा जाता है कि जब तक वह राजनीति में नहीं आए थे और विदेश से खास मौकों पर अपने राज्य में आते थे, तब तक लोग उन्हें घर के नाम पप्पू से ही जानते थे. उनके पिता और ओडिशा के पूर्व सीएम बीजू पटनायक उन्हें पप्पू ही बुलाते थे. बीजू पटनायक की मृत्यु के बाद उनके छोटे बेटे पप्पू यानी कि नवीन पटनायक ने विदेश से लौटकर उनकी राजनीतिक विरासत संभाली। लेकिन इस बार परिस्थितियों बदली हैं. फरवरी-मार्च के महीने में ये कयास लगाए जा रहे थे कि बीजेडी इस बार बीजेपी से गठबंधन करेगी. शायद इसीलिए बीजेडी ने अश्निनी वैष्णव को राज्यसभा में समर्थन दिया. इसके बाद पांच मार्च को बीजू पटनायक की जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी ओडिशा गए. उन्होंने नवीन पटनायक को अपना मित्र कहा. और यहीं से कयास लगे कि साल 2024 के लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव में बीजेपी और बीजेडी गठबंधन में उतरेंगी. लेकिन, ऐसा हो नहीं पाया. बीजेपी ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया।

सबसे पहले लोकसभा चुनाव के आंकड़ों की बात कर लें

ओडिशा में लोकसभा की 21 सीटें हैं। साल 2014 में बीजेडी ने 21 में से 20 सीट जीत ली थी. उसे रिकॉर्ड 44.8% वोट मिला था. बीजेपी का वोट शेयर 21.9त्न था और उसे 1 सीट से संतोष करना पड़ा था. 5 साल बाद 2019 में बीजेडी के वोट शेयर में 1.5त्न की गिरावट आई और उसे 43.3त्न वोट मिला। दूसरी तरफ बीजेपी का वोट परसेंट 21.9% से 38.9% पर पहुंच गया. यानी की 17त्न का ग्रोथ हुआ. यही नहीं बीजेपी की सीट भी 1 से बढ़कर 8 हो गई. यानी कि 2014 के बाद से महानदी में काफी पानी बह चुका हैज् इन वर्षों में बीजेपी को जो ग्रोथ मिला है, उससे वहां के कार्यकर्ता उत्साहित हैं और उन्हें लगता है कि वे लोकसभा में 70% सीट जीत सकती है और राज्य में सरकार बनाने की स्थिति में आ सकती है।

बीजेपी की रणनीति

बीजेपी साल 2009 तक ओडिशा में बीजेडी की उंगली पकड़कर ही चलती थी. लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से बीजेपी ने अपनी रणनीति बदली और राज्य में विस्तार शुरू किया। बीजेपी के पास पहले राज्य में फेस नहीं थे. लेकिन फिर धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव जैसे नेताओं को केंद्रीय स्तर पर और राज्य में जुएल ओराम, जय बैजयंत पांडा, मनमोहन सामल जैसे नेताओं को आगे करके बीजेपी ने राज्य के समीकरण बदल दिए।

पूर्वांचल में 25-29 के बीच सियासी घमासान

पीएम मोदी, राहुल, अखिलेश व मायावती की होगी जनसभा

वाराणसी। पूर्वांचल की सीटों पर छठे और सातवें चरण में चुनाव है। बुधवार को सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया। 17 मई को नामवापसी की तिथि पूरी होने के बाद गाजीपुर समेत पूर्वांचल की आठ सीटों पर तस्वीर साफहोगी।

इसी कड़ी में वीरों की धरती गाजीपुर की सरजमीं से भी सियासी तीर चलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती समेत कई दिग्गज नेताओं के कार्यक्रम तय हो रहे हैं। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व प्रियंका गांधी की भी मौजूदगी के संकेत मिल रहे हैं। 25 से 29 मई के बीच पूर्वांचल में सियासी घमासान के आसार बन रहे हैं। प्रचार के मामले में गाजीपुर में भाजपा फिलहाल अन्य दलों से आगे है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक यहां का दौरा कर चुके हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आदि बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी है। मप्र के सीएम मोहन यादव का कार्यक्रम 19 को तय है। वहीं, बसपा प्रत्याशी डॉ. उमेश सिंह के पक्ष में पार्टी सुप्रीमो मायावती की भी जनसभा 28 मई को प्रस्तावित है। इससे पहले वे 19 को घोसी व 21 को जौनपुर में सभा करेंगी। गाजीपुर की सपा इकाई पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव यादव के साथ -साथ इंडी गठबंधन के नेताओं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की सभा और रोड शो की तैयारी में जुट गई है। 25 से 29 के बीच में ये नेता रैली और रोड शो कर गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने कला केन्द्र का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कला केन्द्र निरीक्षण पर पहुंचे और वहां पर कलाकारों से मुलाकात की। डॉ. सिंह ने सभी से परिचय लेते हुए आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रदान करने के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को विभिन्न सीखने के लिए मंच प्रदान करना है। इस समय यहां गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम इत्यादि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां एक रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पुल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

लालच में फंसकर युवती ने गंवाई साढ़े 8 लाख रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। लक्ष्मीनगर टिकरापारा में ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने युवती से 8लाख 50680 रुपए का धोखाधड़ी किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पिंकी साहू 29 वर्ष लक्ष्मीनगर टिकरापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाइल नंबर 96291-64513 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने आन लाईन टास्क पुरा करने पर ज्यादा पैसा कमाने का झांसा देकर प्रार्थिया को अपने जाल में फंसाया और उससे अलग-अलग खातों में 8,50,680 रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया।

5 एकड़ भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर ननि ने लगाई रोक

■ प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी अवैध मुरूम रोड-प्लाट की डीपीसी को काटकर हटाया गया, निर्माणाधीन भवनों के विद्युत कनेशन कट

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 के तहत बोरियाखुर्द से लगकर दुर्गा विहार ड्रंडा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर अभियानपूर्वक कड़ी कार्यवाही करते हुए रोक लगायी गयी। रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल एवं नगर निवेशक निषीकांत वर्मा के नेतृत्व एवं जोन 10 कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, नगर निवेश सहायक अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 10 उपअभियंता अतुल कुमार सिंह की उपस्थिति में श्रीडी एवं श्रमिकों की सहायता से जोन 10 के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्षेत्र में बोरियाखुर्द से लगकर दुर्गा विहार ड्रंडा में अज्ञात लोगो द्वारा लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई। अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा बनायी गयी अवैध मुरूम रोड को श्रीडी से काटा गया। प्लाटिंग के लिये की गई सभी प्लाटो की डीपीसी को हटाने की कार्यवाही की गई। बनायी गयी नींव को श्रीडी से तोड़ा गया। वहां पहुंचने का मार्ग बाधित किया गया। वहां स्थित निर्माणाधीन भवनों के अवैध विद्युत कनेक्शनों को विद्युत पावर कंपनी की सहमति से तत्काल काटने की कड़ी कार्यवाही की गई। जोन 10 जोन कमिश्नर ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार बोरियाखुर्द से लगकर दुर्गा विहार ड्रंडा में लगभग 5 एकड निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। जोन 10 नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी शीघ्र नगर निगम जोन 10 को उपलब्ध करवाने कहा गया है। जानकारी आते ही शासन के अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

अरमान नाला की पोकलेन मशीन से की गई सफाई, आयुक्त मिश्रा ने किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में मानसून पूर्व नालो एवं नालियों की स्वच्छता का अभियान निरंतर प्रगति पर है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के तहत आने वाले अरमान नाला राजा तालाब में जोन 3 स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नाले में पोकलेन मशीन के माध्यम से वर्षा पूर्व सफाई के अभियान की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री उमेश नामदेव एवं स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में किया। बारिश पूर्व अरमान नाला क्षेत्र की पूर्ण सघन सफाई तेजी से करवाने पोकलेन मशीन नाले में लगायी गयी है। अरमान नाला में जोन 2 एवं जोन 4 के नालो का गंदा पानी भी आकर निकास होता है। आयुक्त ने अरमान नाला की पोकलेन मशीन से सफाई के कार्य की प्रगति को देखा। आयुक्त ने पोकलेन के माध्यम से सम्पूर्ण नाला क्षेत्र की मानसून की पहली बारिश आने के पूर्व सघन सफाई सुनिश्चित करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सुगम निकास प्रबंधन कायम करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने सुव्यवस्थित सफाई कार्य सभी नालो एवं नालियों के क्षेत्र में करवाने निर्देशित किया ताकि जल भराव की समस्या रहवासी क्षेत्रों में मानसून की बारिश के दौरान न आने पाये।

भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो ईई का वेतनवृद्धि रोकने का आदेश

■ मुख्यमंत्री साय ने कहा गड़बड़ी के खिलाफ होगी कार्यवाही

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पीडब्लूडी विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। जहां दो कार्यपालन अभियंता अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है।दोनों अधिकारियों ने क्रय नियमों का उल्लंघन कर खरीदी में भ्रष्टाचार किया था। जिसके बाद दोनों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीडब्लूडी विभाग में ईई के पद पर पदस्थ एफ टोप्पो और नरसिंह पैकरा ने नियमों को ताक पर रखकर खरीदी की थी। जिसके बाद दोनों अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। एफ टोप्पो पीडब्लूडी के नारायणपुर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे और नरसिंह पैकरा पीडब्लूडी के कांकेर संभाग में ईई के पद पर पदस्थ थे। भ्रष्टाचार उजागर होने के बाद मामले की जांच की गई और पुष्टि होने के बाद दोनों के खिलाफ एक्शन लिया गया है। इस पूरे मामले को लेकर विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि, जहां भी गड़बड़ी मिलेगी वहां कड़ी करवाई की जाएगी। यह बाकी अधिकारियों के लिए भी एक संदेश है कि, अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाएं और विधिसम्मत काम करें। यदि कोई भी गड़बड़ी मिलेगी तो कार्रवाई होगी।

जोन 3 ने निकाली डेंगू जनजागरूकता रैली

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज 16 मई राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर श्रीमा समुदाय के साथ पर नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन 7 के विषय संवेदनशील क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न स्थानों में जन-जन के मध्य मच्छरजनित रोग डेंगू को लेकर पोस्टर, कूलरों में एंटी लार्वा परीक्षण, गड्ढों जिनमे पानी भरा हो में एंटी लार्वा छिड़काव कर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जोन 7 के विषेश संवेदनशील क्षेत्रों में रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने जोन 7 स्वास्थ्य विभाग के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आदित्य हजारी सहित स्वास्थ्य अमले के साथ निरीक्षण किया एवं नागरिको के मध्य मच्छरजनित रोग डेंगू को लेकर राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जनजागरण अभियान जनस्वास्थ्य जागरूकता को लेकर चलाया। वहीं नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री उमेश नामदेव की उपस्थिति में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं एवं निगम स्वास्थ्य अमले सहित जोन के विभिन्न मार्गो पर राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू जनजागरूकता रैली निकालकर आमजनों को मच्छरजनित रोग के प्रति जागरूक बनाया गया।

अभियान के तहत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिको को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के साथ मच्छरजनित रोग डेंगू के कारणों, लक्षणों सहित बचाव संबंधी बिन्दुवार जानकारी स्थल पर दी गई।

चार चरणों तक हिन्दू-मुसलमान करने वाले हार के भय से बयान बदल रहे हैं : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके है। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। उनके हिन्दू, मुस्लिम और मीट, मटन, मंगलसूत्र को जनता ने नकार दिया है। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिन्दू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते है जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश भर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से ऐसे बयान देने को मजबूर हो गये है। यही जनता के वोट की ताकत है। जनता के मत के सामने बड़े-बड़े की हेकड़ी निकल जाती है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता बल, धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर चुनाव प्रचार कर रहे है। राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे है। देश में मोदी सरकार और मोदी के खिलाफएंटी इंकम्बेंसी है।

जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी है। देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी ही बनेंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेस पांच न्याय और 25 गारंटी को लागू करेगी जिससे देश में आर्थिक और सामाजिक असमानता दूर होगी।

राजस्व वसूली करने पर निगम अमले ने राजस्व विभाग और बैंक को सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2023-24 में रायपुर नगर निगम हेतु 283 करोड रू. से अधिक की राजस्व वसूली करने के कार्य की सराहना करते हुए नगर निगम राजस्व अमले एवं कोटक महेन्द्रा बैंक को सम्मानित किया है।

शहीद स्मारक भवन के सभागार में आयुक्त ने वर्ष 2023-24 हेतु सर्वाधिक राजस्व वसूली करने हेतु संयुक्त रूप से जोन 8 एवं जोन 10 की राजस्व टीम को प्रथम स्थान एवं जोन 2 राजस्व टीम को द्वितीय स्थान पर आने के लिए सराहा एवं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने व्यक्तिगत रूप से राजस्व वसूली कार्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, बलदाऊ वर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी सर्वश्री प्रेमचंद दुबे जोन 2, महादेव रक्सेल जोन 3, अमरनाथ साहू जोन 7, प्रमोद जाधव जोन 8, विजय शर्मा जोन 9 सहित वर्ष 2015-16 से नगर निगम राजस्व विभाग को आनलाईन सिस्टम में शामिल करने जीआईएस सर्वेक्षण कार्य के तहत वर्ष 2015-16 से तत्कालिन नगर निगम आयुक्त रजत बंसल एवं उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देश पर निरंतर कार्यरत आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे, जोन कमिश्नरों की उपस्थिति में वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ठ राजस्व वसूली कार्य करने हेतु 24 राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों, आईटी टीम के 10 कम्प्यूटर आपरेटरगणों, कोटक महेन्द्र बैंक के निर्देश जैन, एंटीट आईटी सपोर्ट के कार्य को सराहते हुए उन्हें प्रमाण पत्र मंच पर प्रदत्त कर सम्मानित किया। आयुक्त द्वारा प्रत्येक जोन के वार्डवार उत्कृष्ठ राजस्व वसूली करने वाले 25 सहायक राजस्व निरीक्षको को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे के मार्गदर्शन में वर्ष 2023-24 में 283 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली करने के उत्कृष्ठ राजस्व वसूली हेतु सराहा।

भाजपा सरकार नक्सल नीति पर मति भ्रम की शिकार : सुशील शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। मंत्री रामविचार नेताम के नक्सलवाद को लेकर दिये गये बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि वरिष्ठ मंत्री का यह कहना कि नक्सली भाजपा नेता को मारते है कांग्रेस के क्यों नहीं? बेहद आपत्तिजनक बयान है। कांग्रेस से ज्यादा नक्सलवाद का दंश कौन झेला है।

झीरम में कांग्रेस के 31 नेताओं की हत्या हुई थी। भाजपा सरकार बनने के बाद चार कांग्रेस नेताओं की हत्या हुई है। प्रदेश सरकार का मंत्री नक्सल हत्याओं को कांग्रेस भाजपा की तराजू पर तौल रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बस्तर में लगातार हो रही नक्सल हत्या के लिये भाजपा की विष्णुदेव सरकार की अकर्मण्यता और अनिर्णय वाली नीति जवाबदार है। राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है नक्सली गतिविधियां बढ़ गयी है। सरकार तय नहीं कर पा रही कि नक्सल मामले में उसे क्या करना है, इसी कारण नक्सली गतिविधियां बढ़ गयी है। सरकार के अनिर्णय वाले स्थिति का खमियाजा बस्तर के लोगो को भुगतना पड़ रहा है। आदिवासी एक बार फिर सुरक्षाबलों नक्सलवाद के दो पाटों में पिस रहे है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 10 किलो अनाज मिलेगा : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा सरकार बनने पर 10 किलो अनाज देने की घोषणा का कांग्रेस ने स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 10 किलो अनाज दिया जाएगा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने प्रति परिवार 35 किलो चावल दिया जिसे भाजपा सरकार बंद कर प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल दे रही है, जो गरीबों के साथ अन्याय है। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने राईट टू फूड भोजन का अधिकार कानून लागू किया था जिसके चलते ही केंद्र सरकार प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज दे रही है। अब उसमें बढ़ोतरी किया जाएगा। बीते 10 साल में मोदी सरकार ने गरीबों पर अत्याचार किया है, हर वर्ग रोजी, रोजगार के गंभीर संकट से जूझ रहा है। महंगाई, बेरोजगारी देश की मूल समस्या हो गई है और इससे निजात देने के लिए कांग्रेस ने चुनाव में अनेक घोषणा की हैं और योजना बनाई है जिस पर देश की जनता भरोसा कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 4 जून को केंद्र से भाजपा सरकार की विदाई सुनिश्चित हो चुकी है। जनता, भाजपा सरकार के तानाशाही और मनमानी से हताश और परेशान है।

टायर किलर लगाने एमव्ही एक्ट में कोई प्रावधान ही नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की व्यस्त सड़कों पर तथा कई प्रमुख मार्गो पर टायर किलर लगाया गया है। यातायात विभाग द्वारा यातायात को व्यवस्थित रखने तथा गलत दिशा से गाड़ी लेकर आने-जाने वालों पर नकेल कसने यह उपाय किया था। सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में स्पष्ट हुआ है कि टायर किलर लगाने का मोटर व्हीकल एक्ट में कहीं कोई प्रावधान ही नहीं है। आरटीआई कार्यकर्ता कुणाल शुक्ला ने टायर किलर को लेकर आवेदन लगाया हुआ था। कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक एवं जनसूचना अधिकारी, यातायात रायपुर ने ये बताया कि टायर फाड़ने वाले स्पीड ब्रेकर लगाए जाने के संबंध में मोटर व्हीकल एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है। ज्ञात हो कि शहर के एक्सप्रेस वे सहित कई जगहों पर टायर किलर लगाया गया था।

युवा में हाई ब्लड प्रेशर का बढ़ता प्रभाव : डॉ. सुशील

आज वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे

डॉ. सुनील गौनियाल वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। हाई ब्लड प्रेशर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया जाता है। वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे की थीम है अपने ब्लड प्रेशर को सही ढ़ग से मापें, नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ़ मेडिसिन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 1.39 बिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं और भारत में लगभग 33% शहरी और 25% ग्रामीण लोग हाइपरटेंशन से प्रसित हैं। यह स्थिती आपको महिलाओं की तुलना में पुरुषों में ज्यादा देखने को मिलती है। पहले इसके मामले केवल बड़ी उम्र/वृद्ध लोगों में आम थे, लेकिन अब इसके मामले युवा पीढ़ी में भी देखने को मिलते हैं। सलाहकार कार्डियोलॉजी एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर ने बताया कि हाइपरटेंशन का असर हमारे हृदय पर बहुत ही घातक रूप में होता है और ऐसे में हमें बहुत सावधानियां बरतने की जरूरत है। हाइपरटेंशन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि इसके कोई सटीक लक्षण नहीं होते हैं लेकिन कुछ लक्षणों को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए जैसे कि - सिरदर्द, थकान और सुस्ती होना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सीने में दर्द, सांसे तेज चलना या सांस लेने में तकलीफ होना, आंखों से धुंधला दिखना, नाक से खून आना। इससे बचाव के लिए समय-समय पर अपना ब्लड प्रेशर चेक करें, वजन को नियंत्रण में रखें, नियमित रूप से व्यायाम करें, खाने में नमक का सेवन कम करें, तनाव कम ले, खाने में कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर चीजों का सेवन ज्यादा करें,धूम्रपान और शराब के सेवन से बचें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। इसके साथ ही यदि किसी भी प्रकार के हाइपरटेंशन से जुड़े गंभीर लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

प्राथमिक हाइपरटेंशन बिना किसी सटीक कारण के, उम्र बढ़ने के साथ विकसित होता है लेकिन सैकेंडरी हाइपरटेंशन कम उम्र में होता है और इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे अधिक नमक का सेवन करना, धूम्रपान करना, मधुमेह, मोटापा, गुर्दा रोग, थायरॉयड समस्याएं, मानसिक तनाव, नींद की कमी और अनुचित खान-पान। हाई ब्लड प्रेशर से हृदय रोग, स्ट्रोक, डिमेंशिया और किडनी की बीमारी जैसी और अन्य बीमारियां होने का खतरा अधिक होता है। हाइपरटेंशन एक चुनौती हो सकती है, लेकिन यह प्रबंधनीय है, अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखें और एक स्वस्थ भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

अवंति बाई तालाब से निर्मल गंगा कार्यक्रम की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों एवं नगरवासियों के द्वारा 14 मई मंगलवार को गंगा सप्तमी के पावन पर्व पर मां गायत्री और गंगाजी की पूजा व महाआरती करके नदियों व सरोवरों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

इसकी शुरुआत रायपुर के अवंति विहार स्थित तालाब की सफाई कर की गई। गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि रायपुर के जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने ''जल ही जीवन है एवं वृक्ष हमारे जीवन साथी है'' के उद्घोष के साथ रायपुर में निर्मल गंगा अभियान की शुरुआत की। श्री निषाद ने बताया कि ''जल है तो कल है'' भावी पीढ़ी के जीवनयापन हेतु जल का संरक्षण एवं संवर्धन अतिआवश्यक है। हमे स्वच्छ जल तभी प्राप्त होगा जब हम अपने आस-पास के जलस्त्रोत जैसे सागर, नदी, तालाब, नलकूप आदि स्थानों पर स्वच्छता बनाये रखेंगे। भारतीय परंपरा में वरुण देव के माध्यम से जल की पूजा की जाती है एवं देव वहीं निवास करते हैं जहां स्वच्छ वातावरण रहता है इसलिये भी हमें जलस्त्रोतों में सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिये।

गायत्री परिवार द्वारा चलाये गये निर्मल गंगा अभियान के तहत जलस्त्रोतों की सफाई का कार्य निरंतर जारी रहेगा। गंगा सप्तमी के पावन दिन पर स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनने के लिये अनेक युवावर्ग एवं श्रद्धावासी अवंती विहार स्थित तालाब पहुंचे जहां सुबह 08 बजे से 11 बजे तक लोगों के द्वारा फावड़ा व डंडे ,झाडू के माध्यम से तालाब में फैले जलकुंभी एवं प्लास्टिक के कचड़े को बाहर निकाला गया तथा तालाब के आसपास झाड़ू लगाकर सफाई की गई। सफाई उपरांत वृक्षारोपण भी किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में हरियाली दीदी की नाम से विख्यात अवंती विहार रायपुर निवासी पुष्पा साहू एवं उनके पति डॉक्टर कृष्ण कुमार साहू जी तथा नगर निगम रायपुर के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन में विभिन्न संगठनों के लोगों ने भी भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ के मंडल संरक्षक श्री दिलीप पाणीग्रही, उपजोन समन्वयक सी पी साहू व उर्मिला नेताम, तारा कश्यप, अनोखी निषाद आदि मौजूद रहे।

सुविचार

मदद एक ऐसी क्रिया है जो की जाए तो लोग उसे भूल जाते हैं और यदि मदद न की जाए तो लोग उसे जीवन भर याद रखते हैं। - अज्ञात

मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने की होड़

इस बार के लोकसभा चुनाव में भी मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने की राजनीतिक पार्टियों के बीच होड़ लग गई है। ये राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए ऐसी घोषणाओं की कड़ी निंदा जरूर करती हैं लेकिन खुद वे भी इसी राह पर चलती हैं। पहले पहल आम आदमी पार्टी ने यह फ्री वाला फार्मूला ईजाद किया था जिसकी वजह से नई दिल्ली में प्रचंड़ बहुमत से दो बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी। मुफ्त बिजली और पानी की घोषणा करके आम आदमी पार्टी ने पंजाब में भी दो तिहाई बहुमत से अपनी सरकार बना ली । इसके बाद से भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों के बीच मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की घोषणा करने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। अपने चुनावी घोषणा पत्रों में इन पार्टियों ने ऐसी लोक लुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। मतदाताओं का वोट बटोरने के लिए ये सभी पार्टियां तरह-तरह के प्रलोभन परोस रही हैं। कोरोनाकाल में मोदी सरकार ने देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को राहत देने के लिए हर माह पांच किलो अनाज देने की योजना लागू की थी। जिसे मोदी सरकार ने अब और आगे बढ़ा दिया है। मोदी सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस सहित आईएनडीआईए के अन्य नेताओं ने तंज कसा था। उनका कहना था कि मोदी सरकार लोगों को पांच किलो मुफ्त में राशन देकर अपना वोट बैंक मजबूत कर रही है। किन्तु अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की है कि केन्द्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने पर सभी को पांच किलो की जगह दस किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा। जिस दिन मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह घोषणा की। उसी दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रायबरेली में मोदी सरकार के पांच किलो मुफ्त राशन योजना पर सवालिया निशान लगा रही थी। इससे जाहिर है कि वोट कबाड़ने के लिए वोटों के ये सौदागर किसी भी हद तक जा सकते हैं। जिस योजना का वे विरोध करते हैं उसी योजना को और व्यापक रूप में लागू करने की घोषणा करने से नहीं हिचकते। पूर्व में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1 हजार रुपए देने का वादा अपने घोषणापत्र में किया था तो इसका कांग्रेस ने विरोध किया था। लेकिन छत्तीसगढ़ के तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को 1500 रुपए महीना देने की घोषणा कर दी थी। यह बात अलग है कि कांग्रेस की घोषणा का महिलाओं पर असर नहीं पड़ा। अब तो कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बीपीएल परिवार की हर महिला को एक लाख रुपए सालाना खटाखट देने की घोषणा कर रखी है। इसके अलावा किसानों की कर्ज माफी से लेकर मुफ्त बिजली पानी तक अनेक लोक लुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी गई है। यह सीधे- सीधे वोटों की खरीद फरोख्त है। जिस पर रोक लगनी चाहिए लेकिन समझ में नही आता कि चुनाव आयोग मुफ्तखोरी को बढ़ाने वाली ऐसी योजनाओं की घोषणा पर क्यों चुप्पी साधे बैठा है?

स्वाति मालीवाल मामले में बुरे फंसे केजरीवाल

नई दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की कथित पिटाई का मामला नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गले की हड्डी बन गया है। जो न तो निगलते बन रहा है और न ही उगलते बन रहा है। सीएम अरविंद केजरीवाल के निवास में उनसे मिलने गई राज्यसभाा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री के पीए विभव कुमार ने बदसलूकी की। इसके खिलाफ स्वाति मालीवाल ने पुलिस में फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी कि सीएम हाउस में विभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की है। बाद में वे पुलिस थाना भी पहुंचीं लेकिन लिखित शिकायत दर्ज कराए बिना वापस आ गईं। जाहिर है उन पर रिपोर्ट न करने का दबाव पड़ा था। जब इस मामले को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। तब कही जकर घटना के 36 घंटे बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने पत्रकारवार्ता लेकर स्वाति मालीवाल के साथ अभद्र व्यवहार की बात कबूल की और बयान दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस घटना का संज्ञान लिया है। और कार्यवाही करने की बात कही है। किन्तु अभी तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। लखनाऊ दौरे के दौरान अरविंद केजरीवाल से जब पत्रकारों ने स्वाति मालीवाल को लेकर सवाल किया तो केजरीवाल चुप्पी साध गए और संजय सिंह को आगे कर दिया। जिन्होंने इस बारे में गोल मोल जवाब देकर भाजपा पर आरोप लगा दिया कि वह इस मामले में राजनीति कर रही है। जाहिर है स्वाति मालीवाल के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घिर गए हैं तो अब इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि ऐन लोकसभा चुनाव के दौरान यह मामला सामने आने के कारण आम आदमी पार्टी का नई दिल्ली में खेल बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है।

प्रेरक प्रसंग

माँ की सीख

ईश्वरचंद विद्यासागर के बचपन की यह एक सच्ची घटना है। एक सवेरे उनके घर के द्वार पर एक भिखारी आया। उसको हाथ फैलाये देख उनके मन में करुणा उमड़ी। वे तुरंत घर के अंदर गए और उन्होंने अपनी माँ से कहा कि वे उस भिखारी को कुछ दे दें। माँ के पास उस समय कुछ भी नहीं था सिवाय उनके कंगन के। उन्होंने अपना कंगन उतारकर ईश्वरचंद विद्यासागर के हाथ में रख दिया और कहा- जिस दिन तुम बड़े हो जाओगे, उस दिन मेरे लिए दूसरा बनवा देना अभी इसे बेचकर जरूरतमंदों की सहायता कर दो। बड़े होने पर ईश्वरचंद विद्यासागर ने अपनी पहली कमाई से अपनी माँ के लिए सोने के कंगन बनवाकर ले गए और उन्होंने माँ से कहा- माँ! आज मैंने बचपन का तुम्हारा कर्ज उतार दिया । उनकी माँ ने कहा- बेटे! मेरा कर्ज तो उस दिन उतर पायेगा, जिस दिन किसी और जरूरतमंद के लिए मुझे ये कंगन दोबारा नहीं उतारने होंगे। माँ की सीख ईश्वरचंद विद्यासागर के दिल को छू गयीं और उन्होंने प्रण किया कि वे अपना जीवन गरीब-दुखियों की सेवा करने और उनके कष्ट हरने में व्यतीत करेंगे और उन्होंने अपना सारा जीवन ऐसा ही किया। महापुरूषों के जीवन कभी भी एक दिन में तैयार नहीं होते। अपना व्यक्तित्व गढ़ने के लिए वे कई कष्ट और कठिनाइयों के दौर से गुजरते हैं और हर महापुरूष का जीवन कहीं न कहीं अपनी माँ की शिक्षाओं से बहुत प्रभावित रहता है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:37, सूर्यास्त : 07:01, चन्द्रोदय : 12:40, चन्द्रास्त : 25:56, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : वैशाख, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : व्याघात, प्रथम करण : बव (06:22 तक), द्वितीय करण : बालव (19:33 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : सिंह, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मेष (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:41, अमृत काल : 15:33 से 17:20, रवियोग : 18:14 से 29:22, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:25, गोधूलि मुहूर्त : 19:03 से 19:24, सायाह्न सन्ध्या : 19:04 से 20:06, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:34, राहुकाल : 12:00:56 से 13:39, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 05:23 से 07:05, दुर्मुहूर्त : 09:56 से 10:51, होमाहुति : शुक्र , दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (06:22 से पृथ्वी), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : श्मशान में (06:22 से गौरी के साथ)।

मुकेश ऋषि

जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई वह दिन गंगा जयंती (वैशाख शुक्ल सप्तमी) और जिस दिन गंगाजी पृथ्वी पर अवतरित हुई वह दिन 'गंगा दशहरा' (ज्येष्ठ शुक्ल दशमी) के नाम से जाना जाता है इस दिन मां गंगा का पूजन किया जाता है. गंगा जयंती के दिन गंगा पूजन एवं स्नान से रिद्धि-सिद्धि, यश-सम्मान की प्राप्ति होती है तथा समस्त पापों का क्षय होता है. मान्यता है कि इस दिन गंगा पूजन से मांगलिक दोष से ग्रसित जातकों को विशेष लाभ प्राप्त होता है. विधिविधान से गंगा पूजन करना अमोघ फलदायक होता है. पुराणों के अनुसा गंगा विष्णु के अँगूठे से निकली हैं, जिसका पृथ्वी पर अवतरण भगीरथ के प्रयास से कपिल मुनि के शाप द्वारा भस्मीकृत हुए राजा सगर के 60,000 पुत्रों की अस्थियों का उद्धार करने के लिए हुआ था तब उनके उद्धार के लिए राजा सगर के वंशज भगीरथ ने घोर तपस्या कर माता गंगा को प्रसन्न किया और धरती पर लेकर आए। गंगा के स्पर्श से ही सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार संभव हो सका, इसी कारण गंगा का दूसरा नाम भागीरथी पड़ा।

मां गंगा पतित पावनी, कलुषहारिणी

भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म में गंगा को मां कहने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। गंगा एक पवित्र नदी ही नहीं, भारतीय संस्कृति की एक गौरवशाली सरिता है। देवनदी, जाह्नवी, विष्णु पदा, शिवशीशधारिणी जैसे कोई 108 नाम इस नदी के हैं। 'महाभागवत' में 'गंगा अष्टोत्तरसरशत नामावली' मिलती है। यह इस नदी के पुण्य का ही प्रभाव है कि पातकी से पातकी तक इस नदी में निमज्ज न से पुण्यभश्लोमकी हुआ है। यह ऐसी नदी है, जिसका जिक्र ऋग्वेद से लेकर वर्तमान साहित्य तक में मिल जाता है। राजा भागीरथ के तप के प्रभाव से यह अलकनंदा से भगीरथी होकर भारत के कलिकलुष को धोती हई समुद्रगामी हुई। गंगा दशहरा या गंगादशमी का पर्व 10वीं सदी पूर्व से ही मनाया जाता रहा है। भोजराज ने 'राजमार्तण्ड' में दशपापों के निवारण के पर्व के रूप में इस दिवस का स्म रण किया है। जो दस पाप हरे, वह यह पर्व है। इन पापों का जिक्र सर्वप्रथम मनु ने अपनी स्मृति में किया है, जिनको यथारूप 'स्कंद पुराणकार' सहित अन्य पुराण, उपपुराणकारों ने भी उद्धृत किया है।



मूर्तिकला में गंगा की अभिव्यक्ति नई नहीं है। गुप्तकाल से ही स्त्री रूप में यह नदी कलशधारिणी नायिका के रूप में उत्कीर्ण की जाने लगी। विशेषकर द्वारशाखा के नीचे मूर्तिमय रूप में गंगा का न्यास मिलता है। अनेक रूपों और अनेक भावों में यह नदी रूप देवालय के दर्शनार्थियों को अपनी उपस्थिति से पापमुक्ति, कलुषहारिणी का संकेत देती है। एक ओर यमुना, दूसरी ओर गंगा। इन का समन्वय पश्चिम और पूर्वी संस्कृ तियों का संगम भी माना जाता है। कोई भी भाषा, धर्म-विचार हो, यहां अंततः एकता का दर्शन होता है। इसलिए भारत की संस्कृति को गंगा-जमनी भी कहा जाता है। गंगा जयंती हिन्दुओं का एक प्रमुख पर्व है. वैशाख शुक्ल सप्तमी के पावन दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई, इस कारण इस पवित्र तिथि को गंगा जयंती के रूप में मनाया जाता है. इस वर्ष 2024 में यह जयन्ती 14 मई मंगलवार को मनाई जाएगी. गंगा जयंती के शुभ अवसर पर गंगा जी में स्नान करने से सात्विकता और पुण्यलाभ प्राप्त होता है. वैशाख शुक्ल सप्तमी का दिन संपूर्ण भारत में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाता है, यह तिथि पवित्र नदी गंगा के पृथ्वी पर आने का पर्व है गंगा जयंती. स्कन्दपुराण, वाल्मीकि रामायण आदि ग्रंथों में गंगा जन्म की कथा वर्णित है. भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में दर्शाया गया है. अनेक पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं. गंगा नदी को भारत की नदियों में सबसे पवित्र नदी के रूप में पूजा जाता है. मान्यता है कि गंगा में स्नान करने से मनुष्य के समस्त पापों का नाश होता है।

लोग गंगा के किनारे ही प्राण विसर्जन या अंतिम संस्कार की इच्छा रखते हैं तथा मृत्यु पश्चात गंगा में अपनी राख विसर्जित करना मोक्ष प्राप्ति के लिये आवश्यक समझते हैं. लोग गंगा घाटों पर पूजा अर्चना करते हैं और ध्यान लगाते हैं. गंगाजल को पवित्र समझा जाता है तथा समस्त संस्कारों में उसका होना आवश्यक माना गया है. गंगाजल को अमृत समान माना गया है. अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है मकर संक्राति, कुंभ और गंगा दशहरा के समय गंगा में स्नान, दान एवं दर्शन करना महत्वपूर्ण माना गया है. गंगा पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है।

गंगा तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करता है गंगा जी के अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं जिनमें श्रीगंगासहस्त्रनामस्तोत्रम एवं गंगा आरती बहुत लोकप्रिय हैं. गंगा नदी हिंदुओं की आस्था का केंद्र है और अनेक धर्म ग्रंथों में गंगा के महत्व का वर्णन प्राप्त होता है गंगा नदी के साथ अनेक पौराणिक कथाएँ जुड़ी हुई हैं जो गंगा जी के संपूर्ण अर्थ को परिभाषित करने में सहायक है. इसमें एक कथा अनुसार गंगा का जन्म भगवान विष्णु के पैर के पसीनों की बूँदों से हुआ गंगा के जन्म की कथाओं में अतिरिक्त अन्य कथाएँ भी हैं. जिसके अनुसार गंगा का जन्म ब्रह्मदेव के कमंडल से हुआ. एक मान्यता है कि वामन रूप में राक्षस बलि से संसार को मुक्त कराने के बाद ब्रह्मदेव ने भगवान विष्णु के चरण धोए और इस जल को अपने कमंडल में भर लिया और एक अन्य कथा अनुसार जब भगवान शिव ने नारद मुनि, ब्रह्मदेव तथा भगवान विष्णु के समक्ष गाना गाया तो इस संगीत के प्रभाव से भगवान विष्णु का पसीना बहकर निकलने लगा जिसे ब्रह्मा जी ने उसे अपने कमंडल में भर लिया और इसी कमंडल के जल से गंगा का जन्म हुआ था. शास्त्रों के अनुसार बैशाख मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को ही गंगा स्वर्ग लोक से शिव शंकर की जटाओं में पहुंची थी इसलिए इस दिन को गंगा जयंती और गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है।

जिस दिन गंगा जी की उत्पत्ति हुई वह दिन गंगा जयंती (वैशाख शुक्ल सप्तमी) और जिस दिन गंगाजी पृथ्वी पर अवतरित हुई वह दिन 'गंगा दशहरा' (ज्येष्ठ शुक्ल दशमी) के नाम से जाना जाता है इस दिन मां गंगा का पूजन किया जाता है. गंगा जयंती के दिन गंगा पूजन एवं स्नान से रिद्धि-सिद्धि, यश-सम्मान की प्राप्ति होती है तथा समस्त पापों का क्षय होता है. मान्यता है कि इस दिन गंगा पूजन से मांगलिक दोष से ग्रसित जातकों को विशेष लाभ प्राप्त होता है. विधिविधान से गंगा पूजन करना अमोघ फ्लदायक होता है. पुराणों के अनुसार गंगा विष्णु के अँगूठे से निकली हैं, जिसका पृथ्वी पर अवतरण भगीरथ के प्रयास से कपिल मुनि के शाप द्वारा भस्मीकृत हुए राजा सगर के 60,000 पुत्रों की अस्थियों का उद्धार करने के लिए हुआ था तब उनके उद्धार के लिए राजा सगर के वंशज भगीरथ ने घोर तपस्या कर माता गंगा को प्रसन्न किया और धरती पर लेकर आए। गंगा के स्पर्श से ही सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार संभव हो सका, इसी कारण गंगा का दूसरा नाम भागीरथी पड़ा।

आज का इतिहास

17 मई 1749 में आज ही के दिन प्रसिद्ध कार्यचिकित्सक तथा 'चेचक' के टीके के आविष्कारक एडवर्ड जेनर का जन्म हुआ था। 1769 में आज ही के दिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए थे। 1918 में 17 मई के दिन ही भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति तथा टाटा समूह के शीर्ष सदस्य रूसी मोदी का जन्म हुआ था। 1953 में आज ही के दिन हिंदी सिनेमा की अभिनेत्री प्रीति गांगुली का जन्म हुआ था। 1975 में 17 मई को जापानी की जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनीं थीं। 1987 में भारत के महानतम बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। 2002 में 17 मई को ही पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव क़ब्रिस्तान से बरामद हुआ था। 2007 में आज ही के दिन भारत और पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू हुआ था। 2008 में आज ही के दिन तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया था। 2010 में आज ही के दिन भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी 6 स्वर्ण पदक जीत लिए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तेरी दुआ मेरे साथ है माँ

तेरी दुआ मेरे साथ है माँ बुरा-भला मेरे साथ है माँ गुनाह कुछ तो हुये हैं मुझसे मेरी ख़ता मेरे साथ है माँ सुलूके - दुनिया नहीं है अच्छा मेरी वफ़ा मेरे साथ है माँ मेरा तो घुटता है दम यहाँ पर मगर हवा मेरे साथ है माँ चली गई मुझको छोड़कर तू तेरा पता मेरे साथ है माँ कभी मुहब्बत से मुँह न मोड़ा ये सिलसिला मेरे साथ है माँ तेरा अकेले चले ये जाना ये हादसा मेरे साथ है माँ तुझे तो ख़्वाबों में देखे 'ऐनुल' मेरा खुदा मेरे साथ है माँ – **ऐनुल बरौलवी**

वो पहली सी मोहब्बत

वो पहली सी मोहब्बत, कशिश, सुनहरे पल, इंतजार, प्रेम में डूबना-उतरना वो पर्वतों में हरा हो जाना, वो हवाएं, वो फिज़ाएं मन से जाती नहीं ये यादें... हाथों से जा रहा ये हाथ है अब शायद यही है ज़िंदगी। –**नीरजा मेहता**

ख़ास पाती | भ्रष्टाचारियों को क्या उनके परिजनों

भ्रष्टाचारियों को क्या उनके परिजनों को भी पता होता है कि वे दोषी हैं परन्तु जमानत मिलने की खुशी जैसे अपराध मुक्त हो गये हों खैर जहां कोलेजियम जैसा सिस्टम हो जो स्वयं में ही भ्रष्टाचार की जननी से कम नहीं में यह पल्लवित होता रहेगा। जमानत पर आरती होगी फूल मालाओं से स्वागत होगा, देश अमानत में ख़्यानत वाले चारसौ बीस लोगों का अभ्यारण बन जाएगा। भविष्य में भ्रष्टाचार एक कला के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल हो जाए तो आश्चर्य नहीं। – **नवीन शंकर शर्मा**

दूर तक फैला समुंदर और मैं साहिलों

दूर तक फैला समुंदर और मैं साहिलों पर रेत का घर और मैं दिन तो गुज़रा दर-ब-दर रात आ गयी फिर उनींदी आँख बिस्तर और मैं तू नहीं केवल हवा के दोश पर घर मेरा, मेरा मुक़द्दर और मैं अब नहीं शिकवे कोई हमवार हूँ मिट चुके मेरे वो तेवर और मैं फिर बनी मिट्टी से मूरत फिर ढही पत्थरों की एक ठोकर और मैं एक ही सफ़में दिखे तीनों मुझे, ख़्वाहिशों के क़त्ल खंज़र और मैं फिर वही रूपम अजब मजबूरियाँ हिज़्र के इम्कान का डर और मैं – **निरूपमा चतुर्वेदी**

ये ज़िंदगी भी जैसे, कहानी लगे है

ये ज़िंदगी भी जैसे, कहानी लगे है। तसल्ली भी अब मेहरबानी लगे है।। आईने में जब देखता हूँ मैं खुद को। अब अपनी ही सूरत, पुरानी लगे है।। कौन सी उम्मीद लिए ,बैठा है दिल। सोचूं गर,कमल पानी पानी लगे है।। ग़ैरजरुरी बन गया हूँ अपनों में अब। मेरी मजबूरी भी नाफ़रमानी लगे है।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो – **कमलकांत डोंगरे**

कौन अपना या पराया समझ कुछ न आया

कौन अपना या पराया समझ कुछ न आया क्या खोया क्या पाया समझ कुछ न आया चौपालें खेल रहीं हैं बाजियां ताश की कनेरों पर खिलने लगीं कलियां पलाश की आंखो को कौतुक भारी किसकी है माया समझ कुछ न आया... घरों में उगने लगे कुकुर मुत्ते पेड़ खेतों को खाने लगी स्वयं अपनी मेड़ नवल पाठ्यक्रम कौन कहां किसने गढ़वाया समझ कुछ न आया भीत आंगन बीच अक्सर होती रहे दुखी सहम कर बरगद की जड़ें किस तरह हों सुखी छांव से ही डरने लगा छांव बैठ साया समझ कुछ न आया संवाद बैठ संवादों से करें है जुगाली विश्वासों ने विश्वासों की पगड़ियाँ उछाली उस थाली में छेद हो रहा जिसमें है खाया समझ कुछ न आया – **रजनी रामदेव**

हर शब्द छोटा है माँ के आगे

हर शब्द छोटा है माँ के आगे फिर भी मां सच कहूं, तो मां की गोदी ही जीवन में एक सहारा थी मझधार में डूबी कश्ती का, वही तो एक किनारा थी मैं जब-जब कुछ सोचा करती चेहरे से जान लिया करती चिंता जो झलके माथे पर झट से पहचान लिया करती मैं ही उसका साया थी या वह थी मेरा साया, घनी धूप में जीवन की, वही मात्र एक छाया थी मैं यही चाहती जीवन में हर घर में मां को प्यार मिले फ्ले फूले घर घर आंगन, मां को सब का दुलार मिले – **चंद्रकांता अग्निहोत्री**

जनता रूपी बकरी हर बार

जनता रूपी बकरी हर बार अपने लिए ज़ल्लाद बदल-बदल कर देखती है कि कौन कम पीड़ा देकर काटेगा। और यह बकरी अपने इसी काम को बहुत बहादुरी का काम समझकर डींग हाँका करती है । यह बहादुरी का काम बकरी पांच साल बाद ही कर पाती है। – **अरपित अनाम**

QUIZ TIME

1) भारत छोड़ो आंदोलन के समय कांग्रेस रेडियो का संचालन किसने किया था?

2) किस देश ने दुनिया का पहला मीथेन संचालित रॉकेट जुके-2 सफलतापूर्वक लॉन्च किया है?

3) दुलहस्ती पावर स्टेशन किस नदी पर स्थित है?

4) लार्ड डलहौजी के शासनकाल में चलाई गई पहली भारतीय रेल का नाम क्या था?

5) हाल ही में गुजरात के किस मशहूर फोटो जर्नलिस्ट का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उषा मेहता (2) चीन (3) चेनाब नदी (4) [illegible] (5) झवेरीलाल मेहता

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायक रहेगा। परिवार के सदस्य आपसे अधिक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे।

वृषः आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे।

मिथुनः आज का दिन पूर्वार्ध में अस्त व्यस्त रहेगा लेकिन आज आपके सभी कार्य सही दिशा में आगे बढ़ेंगे।

कर्कः आज के दिन आप अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास करेंगे। लोगो के आगे अपनी बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे बाहर से व्यवहारिकता लेकिन अंदर से ईर्ष्या और अहम की भावना रहेगी।

सिंहः आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध और अंत मे शुभ कर्म के लिये प्रेरित होंगे घर मे मांगलिक आयोजन होने से नई ऊर्जा का संचार होगा।

कन्याः आज का दिन बनते कार्यो में विघ्न खड़े करेगा। दिन का पहला भाग शांति से व्यतीत करेंगे लेकिन इसके बाद किसी ना किसी उलझन में फंसते ही रहेंगे।

तुलाः आज का दिन अकस्मात लाभ की प्राप्ती कराएगा लेकिन ध्यान रखें लापरवाही से कार्य करने पर आज जो विचार में नही रहेगा वह घटना घट सकती है।

वृश्चिकः आज का दिन आशानुकूल रहने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित नही रहेगी।

धनुः आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी भाग्य का साथ भी मिलने से सोची हुई योजनाए निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे।

मकरः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा खराब सेहत आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी फिर भी जबरदस्ती कार्य करेंगे जिससे कम समय मे अधिक थकान बनेगी।

कुंभः आज के दिन सार्वजिनक कार्यो आपका महत्त्वपूर्ण योगदान स्वयं के साथ परिजनों का भी मान बढ़ाएगा।

मीनः आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि करने वाला रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -059

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 058 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

महिला के जहर खाने की सूचना पर 112 ने बचाई जान

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य में जनकल्याण एवं आपातकालीन सेवा के द्रष्टिकोण से लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर कमांड सेंटर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम परसदा भटगांव निवासी इतवारा बाई पति अर्जुन केवट उम्र 45 वर्ष ने आपसी विवाद मे जहर का सेवन कर लिया। बिल्हा डॉयल-112 फरिश्ता बनकर कॉलर के घर पहुंची जहां एक महिला जमीन पर बेहोश पड़ी थी। आसपास कीटनाशक की तेज़ बू आ रही थी। महिला को अस्पताल ले जाने का कोई साधन नहीं था। मौके पर पहुंची 112 टीम द्वारा तत्काल 112 वाहन से बिल्हा में भर्ती कराया गया जिसे डॉक्टरों द्वारा इलाज पश्चात महिला की जान ख़तरे से बाहर होना बताया। इस प्रकार 112 के आरक्षक 959 जयशंकर साहू चालक दीपक कुमार की तत्परता एवं फुर्ती से महिला की जान बच सकी। महिला के परिजनों ने डॉयल-112 एवं बिलासपुर पुलिस के इस कार्यप्रणाली की सराहना की है। उन्होंने 112 पुलिस की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने आरक्षक के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया।

लोगों को बेहतर सुविधाएं देने वाले डाक कर्मी सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक अपनी बेहतर सुविधाओं के कारण आम लोगों की पहली पसंद है। डाक और भरोसा एक-दूसरे के पूरक हैं। ये भरोसा डाक विभाग के मेहनती कर्मचारियों के बदौलत बना है। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना हर डाक कर्मचारी का पहला दायित्व है। ऐसे दायित्व को बेहतर तरीके से निभाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित कर डाक विभाग भी गर्व महसूस कर रहा है। सुनीता द्विवेदी जनसंपर्क निरीक्षक प्रधान डाकघर बिलासपुर के द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी के अनुसार, ये विचार राजधानी रायपुर के पंडरी स्थित एक निजी होटल में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल वीणा एन श्रीनिवासन ने व्यक्त किया। उन्होंने बेहतर नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने वाले डाक कर्मियों के कार्यों की सराहना की। चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ने बिलासपुर प्रक्षेत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों कार्यों को विशेष तौर पर सराहा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर प्रक्षेत्र में लगातार नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इस अवसर पर सौरभ कुमार असाटी (सहायक निदेशक), आलोक कुमार गुमास्ता (सहायक निदेशक), जे एस पारधी (सहायक निदेशक), रवि कचेर (सहायक निदेशक), बिलासपुर संभाग के डाक अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद समेत अन्य उपस्थित रहे।

ग्राहक सेवा में बिलासपुर संभाग तत्पर

चीफ पोस्ट मास्टर जनरल ने कहा कि बिलासपुर संभाग ने ग्राहक सेवा की भूमिका में बेहद तत्परता से कार्य किया है। पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस में, ग्रामीण पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस समेत हर कार्य में बेहतर कार्य किया गया है। इसके लिए बिलासपुर के अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद, रवि साहू, मुकुंद माधव महतो, अविनाश दुबे व निवेदिता शुक्ला को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार पारूल श्रीवास्तव, सुमित कुमार सिंह व संध्या राजपूत को भी सम्मानित किया गया।

इन अधिकारी-कर्मचारी को मिला सम्मान

बिलासपुर संभाग के अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद को विविध सेवाओं से संबंधित खाता खोलने में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। बिलासपुर संभाग के पोस्ट मास्टर दीपक राही, कोरबा के पोस्ट मास्टर विजय कुमार दुबे, बालको नगर की पोस्ट मास्टर प्रिया चौहान, सक्ती के सब पोस्ट मास्टर बिहारी लाल गोंड, मस्तूरी के बीपीएम राजेश पांडेय, बिलासपुर मुख्य डाकघर के अभिकर्ता सतपाल सिंह को सम्मानित किया गया।

सराफा संघ का चुनाव जल्द कराने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का चुनाव नहीं होने को लेकर सराफा व्यवसायियों में जबरदस्त घमासान मचा हुआ है। 7 जनवरी को होने वाला चुनाव अब तक नहीं होने से बिलासपुर सराफा एसोसिएशन में आक्रोश है। 11 मई को चुनाव संबंधित एक पत्र जारी होने के बाद आक्रोश और ज्यादा भड़क गया है। चुनाव नहीं कराए जाने और हीलाहवाला किए जाने से बिलासपुर के सराफा व्यवसाई अब खुलेआम पूर्व पदाधिकारियों के विरोध में उतर आए है। बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुंचकर बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी,सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश शाह, कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील सोनी,संरक्षक अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, श्रीकांत पांडेय और कार्यकारिणी सदस्य शशांक स्वर्णकार ने पत्रकारों से संयुक्त रूप से चर्चा करते हुए बताया कि चुनाव को लेकर मंगलवार को बिलासपुर सराफा एसोसिएशन की आपात बैठक हुई है जिसके बाद छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के कार्यवाहक पदाधिकारियों को पत्र लिखकर अविलंब चुनाव कराए जाने की मांग की गई है।उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के कार्यकारिणी की अंतिम बैठक 23 जुलाई 2023 को हुई थी। उसमें जल्द चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया था क्योंकि कार्यकाल 2022 में खत्म हो गया था।

हैंड्स ऑन ट्रेनिंग में बताई गई मतगणना की बारीकियां

अधिकारियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण, संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से दी गई जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के पश्चात 4 जून को आयोजित मतगणना की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। मतगणना कार्य के लिए सहायक रिटर्निंग अफसरों और उनकी सहयोगी टीम को आज जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में चुनाव आयोग के मास्टर ट्रेनर के द्वारा सघन रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें सैद्धांतिक नियम कायदों के अलावा मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। राज्य में निर्वाचन आयोग के डिप्टी सीईओ यू.एस. अग्रवाल एवं राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह द्वारा मतगणना कार्य के संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण भी शामिल हुए। कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित कई प्रश्न भी मास्टर ट्रेनर से किए। प्रशिक्षण में बिलासपुर सहित मुंगेली जिले के 8 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और उनके सहयोगी मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल लगाये जाएंगे। प्रत्येक टेबल में तीन लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इनमें मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। प्रशिक्षण स्थल में ही मतगणना कक्ष का मॉडल बनाया गया। जहां हैंड्स ऑन ट्रेनिंग (खुद करके देखना) के जरिए प्रशिक्षणार्थियों ने मतगणना के बारे में सीखा। प्रशिक्षण में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम आरए कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, मुंगेली जिले की एडीशनल कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एमटी आलम, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित उन्हें सहायक मौजूद थे।

मतगणना 4 जून को मतों की काउंटिंग प्रक्रिया

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के बारे में बताया गया। डाक मतपत्र एवं कंट्रोल यूनिट के मतों की काउंटिंग की प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। सबसे पहले डाक मतपत्र एवं इटीपीबीएस की मतों की गणना की जाएगी। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया।

मुंबई मंडल में प्लेटफार्म विस्तार कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार हेतु स्टेशन व स्टेशन यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

रद्द होने वाली गाडियां-31 मई को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा- सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 2 जून को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी । **गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाडियाँ**-16 मई से 31 मई तक हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 18 मई व 31 मई 2024 को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई को हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। 31 मई व 01 जून को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-सीएसएमटी एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। **गंतव्य से पहले प्रारंभ होने वाली गाडियाँ**-1 जून को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 2 जून को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 1 व 02 जून को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन से प्रारम्भ होगी। 1 जून 2024 को सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12105 सीएसएमटी-गोंदिया एक्सप्रेस

आनंद हास्य केंद्र ने सशिमं में लगाया हास्य योग शिविर

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बच्चों को विविध विधाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में आनंद हास्य योग केन्द्र विवेकानंद उद्यान व संजीवनी हास्य योग केन्द्र के सदस्य तिलकनगर स्थित शिशु मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों को हास्य योग विधाओं के बारे में बताया और क्रियाएं कराई। साथ ही उनसे होने वाले फायदे के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों को योग क्रियाएं भी कराई गईं और योग को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही गई। कार्यक्रम के दौरान अरविंद कोन्हेर, प्रकाश जोशी, शिव कुमार अग्रवाल, रमेश दुआ, वर्षा कोन्हेर,ज्योति जोशी, प्राचार्य राकेश पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

डेंगू से बचने बरतें सावधानी

डेंगू दिवस पर कलेक्टर ने जन जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला कार्यालय परिसर से डेंगू के नियंत्रण एवं बचाव के लिए जन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री पी. मजूमदार, कृष्णा कुमारी, जिला सलाहकार एवं जिला मलेरिया कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि डेंगू बीमारी एडिज नामक मच्छर के काटने से होती है। ये एडीज मच्छर प्रायः दिन के समय काटते है। उन्होंने बताया कि डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज सिर दर्ज व तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आखों के पीछे दर्द, जो कि आँखों को घुमाने से बढ़ता है। जी मचलना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुँह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना शामिल है। इससे बचाव के लिए पानी का जमाव न होने दे, क्योंकि एडीज के मच्छर स्थिर साफ पानी में पनपते है। कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने का पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सूखाकर प्रयोग करना चाहिए। नारियल का खोल, टूटे बर्तन व टायरों में पानी जमा न होने दें। इसके साथ ही एडिज मच्छरों से बचाव के लिए घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली एवं परदे लगाना चाहिए।

स्वच्छता जागरूकता फैलाने की एनटीपीसी कर्मचारियों ने ली शपथ

पखवाड़े भर होंगे स्वच्छता कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनटीपीसी सीपत में 16-31 मई तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 16 मई को अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एवं श्रीजित कुमार, महाप्रबंधक (सीपीजी-2) द्वारा ऊर्जा भवन में सभी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया गया।

शपथ समारोह के दौरान इस पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान वृहद पैमाने पर सफाई अभियान एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं बच्चों के लिए निबंध, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूकता फैलाने की दिशा में प्रयास किए जायेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन व एशोसिएशन के प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों ने सम्मिलित होकर स्वच्छता शपथ ली।

ट्रेन दुर्घटना के दौरान की जाने वाली राहत व बचाव कार्य का किया अभ्यास

आपदा के समय फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिक ही बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी संदर्भ में रेलवे द्वारा अपने फ्रंट लाइन स्टाफ, रेल आपदा प्रबंधन टीम एवं स्थानीय नागरिकों को ट्रेन में होने वाली संभावित दुर्घटनाओं का प्रदर्शन कर उस आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले राहत व बचाव कार्य से संबंधित तरीकों को अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए प्रशिक्षण दिये जाने की नियमित व्यवस्था है । इससे वे दुर्घटना के समय किए जाने वाले बचाव कार्य के तरीकों से अपडेट व अभ्यस्थ रहें व कम से कम समय में कुशलतापूर्वक राहत व बचाव कार्य कर सकें । साथ ही दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्य पद्धति एवं रेलवे आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता व क्रियाशीलता भी परखी जा सके। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल द्वारा बिलासपुर स्टेशन के एआरटी साईडिंग में आज प्रातः 10 बजे से सवारी गाड़ी में बम विस्फोट होने के कारण उत्पन्न हुई आपदा से निपटने के लिए किए जाने वाली बचाव व राहत कार्य का प्रदर्शन किया गया । यह अभ्यास प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 3री बटालियन मुंडाली (कटक) उडीसा, मंडल संरक्षा विभाग, रेल आपदा प्रबंधन टीम तथा सिविल डिफेंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रदर्शन में बिलासपुर स्टेशन के साईडिंग के पास समर स्पेशल ट्रेन के एक सामान्य कोच में बम विस्फोट होने से यात्रियों की मौत तथा घायल होने तथा कोच में आग लगने की सूचना प्रसारित की गई। साथ ही एक संदिग्ध पार्सल पेकेट देखे जाने की सूचना आरपीएफ़ तथा स्थानीय पुलिस विभाग को दी गई।

वेदों में बताए गए पर्यावरण व विज्ञान के महत्व पर होना चाहिए शोधः प्रो. प्रकाश

आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर ने किया सीवी रमन विश्वविद्यालय का भ्रमण

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अपनी पांच सदस्य टीम के साथ विजिट किया. उन्होंने विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, तकनीक, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास, सहित विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों को देखा और सराहा उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग पर शोध एवं वेदों में पर्यावरण एवं विज्ञान के महत्व सहित अनेक विषयों पर शोध करने पर सुझाव भी दिए. साथ ही साथ उन्होंने सी कॉस्ट सेंटर एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किए जा रहे उत्पादन को भी सराहा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय विज्ञान तकनीक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सहित सीजी कॉस्ट, कौशल विकास,ग्लोबल वार्मिंग सहित अनेक विषयों में कार्य कर रहा है. इसी क्रम में देश के विषय विशेषज्ञों को विजिट भी कराया जाता है। आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश एवं उनकी पांच सदस्य टीम का आगमन विश्वविद्यालय हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय को सूक्ष्म रूप से भ्रमण किया है, और विज्ञान तकनीक ज्ञान परंपरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों को उन्होंने देखा . साथ ही उन्होंने नई तकनीक, रिसर्च एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन पर भी विश्वविद्यालय को अनेक सुझाव दिए हैं। श्री शुक्ल ने बताया कि उन्होंने कौशल विकास और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में विद्यार्थियों के कार्य को देखकर यह भी कहा है, कि आईआईटी भिलाई में इन कार्यों के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि यहां के विद्यार्थी और आगे देशभर में इस दिशा में बेहतर कार्य कर सकें। श्री शुक्ल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केदो के भ्रमण के बाद उन्होंने वेदों में पर्यावरण एवं विज्ञान के चिंतन पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। विद्यार्थियों को इस दिशा में शोध के लिए प्रेरित किया।

रेलवे हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे हायर सेकेंडरी स्कूल नं 1 बिलासपुर का इस वर्ष 2023-24 का बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय में विज्ञान संकाय के आश्विन कुमार सिंह, 97.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे । इनका गणित विषय में 100 नंबर आया। इसी तरह से वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान कुमारी विंसी यादव ने प्राप्त किया जिनके 90.6 प्रतिशत अंक आए एवम कला संकाय में कुमारी सानिया देवांगन ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम 92.04 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं का विद्यालय का परिणाम 93.02 प्रतिशत रहा। कुमारी शाश्वती बरूई ने 95.8 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयुष कुमार सिंह 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर एवं सुमित गौतम 94.2 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के परिणाम पर मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पांडेय, नियंत्रण अधिकारी एवं वरि मण्डल कार्मिक अधिकारी बिलासपुर डॉ. अंशुमन मिश्र, सहायक कार्मिक अधिकारी ए रमेश बाबू एवं विद्यालय के प्राचार्य महेश बाबू ने विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई देते हुए लगातार आगे बढ़ते रहने के लिए आशीर्वाद दिया है।

स्वास्थ्य

छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना कर्मचारी हित में बड़ा कदम

छत्तीसगढ़, मप्र व पंजाब के बीच विचार विनिमय का एमओयू

बिलासपुर/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीम ने योजना की भरपूर सराहना की है। योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा उपरान्त मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को सफल परियोजना प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। उन्होंने इस योजना को मध्यप्रदेश पॉवर कंपनी में लागू करने की इच्छा जताई, वहीं पंजाब पॉवर कार्पोरेशन को इस योजना से नई राह मिली है। इस अवसर पर तीनों राज्यों की बिजली कंपनियों व छत्तीसगढ़ की क्रियान्वयन एजेंसी के बीच एक एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कैशलेस स्वास्थ्य योजना के मॉडल को मध्यप्रदेश तथा पंजाब में भी अपनाया जा सकता है।

इस बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर के चारों पॉवर कंपनियों से आये अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी व ताली बजाकर इस कार्य की प्रशंसा की। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रही है। जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को हो रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की यह योजना कर्मचारी, कंपनी व हॉस्पिटल सभी के लिए हितकारी सिद्ध हो रही है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के बारे में हमने सुना था यहाँ आकर इस योजना को पूरे मध्यप्रदेश की पॉवर कंपनियों में लागू करने में हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा है। यह योजना बहुत प्रभावी है। पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए डी.के. गोयल ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की कैशलेस योजना लागू की गई थी पर वह सफल नहीं हो सकी थी, यहाँ आकर हमने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य योजना का सूक्ष्मता से अध्ययन किया है। छत्तीसगढ़ में बहुत मेहनत से रिसर्च की गई और योजनाबद्ध ढंग से इसे लागू किया गया है। हमने जिन दिक्कतों का सामना किया था उनका समाधान इस योजना में है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की स्वास्थ्य योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है। कार्यक्रम में मानव संसाधन विभाग द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 59,097 हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। पंजीकृत हॉस्पिटलों की संख्या 267 हो चुकी है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक जनरेशन कंपनी एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश शुक्ला, मानव संसाधन विभाग के कार्यपालक निदेशक अशोक वर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद अग्रवाल, कैशलेस स्वास्थ्य योजना की टीम व मानव संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र द्वारा

न्यूज गैलरी

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर द्वारा 'छत्तीसगढ़ माओवाद उन्मूलन नीति' में उल्लेखित प्रावधान के तहत माओवादी हिंसा में मारे गए जिले के दो व्यक्तियों के आश्रितों के लिए पांच-पांच लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम मोरखंडी के मृतक मनोज कोवाची की पत्नी श्रीमती परमिता कोवाची के लिए पांच लाख रुपए और मृतक कुल्ले राम कतलामी की पत्नी श्रीमती नीला बाई कतलामी के लिए पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अंतागढ़ तहसील के ग्राम भैंसगांव निवासी इतवारू उइके के नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती लच्छोन्तीन के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण 18 से 7 जून तक

कांकेर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 से 7 जून तक समय सुबह 6 बजे से 8.00 बजे तक एवं शाम 5 से 7 बजे तक शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तैयारी को लेकर कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग में समन्वय बैठक डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में जिले के समस्त खेल संघ के पदाधिकारी एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे। जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया की इस वर्ष जिला स्तरीय खेल प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथेलटिक्स, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल और बैडमिंटन का प्रशिक्षण संबंधित खेल के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था के साथ प्रशिक्षक की व्यवस्था, प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के लिए शुद्ध पेयजल, पौष्टिक आहार आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा किया जाएगा।

एआईसीसी छत्तीसगढ़ की महिला नेत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ की महिला नेत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक छाया वर्मा को शिमला-04 लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला-04 लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।

कर्नाटक तेलंगाना में 19 मजदूरों को बनाया बंधक, 13 को छुड़ाया

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में स्थित दरभा ब्लाक के रहने वाले 19 मजदूरों को बंधक बना लिया गया था। जिसकी सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर ने मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए टीम को कर्नाटक और तेलंगाना पहुंचाया गया। इसके बाद कर्नाटक से 13 मजदूरों को सुरक्षित जगदलपुर लाया गया है। बताया जा रहा है कि जनवरी में दरभा के कोलेंग, काच्छीरास और मुण्डागड के रहने वाले 19 मजदूरों को अधिक पैसों के लालच देकर एजेन्ट ने कर्नाटक और तेलंगाना बुला लिया था।

वहां बुलाकर उन्हें सुपारी फैक्ट्री में काम करवाया था। इन मजदूरों की परिवार से बातचीत भी हो रही थी। लेकिन 4 महीने पूरा होने के बाद मजदूरों को परिजनों से बात करने के लिए मना कर दिया गया और उन्हें जबरन काम करवा कर बंधक बना लिया गया। सरपंच ने कराई शिकायत दर्जः इस मामले को लेकर जब इलाके के सरपंच ने दरभा जनपद में शिकायत दर्ज कराई तो प्रशासन ने तत्काल 4 सदस्यों की टीम को गठित कर कर्नाटक और तेलंगाना भेजा। इसके बाद कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्का जिले से 13 मजदूरों को सुरक्षित वापस लेकर टीम जगदलपुर पहुंची है।

अभी भी 6 मजदूर फंसे हुए

तेलंगाना के हैदराबाद में अब भी 6 मजदूर फंसे हुए हैं और उन्हें बापस लाने के लिए टीम हैदराबाद में पहुंच गई है। जिन्हें जल्द वापस लाने की तैयारी चल रही है।

वापस लौटे मजदूरों ने बताया कि, हमें वापस आने नहीं दिया जा रहा था और पैसे मांगने पर धमकी भी दी जा रही थी। जिसके बाद प्रशासन की मदद से वे सभी वापस आ गए हैं। इधर जिले के कलेक्टर ने कहा कि, कर्नाटक से सभी मजदूरों को वापस ले आया गया है और हैदराबाद में फंसे मजदूरों को भी जल्द वापस लाने की पहल की जा रही है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विजय कर्मा के निर्देश पर जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मितानिन के माध्यम से साफ सफाई के साथ-साथ वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्त्रोत नियंत्रण के बारे में भी बताया गया। मलेरिया अधिकारी डॉ विजय कर्मा ने बताया कि डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित मच्छर की काटने से होता है। जो तेज बुखार, आंखों के ऊपर दर्द, मांसपेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित जी मिचलाना और उल्टी सहित शरीर में लाल चकत्ते यह कुछ लक्षण है जिससे डेंगू का पता चलता है। गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। इसके लक्षण का पता चलने पर ही इसका उपचार किया जा सकता है बीमारी की स्थिति में ताल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है। जिले में डेंगू की जांच हेतु सभी प्रारंभिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्राप्त सुविधा उपलब्ध है जिले के आम जनों से अपील की जाती है कि इस प्रकार के लक्षण पता चलने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू की जांच अवश्य कराएं एवं इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें।

देव जात्रा में झूमते नजर आए भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग

कांकेर/नवप्रदेश। प्रदेश में लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। लोकसभा प्रत्याशियों के साथ ही नेता अपनी दैनिक दिनचर्या में लौट चुके हैं। कांकेर से एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में कांकेर लोकसभा बीजेपी प्रत्याशी भोजराज नाग और कांकेर विधायक आशाराम नेताम झूमते नाचते नजर आ रहे हैं। दोनों एक दूसरे के कंधे पर हाथ डाल नाच रहे हैं। देव जात्रा में झूमते नजर आए भोजराज नागः ये वीडियो देव जात्रा की है। कांकेर में देव जात्रा के दौरान बुधवार देर रात बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग और कांकेर विधायक आशाराम नेताम झूमते नाचते नजर आए। कांकेर के स्थानीय लोगों का ये दावा हैं कि भोजराज नाग के शरीर में देवी मां प्रवेश करती हैं। इसके बाद वो जमकर झूमते हैं। कांकेर लोकसभा प्रत्याशी को लोग बैगा कहते हैं। यहां के लोगों को कहना है कि भोजराज नाग को माता का आशीर्वाद प्राप्त है। नवरात्र में वह पूजा-पाठ भी करते हैं। यही कारण है कि उनको बस्तर का बैगा कहकर भी पुकारा जाता है। भोजराज नाग मेला, बस्तर देव जात्रा में अक्सर झुमते देखे गए हैं। बीते रात भी विधायक आशाराम नेताम के यहां हुए देव जात्रा में भोजराज नाग शामिल हुए और जमकर झूमे। भोजराज नाग कांकेर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी है। वहीं, बीरेश ठाकुर कांग्रेस प्रत्याशी है। चुनाव के बाद ये दोनों प्रत्याशी अपने-अपने दिनचर्या में लौट आए है। भोजराज नाग खुद भी कई बार ये दावा कर चुके हैं कि उनके अंदर माता प्रवेश करती हैं। सियासी बयानबाजी में भी उन्होंने खुद के बैगा होने और अपने शरीर में देवी के प्रवेश का जिक्र किया है।

राइस मिल पर श्रम और महिला बाल विभाग की संयुक्त टीम का छापा

■ आतुरगांव राइस मिल में आदिवासी नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

कांकेर/नवप्रदेश। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर बसे ग्राम पंचायत आतुरगांव स्थित राइसमिल पर काम करने वाली नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशा नेताम के हस्ताक्षेप के बाद मामले में राइस मिल संचालक घिरते नजर आ रहे है। आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के बाद श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा छापामार कार्यवाही से कांकेर जिले में संचालित राइस मिल की सारी पोल खोल कर रख दी है। इतना ही नहीं राइस मिल में महिलाओं को पुरुषों के साथ भेड़ बकरियों की तरह रखा जाना पाया गया। मजदूरों को इस तरह रखकर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

इतना ही नहीं महिला सशक्तीकरण के नारों की सारी सीमाओं को लांघते हुए महिला सशक्तीकरण की सरकार के सारे दावों की पोल खोलकर रख दी।

आदिवासी नाबालिग से दुष्कर्म पर एक्शन मोड़ में विधायकः कांकेर विधायक आशा राम नेताम ने आदिवासी नाबालिग के दुष्कर्म घटना के बाद कोतवाली पुलिस से लेकर श्रम विभाग महिला बाल विकास विभाग के अफसरों को जमकर फटकार लगाई। फटकार के बाद विधायक का गुस्सा तब फूटा जब राइस मिल में अफसर मौजूद थे। लेकिन राइस मिल संचालक घटना के बाद से फरार बताया गया। जिसकी गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर विधायक ने अफसरों को जमकर फटकार लगाते दो दिन के भीतर राइस मिल संचालक को गिरफ्तार कर मामले में निष्पक्ष जांच की बात कही है।

जांच में मिली संदिग्ध चीजेंः जांच करने पहुंची संयुक्त टीम ने आतुरगांव के राइस मिल में जांच करने पहुंची तो जांच टीम को राइस मिल में जहां लेबरों को रखा जाता था। वहां की स्थिति भयावह थी इसके अलावा जांच टीम को लेबरों के रुकने के स्थान से लेकर इर्दगिर्द संदिग्ध चीजें मिली है। जिसे जांच टीम ने रिपोर्ट में अंकित कर दिया है।

नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

अब सवाल यह उठता है कि आखिर आदिवासी नाबालिग लड़की के दुष्कर्म जैसी जघन्य घटना के बाद से राइस मिल संचालक के फरार होने से इस घटना से कई सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि अन्य राज्यों से आकर यहां रहने वालों पर क्या कार्यवाही होती है और विधायक के फटकार के बाद राइसमिल संचालक के खिलाफ कब तक कार्यवाही संभव हो पाती है यह तो आने वाला कल ही बता पाएगा! गौरतलब है कि आतुरगांव राइसमिल में हुई दुष्कर्म की घटना के बाद स्थानीय लोगों की माने तो उक्त राइसमिल की जमीन पर विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन आदिवासी वर्ग की होने की खबर मिली है। इसकी जांच होने पर ही खुलासा हो सकता है।

आशा राम नेताम विधायक कांकेर ने बताया की आतुरगांव राइसमिल में नाबालिग लड़की के दुष्कर्म जैसे मामले पर चुप्पी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिम्मेदार अफसरों को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही राइसमिल संचालक पर भी अपराध दर्ज करने कहा गया है। साथ ही जिले में संचालित राइस मिलों के मापदंड की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

आशा राम नेताम विधायक

महिला सशक्तिकरण विषय पर सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा

महिलाओं द्वारा ''अभिव्यक्ति ऐप'' से की गई शिकायतों पर त्वरित निराकरण हों

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस कार्यालय कांकेर के सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.कल्याण एलिसेला के निर्देशानुसार महिला सेल नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के नेतृत्व में बुधवार 15 मई को महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण, शिक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता सृजन के माध्यम से महिलाओं की स्थिति को बढ़ावा देने के उद्देश्य हेतु बैठक आयोजित की गई। इसमें नोडल अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे द्वारा उपस्थित सामाजिक संगठन एवं अन्य 55 सदस्यों के साथ घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, गुड टच-बैड टच, पॉक्सो एक्ट एवं महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम इत्यादि विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान एनआरएलएम के सदस्यों ने बताया कि महिलाओं पर हो रहे घटित अपराध या महिलाओं के विभिन्न समस्याओं का निराकरण में कई बार देर रात होने से अत्यधिक परेशानियों का सामना पड़ता है चूंकि पुलिस विभाग भी इस प्रकार के समस्याओं का भी समाधान करती है इसलिये यह निर्धारित किया गया कि पुलिस विभाग एवं एनआरएलएम संस्था दोनों आपसी सामंजस्य के साथ मिलकर ऐसी समस्याओं का समाधान करेगी व आने वाले समय में दोनों ही विभाग ग्रामीण स्तर पर जाकर अधिक से अधिक अवेयरनेस कार्यक्रम संचालन कर महिलाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करेगी। आयोजित बैठक में श्रीमती ममता प्रसाद जिला कार्यक्रम प्रबंधक(ह्ल्ररू), रवि कुमार साहू ब्लॉक परियोजना प्रबंधक, रविन्द्र सिंह ठाकुर ब्लॉक परियोजना प्रबंधक, उर्वशी यादव, गणिका साहू, बिमा गोडरा ट्रेनिंग एसोसिएट चैतन्य संस्था, सभी एरिया कॉडिनेटर, पीआरपी संगवारी जीआरसी के स्टेयरिंग कमेटी के सदस्य, जेंडर ट्रेनर, पुलिस कार्यालय से निरीक्षक शशिकला उईके, सउनि भुनेश्वरी भगत आदि उपस्थित थे।

प्रधान आरक्षक शिवलाल कोर्राम,

अनुकंपा नियुक्ति के लिए समाधान शिविर 22 को

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन आगामी 22 मई को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उक्त शिविर में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया जाएगा।

अपर कलेक्टर एस.अहिरवार की अध्यक्षता में अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्संबंध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरणों का संकलन किया गया। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति हेतु विभिन्न विभागों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें स्कूल शिक्षा विभाग के 22, स्वास्थ्य विभाग के 04, राजस्व, पशु चिकित्सा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कृषि एवं आदिवासी विकास विभाग के 02-02 और वन विभाग का 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। अपर कलेक्टर ने बताया कि उक्त प्रकरणों के अलावा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु यदि कोई पात्र अभ्यर्थी जो संबंधित पद की शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता रखता है, वह मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि जिन आवेदकों के पास वांछित दस्तावेज जैसे जाति प्रमाण-पत्र, निवास, वारिसान आदि प्रमाण पत्र नहीं हैं, वे समाधान शिविर में उपस्थित होकर तत्काल तैयार करा सकते हैं। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिविर में आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 19 जून को

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा इस संबंध में पूर्व में आवेदन फार्म वितरण करने हेतु प्रारंभिक तिथि 14 फरवरी 24 से प्रारंभ होकर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून तक निर्धारित की गई है। और प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 19 जून दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रिक्त सीट के विवरण अनुसार कक्षा 6वीं में 35, 9वीं 8, 11वीं में 18 सीट निर्धारित है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

वोट जिहाद की राजनीति...

पति त्रिपाठी के पोते ललितेश पति त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार बनाया है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में कोई अस्तित्व नहीं है और अब तो सपा ने भी मान लिया है कि इस चुनाव में उसके पास कुछ भी नहीं बचा है और उसका सफाया हो गया है। सपा के लोगों ने वह क्षेत्र छोड़ दिया है। सपा और कांग्रेस के लिए भदोही में अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो गया है, इसलिए वे यहां राजनीतिक प्रयोग कर रहे हैं। वे बंगाल में टीएमसी की राजनीति करना चाहते हैं।

टीएमसी की राजनीति का ...

दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार करने वाले टीएमसी विधायक कहते हैं कि वे भाजपा कार्यकर्ताओं को गंगा में डुबो देंगे और विडंबना यह है कि सपा यूपी को भी उसी दिशा में ले जाना चाहती हैं।

15 अगस्त तक 30 लाख...

आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा- आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा- आपका एक वोट।

किसानों की बदहाली के ...

पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि किसानों की बदहाली के बह रहे आंसू इनकों सबक सिखायेंगे। इनके शासनकाल में किसानों की हालत बद से बदतर हुई है और किसान इनसे 17 साल का हिसाब लेंगे।

फतेहपुर संसदीय क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कालेज में सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी सरकार में किसानों के ऊपर नैनो यूरिया थोपी गयी है, जिसका मालिक भारत छोड़कर भाग गया। महंगाई का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि 10 साल में दो बार यूरिया खाद की बोरी में चोरी की गयी है और उसका साइज छोटा किया गया जबकि रेट बढ़ाया। दस साल में भर्ती के पपेर लीक होने के कारण 7 लाख नौजवान रोजगार से दूर हो गये है। गरीबों को मिल रहे राशन की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसे लोग अपने जानवरों को खिला रहे हैं

केजरीवाल के पीए को भेजा ...

मालीवाल के साथ जो घटना घटी, वह अत्यंत निंदनीय है।

मीडिया के सवाल पर संजय सिंह ने पुरानी घटनाओं का किया जिक्र

सिंह ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में केजरीवाल की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन में मालीवाल को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा, ''पूरा देश आज तक दुखी है कि करगिल के सैनिक की पत्नी को मणिपुर में निर्वस्त्र घुमाया गया और भारत के प्रधानमंत्री चुप हैं। संजय सिंह ने आरोप लगाया, प्रज्वल रेवन्ना ने हजारों महिलाओं के साथ बलात्कार किया और उन्हें भाजपा ने देश से भागने की अनुमति दी। जब महिला पहलवान जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रही थीं तब दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के तौर पर मालीवाल वहां गईं, उन्हें पुलिस ने घसीटा और पीटा। उत्तर प्रदेश में, कुलदीप सिंह सेंगर और हाथरस के मामले में भारत के प्रधानमंत्री शांत रहे और कुछ भी नहीं कहा।''

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर ...

के खिलाफमजबूती से लड़ाई लड़ रही है।

अब प्रदेश के 3-4 जिलों में ही नक्सली बचे हैं और आगामी 2-3 वर्षों में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। कांग्रेस द्वारा इसे फेक एनकाउंटर कहे जाने पर अमित शाह ने गोस्वामी तुलसीदास के एक दोहे का उदाहरण देते हुए कहा कि जिसका बुरा समय आता है, भगवान सबसे पहले उसकी मति हर लेता है। कांग्रेस पार्टी के साथ यही हो रहा है।

कस्टम मिलिंग घोटाले में राइस मिल ...

आज तक नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के एमडी रहे मनोज सोनी को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया। अभी मनोज सोनी 28 मई तक जेल में रहेंगे। मनोज से पूछताछ के बाद ईडी ने राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी रोशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। ईडी को मनोज सोनी और रोशन के मोबाइल में मिले चैट, ट्रांजेक्शन के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

बागड़ ही खेत निगल ...

लेकिन मोहन मरकाम को काम करने की आजादी नहीं दी गई। संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए भूपेश बघेल से अनुमति लेना पड़ता था। इसका ताजा उदाहरण भिलाई के एक नेता अरूण सिसोदिया को मोहन मरकाम ने प्रदेश महामंत्री बना दिया.. यही भूपेश बघेल से रंजिश का कारण बना, जिसमें अरूण सिसोदिया को तो हटना पड़ा, साथ ही मोहन मरकाम को भी पद छोड़ना पड़ा।

...ऐसे में गायब हो जाएगी राजनीतिक पटल से कांग्रेस : 2023 के विधानसभा चुनाव हुए अभी 6 महीने बीते हैं। जिस जीत को भाजपा अपनी मेहनत, मशक्कत और विजन बता रही है वह कांग्रेसी नेताओं की आपसी फूट की वजह से जीती है न कि अपने घोषणा पत्र के आधार पर जीत दर्ज की है। ये बात कांग्रेसी समझने को तैयार ही नहीं है जिसका खामियाजा उसे हर चुनाव में भुगतना पड़ रहा है। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस जिसके गठन का उद्देश्य ही था गुलामी से मुक्ति, जिसके लिए लाखों ज्ञात-अज्ञात नेताओं ने कुर्बानी देकर देश को आजादी दिलाई। आजादी के 72 साल बाद यह राजनीतिक पार्टी कई बार टूटी और बिखरी और अब तो वह नेताओं की जागीर की तरह हो गई है, जिसके कारण पार्टी देश के विभिन्न राज्यों के साथ दिल्ली की राजनीतिक पटल से भी गायब हो जाएगी।

सत्ता छीन गई.. पर नहीं ...

तक की खबर थी कि अपने ही पार्टी के प्रत्याशी को हराने के लिए लोग पैसा खर्च कर रहे है। कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ कई निर्दलियों को उतार दिए।

समर कैंप में छात्र हो रहे हैं हुनरमंद

स्कूल व खेल विभाग की सराहनीय पहल

कोरिया/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश का सही उपयोग सिखाने विद्यार्थिओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा व खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न स्कूलों व खेल मैदानों में विभिन्न खेलों के साथ विद्यार्थिओं के कलात्मक व मौलिक हुनर को निखारने की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। महाजन स्टेडियम चरचा कॉलरी, कचनपुर में फुटबॉल, सरडी मैदान में बॉलीबॉल, इंडोर स्टेडियम बैकुंठपुर में बैडमिंटन, पटना में कब्बडी व कुड़ेली में खो-खो जैसे आधुनिक व परंपरागत खेलों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य जैसे प्रशिक्षण देकर विद्यार्थिओं को उनकी मौलिक प्रतिभाओं को निखारे का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थिओं को पढ़ाई-लिखाई के साथ खेल-कूद व उनकी अभिरूचि के अनुसार प्रशिक्षण देने से जहां इन नौनिहालों, युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति चेतना व सामाजिक सरोकार से जुड़ने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है।

जिले के शासकीय विद्यालयों व उक्त मैदानों में सुबह 7.30 बजे से सुबह 9.30 तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थिओं की अभिरूचियों, हुनर व विभिन्न कलाओं के प्रति ललक पैदा करना है ताकि ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग सार्थक साबित हो सकें। प्रायः देखा जा रहा है कि टीवी, मोबाइल व कम्प्यूटर के इर्द-गिर्द समाहित रहने वाले ऐसे विद्यार्थिओं को खुली जगहों पर खेल-कूद व रूचि के अनुसार प्रशिक्षण मिलने से कलाओं के प्रति जिज्ञासा पैदा होगी और अपने रचनात्मक कार्यो के प्रति जुड़ाव भी होगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जिले के विद्यार्थिओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में ऐसे खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लें और अपनी ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

12 वीं में टाप करने पर आदित्य को एमएलए व महापौर ने दी शुभकामनाएं

धमतरी/नवप्रदेश। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य बरड़िया ने 95.6त्न अंक लाकर धमतरी जिला में टॉप कर विद्यालय समेत पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा ने आदित्य बरड़िया को उनके उज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी है। साथ ही विधायक और महापौर ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें ताकि वे भी कामयाबी के शिखर पर पहुंचें।

पेंशनर समाज गरियाबंद की बैठक आज

गरियाबंद/नवप्रदेश। तहसील शाखा गरियाबंद ,छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज के तत्वावधान में शुक्रवार 17 मई को साईं मंदिर में समय 10 बजे से बैठक आयोजित है। छत्तीसगढ़ महतारी एवं शारदा माई के छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलन अतिथियों के द्वारा संपन्न होगा। मई माह में जन्मदिन वाले पेंशनर साथियों का जन्मदिन मनाया जाएगा। मुख्य संरक्षक बंसीलाल साहू, नोहर सिंह वर्मा, एल आर बरिहा, लालाराम साहू ,अशोक कुटारे, रहीम बेग, सुमेर सिंह , श्रीमती प्रमिला कश्यप नए पेंशनर साथी- कामता राम नाग, फलेश्वर साहू का सम्मान किया जाएगा। पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा होगी। पेंशनर साथी बाबूलाल तिवारी के निधन पर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

22 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

सरसींवा/नवप्रदेश। मंगलवार 14 मई को शाम 5 बजे भिनोदी निवासी सुखराम तंजय पिता हरिराम तंजय और तीजराम तंजय पिता हरिराम तंजय को 22 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस को गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भिनोदी में सुकराम तांजय एवं जीतराम तांजय दोनों भाई अपने घर बाडी में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखे है। इस पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये आरोपीगण के कब्जे से 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध अप क्र 0/24 धारा 34 (2) आब . एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। सुकराम तांजय पिता हरीराम तांजय उम्र 52 वर्ष साकिन भिनोदी थाना सरसीवां जिला सारं . बिला और जीतराम तांजय पिता हरीराम साकिन भिनोदी थाना सरसीवां जिला सारंगढ बिलाईगढ को जप्ती माल- एक सफेद रंग की थैला के अंदर दो नग सफेद पन्नी में भरा करीब 10-10 लीटर कुल 20 लीटर एवं एक दो लीटर क्षमता वाली हरा रंग की स्प्राईट बाटल में भरा 02 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कुल मात्रा 22 लीटर कीमती 4400 रुपए बरामद कर जप्त किया गया।

सोते व्यक्ति को उठाने पर हत्या एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

भाटापारा/नवप्रदेश। माता देवालय वार्ड शीतला मंदिर के पीछे हुई हत्या की घटना कारित करने के मामले में शहर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

घटना की वजह आरोपियों को सोते से उठा कर गाली गलौज बना हत्या का कारण। उपरोक्त संबंध में शहर थाना प्रभारी योगिताबली खापर्डे ने बताया कि प्रार्थी अमन यदु निवासी शांति नगर वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात उसके पिता अखलेश यदु पिता लखन यदु उम्र 50 वर्ष की मातादेवालय मंदिर के पीछे भाटापारा में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर से गहरा चोट पहुंचाकर एवं हाथ की नस को काटकर हत्या कर दी गई कि रिपोर्ट पर धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटनास्थल के आसपास मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा, मृतक की जान पहचान एवं आस-पड़ोस वाले लोगों से पूछताछ कर घटना तथा हत्या करने वाले वाले संभावित आरोपियों के संबंध में पता तलाश कार्यवाही प्रारंभ की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी लालू शुक्ला उर्फ अरुण शुक्ला को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने एक अन्य साथी लाला उर्फ आनंद गुप्ता निवासी संतकंवर राम वार्ड के साथ मृतक की हत्या करना स्वीकार किया गया। पूछताछ में बताया कि रात्रि में दोनों आरोपी एक जगह सो रहे थे। इसी दौरान मृतक अखलेश द्वारा दोनों सोए हुए आरोपियों को गाली गलौज कर जबरन उठा दिया। इसे क्षुब्ध होकर उन्होंने मृतक अखलेश के सर में पत्थर पटक दिया गया तथा दूसरे आरोपी लाला उर्फ आनंद द्वारा मृतक की हाथ की नस काट दी। मृतक अखलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरा आरोपी लाला उर्फ आनंद फरार है। जिसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस जघन्य हत्याकांड का पर्दाफाश करने में उप निरीक्षक राधेलाल वर्मा, सउनि घनश्याम वर्मा, प्रआर. भूखन वर्मा, आरक्षक उमेश वर्मा, विजय शंकर ठाकुर, दुर्गेश साहू, लोरिक शांडिल्य, त्रिलोकी वर्मा, मुकेश रात्रे, ईश्वर यादव, महेंद्र साहू, टिकेश्वर साहू, राहुल यादव, सर्विलेंस टीम से विनोद सिंह, आर. इन्द्र कुमार सोनी का सराहनीय योगदान दिया।

मां में पूरा ब्रम्हांड समाया : रंजना साहू

मातृदिवस पर नलिनी माने का किया सम्मान

धमतरी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी के मराठापारा स्थित श्रीमती नलिनी माने का उनके निवास स्थान पहुंच कर सम्मान किया। श्रीमती माने एक शासकीय कर्मचारी हैं जो विपरीत हालातों में अपनी तीन बेटियों का पालन पोषण कर जिम्मेदार नागरिक बनाकर शादियां की और समाज में एक मिसाल बनीं। उनका सम्मान धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने किया और कहा मां सिर्फ एक शब्द नहीं बल्कि पूरा ब्रम्हांड है। बच्चों के लिए माँ पूरी दुनियाँ होती है। माँ के लिए अपने बच्चों से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। धमतरी की एक संघर्षशील माँ हैं नलिनी माने जो मिसाल हैं। उन्होंने हर परिस्थितियों का डटकर सामना किया और पूरे परिवार का पालन पोषण करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया है। आज जब जमाना और बेटों को ज्यादा तवज्जो देता है। वहीं एक से अधिक बेटी होने पर जब महिला को कोसा जाता है आज से समय में गर्व के साथ तीनों बेटी का पालन पोषण कर श्रीमती माने जैसी माताएं समाज में मिसाल बनकर दुनिया को प्रेरित करती हैं।

माँ न केवल जन्मदाता है वो पूरा संसार है। आज ऐसी ही अपने जीवन की ऐसी जिम्मेदारियां निभाकर धन्य करने वाली माता श्रीमती माने का सम्मान कर हम स्वयं को भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक, प्राची देवांगन,लीना साहू,चेतना देवांगन,प्रणिता धर्मसी आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर के.एल. चौहान ने बुधवार 15 मई को जिला मुख्यालय में नगर पालिका परिषद एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें मुख्य मार्ग में बनाये जा रहे पाथवे, मण्डी काम्पलेक्स,हाट बाजार, पौनी पसारी, एसआरएलएम सेंटर,नगर भवन,स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल, मुरूम तालाब चौपाटी, पीपराहा तालाब सहित गार्डन चौक गार्डन एवं मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन का जायजा लिया। उन्होनें कुछ स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा के भीतर ही पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही पाथवे के आसपास पानी न रूके इसके लिए तराई करने एवं पाथवे के पूरे कार्य को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश सीएमओ को दिए है। इसी तरह हाट बाजार में बनाये जा रहे शेड को भी डेढ़ माह के भीतर ही पूर्ण कर आबंटन करने कहा गया है। कलेक्टर ने मण्डी काम्प्लेक्स का भी मुआयना कर उपस्थित व्यापारियों से भी भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने एक यूरिनल की मांग की जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ उचित जगह चिन्हांकन बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री चौहान ने मण्डी परिसर में ही संचालित मणीकंचन केन्द्र का भी जायजा लिया इस दौरान उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मिनीमाता कालेज स्थित गार्डन को साइंस पार्क की तरह विकसित करने एवं गार्डन चौक गार्डन में घांस लगाने के निर्देश दिए है। इसके अतिरिक्त मुरूम तालाब में बनाये जा रहे चौपाटी की फाइल के संबंध में जानकारी लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट सीएमओ को प्रस्तुत करने कहा गया है एवं मुरूम तालाब को अच्छे से बनाते हुए तालाब में पानी भरने की संभावनाओं की जानकारी ली है। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद एमडीव्ही स्कूल में गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए अच्छे से दरवाजे एवं प्लंबिंग के कार्य करने कहा गया है। स्कूल ग्राउण्ड में 10 फीट का पाथवे सहित गार्डनिंग करने एवं दिव्यांगों के लिए हैण्डलिंग युक्त शौचालय बनाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए है। निरीक्षण के दौरान बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता,बलौदाबाजार लोक निर्माण एसडीओ एम एल नायक, वरिष्ठ सब इंजीनियर विभाकर जोशी,सीएमओ खिरौद भोई सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

दुर्गावाहिनी की 50 कार्यकर्ताओं को मिलेगा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

- नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है: दीपक
- विश्व हिंदू परिषद ने 50 से अधिक बहनो को आत्मरक्षा के प्रशिक्षण के लिए भेजा बालोद

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी का कार्य निरंतर बढ़ रहा है। इससे प्रभावित हो कर जिले भर के युवक युवतियां संगठन के साथ भारी संख्या में जुड़ रहे हैं। बुधवार 15 मई को जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिलाकार्याध्यक्ष दीपक ठाकुर और जिलामंत्री रामचंद देवांगन के नेतृत्व में 50 से ज्यादा बहनें दुर्गावाहिनी आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए जिले से रवाना हुए। इसमें जिला के सभी क्षेत्रों की बहनें शामिल हुई। प्रशिक्षण के दौरान बहनों को बंदूक चलाना, लाठी चलाना, ताई क्वांडो, कराटे, तलवार बाजी सिखाया गया। इसके साथ ही देश धर्म समाज एवम् सनातन संस्कृति का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित होकर जिले की सभी बहनें अपने क्षेत्र में निरन्तर युवतियों को आत्मरक्षा और धर्म संस्कृति का प्रशिक्षण देंगी और जिले भर में हिंदुत्व जागरण के क्षेत्र में समाज सेवा एवम् धर्म रक्षा का कार्य करेंगी। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा की नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति है। अपने भविष्य निर्माण के लिए राष्ट्र को आंतरिक अशांति एवं सशस्त्र विद्रोह से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा, और मोहन साहू प्रांतीय पदाधिकारी ने बेटियों को मास्टर ट्रेनर बनकर अपने क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने की अपील की। जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा प्रशिक्षण में कड़ा मापदंड होता है। विषम परिस्थितियों में जीना सिखाया जाता है और अभाव में रहकर निखरना सिखाया जाता है। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने सभी बहनों को संगठन के प्रशिक्षण के महत्व और भविष्य में होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी। आरएसएस के प्रांतीय अधिकारी मोहन साहू ने विश्व हिंदू परिषद धमतरी के कार्यों की सराहना करते सभी बहनों की उज्ज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी।

रक्तदान कर बचा सकते हैं किसी का जीवन: डा सोम

नगरी/नवप्रदेश। सिविल अस्पताल में डॉक्टर सोम के सानिध्य में बुधवार 15 मई को सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जहां रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया महिलाओं ने भी आगे आकर रक्तदान किया। इस दौरान कुल 61 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। परंतु केवल 54 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों ने अपने दोस्तों को फोन कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इंद्रेश कुमार देवांगन 17 बार ब्लड डोनेट कर चुके हैं। उनका कहना है कि ब्लड देने से शरीर में कोई नुकसान नहीं होता शरीर को फायदा ही होता है। रक्तदान से किसी की जान बच सकती है इससे बड़ा दान कोई नहीं हो सकता डॉक्टर सोम ने बताया कि कुछ मरीजों को प्रेग्नेंट महिलाओं को ब्लड की जरूरत पड़ती है मगर उस समय अर्जेंट में खोजना पड़ता है। ब्लड नहीं मिलने की स्थिति में मरीज की तबीयत बिगड़ी जाती है। डॉक्टर सोम ने बताया कि ब्लड देने से शरीर को कोई भी नुकसान नहीं होता है।

हज करने वाले पांच जिले के 69 हाजियों का टीकाकरण

15 निजी टूर से जाने वालो का हुआ टीकाकरण मिला मेडिकल किया

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वावधान में मातृ एवं शिशु रोग विभाग शासकीय जिला चिकित्सालय कांकेर में गुरुवार 16 मई को राज्य से द्वितीय चरण में मुंबई एवं नागपुर इंबार्केशन पॉइंट से जाने वाले हाजियों के पहले जत्था का हज टीकाकरण कराया गया। जिसमें पांच जिले से हज यात्रा में जाने वाले हाजियों का टीकाकरण संपन्न हुआ इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान के द्वारा हाजियों के दल को संबोधित करते हुए हज यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानी से अवगत कराया गया। तथा सावधानी हज यात्रा के दौरान के अरकान की जानकारी साझा किया गया।शिविर में राज्य हज कमेटी के माध्यम से जिला बस्तर कोडागांव नारायणपुर धमतरी कांकेर से जाने वाले 69 एवं प्राइवेट टूर से जाने वाले 15 हाजियों का टीकाकरण संपन्न हुआ।शिविर में मुख्य रूप से मोहम्मद असलम खान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी हाजी वली मोहम्मद जिला हज प्रभारी वक्फ बोर्ड के जावेद अख्तर.अब्दुल रहीम. इकबाल अंसारी हज कमेटी के राज़िक भाई एवं शिविर के संचालक डा.ओपी.शंखवार.डाक्टर सुनील सोनी.रोहित वर्मा.डाक्टर मनीष जैन.भुपेन्द्र साहू, एकता भारद्वाज कुमारी नंदनी साह और जे.मगेन्द्र उपस्थित थे।

पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन 15 सितंबर तक

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली से की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, इंजिनियरिंग, सार्वजानिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ठ और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार संबंधी विधान और नियमावली वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस पद्म अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन https://padmawards.gov.in पर एवं पद्म पुरस्कार के लिए नांमाकन केवल ऑन लाइन पोर्टल एचटीटीपी स्लेस अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन https://awards.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2024 तक निर्धारित हैं।

सेल्फी लेते समय गिरा मजदूर, मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एक मजदूर15 फीट की ऊंचाई पर काम करते हुए सेल्फी लेकर वीडियो बना रहा था। तभी उसका पैर फिसला और नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। उसका पोस्टमॉर्टम लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में किया गया। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। दरअसल, नवा तरिया सरिया वाशिंग चौक में अजीत मेटालिक नाम की कंपनी है। इस कंपनी में बबलू प्रसाद 37 वर्ष पिछले 3 साल से हेल्पर के पद पर काम कर रहा था। पुलिस के मुताबिक कंपनी में कुछ काम चल रहा था। बबलू 15 फीट की ऊंचाई पर चढ़कर काम करवा रहा था। वो वहां चढ़कर सेल्फी लेने लगा और वीडियो बना रहा था। ऊपर से नीचे गिरा तो उसे काफी चोटें आई। उसे देखकर बाकी मजदूर बचाने भागे लेकिन उसकी हालत काफी खराब थी। उसे तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बबलू प्रसाद के 3 बच्चे हैं। वो खुद अजीत मेटालिक कंपनी के अंदर ही सरवेंट क्वार्टर में रहता था।

अखबार बेचकर बना अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रथम अंतर राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन 11 मई से 13 मई के बीच भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इंडियन यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू में किया गया। प्रतियोगिता में देश के अनेक राज्यों व देश विदेश से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छग राज्य से पंकज यादव ने भी हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने भारत देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। पंकज अपने जीवन में अख़बार बेचकर लगातार संघर्ष करते हुए आगे बढ़े और उन्हें कई बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के योगा कोच व जज है। सुराना कॉलेज में योग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद के रूप में पदस्थ है तथा स्माइल योग संस्थान के संचालक और श्री रावतपूरा सरकार विवि नया रायपुर पीडीसीए स्कॉलर है। सुराना कॉलेज प्राचार्या पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा विभाग विभागाध्यक्ष डा. अजय लांजेवार व रावतपुर सरकार विभागाध्यक्ष डॉ. केवलराम चक्रधारी व स्माइल योग संस्थान के समस्त सदस्यों ने बधाइयां व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भिलाई में पकड़ाए गोलीकांड के तीन आरोपी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नारायणपुर जिले में कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या करने वाले 3 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नारायणपुर व दुर्ग पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन से सफ्लता पाई है। सूचना मिली थी की हत्या के आरोपी दुर्ग में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही टीम बनाकर अलग अलग दिशा में धरपकड़ के लिए भेजी गई थी। अलग अलग जिलों में छापा मार अब तक 6 आरोपियों की गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि तीन आरोपी हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई का रहने वाला है। सुबह नारायणपुर पुलिस ने दुर्ग क्राइम टीम की मदद से टाउनशिप एरिया के सेक्टर-9 व सेक्टर-7 में दबिश देकर तीनों युवक को पकड़ा है। पुलिस आरोपियों को लेकर नारायणपुर के लिए रवाना हो गई है। मामले में बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि, अब तक हत्या में शामिल 6 से अधिक आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। ज्ञात हो कि अज्ञात लोगों ने नारायणपुर के बीच मोहल्ले में कांग्रेस नेता परिवहन संघ के सचिव विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या की है। आरोपियो ने घर के समीप ही रात्रि में बाइक पर सवार होकर तीन गोली मार कर हत्या कर दी थी।

सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, पति घायल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में सरकारी स्कूल के सामने एक बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पति बुरी तरह घायल हो गया। पूरा मामला नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदिनी खुंदनी का है। जानकारी के मुताबिक भिलाई के कुरुद गांव निवासी मोहन यादव (38 साल) अपनी पत्नी उर्मिला यादव (33 साल) और 10 वर्षीय बेटे बयांस के साथ बाइक से नंदिनी खुंदनी अपनी बहन के घर गया था। वहां बहनोई छबिलाल यादव और बहन बिमला के पास पूरा दिन बिताने के बाद वो लोग बाइक से रात को 8 बजे भिलाई के लिए निकले थे। मोहन जैसे ही नंदिनी खुंदनी शासकीय स्कूल के पास पहुंचा कोई अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। टक्कर इतनी तेज थी की पत्नी और बच्चा दूर सड़क पर जा गिरे। सिर में गहरी चोट आने और अधिक खून बहने से उनकी मौके पर मौत हो गई। घायल मोहन यादव मदद के लिए गुहार लगाता रहा। आसपास मौजूद लोगों ने नंदिनी पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां मां और बेटे को मृत घोषित कर दिया गया और मोहन लाल का उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मॉर्चुरी में भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। पुलिस घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

न्यूज गैलरी

सीईओ ने किया प्रधानमंत्री आवास कार्यों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल द्वारा आज जिला बेमेतरा अंतर्गत विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम हाथाडांडू एवं जूनाडांडू में प्रधानमंत्री आवास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें निरीक्षण के दौरान अपूर्ण आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के हेतु संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये गये। साथ ही हितग्राहियों को भी अपने आवास के कार्यो को बरसात के पूर्व तेजी के साथ पूर्ण कराने कहा गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं तकनीकी सहायक जनपद पंचायत नवागढ़ एवं जिला समन्वयक व सहायक अभियंता आवास जिला पंचायत उपस्थित रहें।

लाटरी के माध्यम से होगा स्कूल में प्रवेश आज

गंडई/पंडरिया/नवप्रदेश। स्व. लाल मूरत सिंह खुशरो स्वामी आत्मनन्द स्कूल अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम गंडई में कक्षा पहली की कक्षा में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया 17 मई होगी। लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ होगा। स्कूल मे प्रवेश के लिए कुल 162 आवेदन मिले है। विद्यालय के प्राचार्य पवन ददरिया ने बताया कि कक्षा 1ली के लिए 50 सीट रिक्त है जिसके लिए कुल 162 आवेदन प्राप्त हुये है जिसमे 128 छात्र ही प्रवेश के लिए पत्र है अपात्र छात्रो की संख्या 34 है। इसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। 11 मार्च को पात्र और अपात्र की सूची भी प्रकाशित की गई है और 13 मई तक दावा आपत्ति का समय भी निकाल चुका है।

देवकर पुलिस ने 5 जुआरियों से 11650 रुपए की जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत डीहपारा तालाब पार खेत किनारे आम जगह में 13 मई को कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं की सुचना पर चौकी देवकर पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर जुआड़ी पकडे गये। जिसमें 1 प्रकरण दर्ज कर 5 जुआडियों महेश साहू उम्र 32 साल, राकेश श्रीवास उम्र 29 साल, रिंकु सिन्हा उम्र 21 साल, राजू साहू उम्र 23 साल, मनीष साहू उम्र 30 साल सभी साकिनान डीहपारा देवकर पुलि चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फड से कुल जुमला नगदी 11650 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सउनि द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक राजू धीवर, प्रमोद पांडेय, पुरूषोत्तम पटेल एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

चयनित विद्यार्थी 22 तक ले सकेंगे प्रवेश

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल रानी दुर्गावती चौंक कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की छंटनी के बाद पात्र आवेदनों का लॉटरी के माध्यम से 15 मई 2024 को विद्यालय सभाकक्ष में पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ चयन कार्य सफलतापूर्वक किया गया। चयन सूची विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। चयनित छात्र 16 मई 2024 से 22 मई 2024 तक आवश्यक दस्तावेज के साथ अनिवार्य विद्यालय में प्रवेश ले सकते है। निर्धारित तिथि में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रवेश नही लेने पर प्रतीक्षा सूची से 24 मई 2024 से 30 मई 2024 तक विद्यालय में प्रवेश लिया जायेगा। इस लॉटरी प्रक्रिया में तहसीलदार कवर्धा श्री उपेन्द्र किण्डो , कलेक्टर प्रतिनिधि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री संजय कुमार जायसवाल, कवर्धा विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती नीलिमा जनार्दन, राहुल कुमार मिश्रा, श्रीमती प्रगति वर्मा, कलप कुमार गंधर्व, श्री राजेश कुमार पाण्डेय, श्री अमित कुमार पाण्डेय, श्री दीपक चन्द्रवंशी एवं विद्यालयीन स्टॉफ कवर्धा एवं नगर के गणमान्य नागरिक, पालक गण उपस्थित रहे।

10वीं, 12वीं के मेधावी छात्रों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। सीबीएससी बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के परिणाम सोमवार को घोषित हो गये हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा आज मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय के जिला में सीबीएसई कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम से लेकर पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर शुभकामनाएं ज्ञापित किया हैं। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता, परिजनों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों की सफलता के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उनके भविष्य की पढ़ाई के बारे में पूछा और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने को कहा, उन्होंने विद्यार्थियों को एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। बता दें की जवाहर नवोदय विद्यालय की 12 वीं कक्षा में विद्यालय में युगलकिशोर देवांगन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, योगेश कुमार सिन्हा 91 प्रतिशत द्वितीय, चेतन पटेल 89.80 प्रतिशत तृतीय, राजेश कुमार चेलक 88.60 प्रतिशत चतुर्थ एवं सूरज साहू 88 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया हैं। इसी क्रम में कक्षा 10 वीं में युवराज वर्मा द्वय ओम आयुष साहू ने 92.40 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, कुनाल देवांगन द्वय हुमेश साहू ने 90.40 प्रतिशत के साथ तृतीय एवं सुमित साहू ने 88.80 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।

कार ने बाइक सवार को कुचला, महिला की मौत

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा नेशनल हाइवे में कार की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 304 अ के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मृतक महिला के शव का मंगलवार को जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा गया।

पुलिस के अनुसार सोमवार को अपने बेटे के साथ बाइक में बैठकर खंडसरा जा रही रामबाई साहू व संतोष साहू की बाइक को बहेरा मोड़ के पास कवर्धा की ओर से आ रहे कार चालक ने ठोकर मार दी, जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गए, जिससे रामबाई साहू के सिर पर गंभीर चोट पहुंची, वहीं संतोष के पैर में गंभीर चोट आई। दोनों को उपचार के लिए 108 वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने महिला की मौत होने की पुष्टि कर दी। वहीं घायल संतोष को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया। बताया गया कि मृतक महिला के पति रिखी राम साहू का उपचार निजी अस्पताल में किया जा रहा था, जिसे सोमवार को रिलीव किया गया। सभी दो अलग वाहन से खंडसरा जा रहे थे कि सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पुलिस ने प्रार्थी दुकल्हा साहू की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ 304 अ व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

रायगढ़ के जंगलों में भालू ने ली महिला की जान

रायगढ/नवप्रदेश। धरमजयगढ़ में एक महिला की मौत भालू के हमले में हो गई. यह घटना उस वक्त हुई जब एक वह बुजुर्ग महिला महुआ बीनने के लिए जंगल गई हुई थी. छाल वन रेंज की घटना~ यह पूरी घटना छाल वन रेंज की है. सुबह 8 बजे के बाद महिला इंदरमती अघरिया जंगल में महुआ का फूल इकट्ठा करने गई थी. इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया. जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई. महिला धरमजयगढ़ वन विभाग में तैनात वन बीट गार्ड श्याम अघरिया की मां थी. महिला महुआ फूल चुनने जंगल में गई थी तभी वहां पर झाड़ियों के भालू अचानक आ गया. भालू ने महिला के ऊपर हमला कर दिया. जिसमें महिला को संभलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर मौत हो गई.÷~ अभिषेक जोगावत, धरमजयगढ़ संभागीय वन अधिकारी महिला के परिजनों को दी गई आर्थिक सहायता~ ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को भालू के हमले की सूचना दी. जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. महिला के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. उसके बाद वन विभाग और छत्तीसगढ़ प्रशासन के नियमों के मुताबिक पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराई गई. धरमजयगढ़ में भालू के हमले में मौत का पहला मामला~ धरमजयगढ़ में बीते तीन साल के अंदर भालू के हमले में मौत का यह पहला मामला है. बीते तीन साल में यहां भालू के हमले में किसी की मौत नहीं हुई है।

चिखली में अवैध प्लाटिंग की तैयारी, निगम ने खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का लगाया बोर्ड

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर नगर निगम कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जांच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर अवैध प्लाटिंग कर मुरूम एवं कांक्रीटिंग रोड का निर्माण करने पर उसे जेसीबी से उखाड़कर मुरूम जप्त करने की कार्यवाही कर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया। कार्यवाही की कड़ी में आज चिखली में साई मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नंबर 398/1 में जुनीहटरी निवासी अहमद रजा आ. रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जानकारी होने पर नगर निगम की अतिक्रमण तोडू दस्ता टीम ने उक्त प्लाट में खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया, इस संबंध में संबंधित को पूर्व में नोटिस भी जारी किया गया था।

अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता निरीक्षण कर निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कडी कार्यवाही कर रही है और अवैध प्लाटिंग की जांच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जहॉ अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, वहां जेसीबी से उखाड़कर अवैध प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त कर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित का बोर्ड लगाया गया था।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यवाही की कडी में आज चिखली सांई मंदिर के पास रिक्त कृषि भूमि खसरा नंबर 398/1 में जुनीहटरी निवासी अहमद रजा आ. रियाज अहमद द्वारा अवैध प्लाटिंग कर विक्रय की तैयारी की जा रही थी, जहां आज नगर निगम की टीम ने उक्त भूमि पर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र, टुकड़ों में जमीन की खरीदी बिक्री प्रतिबंधित है, संबंधी बोर्ड लगाया। साथ ही संबंधित को पूर्व में छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस भी जारी किया गया था। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी बिक्री न करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि कही भी प्लाट खरीदने के पूर्व निगम में संपर्क कर वैध-अवैध प्लाटिंग की जानकारी ले लेवे, जानकारी उपरांत ही प्लाट खरीदी की कार्यवाही करेए ताकि परेशानी से बचा जा सके।

सख्ती, नगर में कराई गई मुनादी व्यापारियों को नोटिस थमाया

आदेश.. 17 मई से पहले अतिक्रमण हटाएं, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। नगर पंचायत गंडई लगातार अतिक्रमण को लेकर प्रशासन और व्यापारियों के बीच तनातनी का माहौल बना हुआ है। 11 मई को कलेक्टर के मौखिक आदेश पर नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची निकाय की टीम और व्यापारियों के बीच माहौल गरमा उठा। जैसे-तैसे अनहोनी होते मामला टला, फिर पुनः कलेक्टर के आदेश पर नगर पंचायत अधिकारी के द्वारा नगर में मुनादी कराई गई और व्यापारियों को नोटिस थमाया।

गौरतलब है कि नगर पंचायत के द्वारा नगर में अतिक्रमण करने वालों को मुनादी कराकर अतिक्रमण हटवाने की चेतावनी दी गई है। सड़क किनारे दुकानदार अतिक्रमण कर लिए हैं। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा 11 मई को गंडई का निरीक्षण कर दिए मौखिक निर्देशन पर शासकीय भूमि, मेन चौक गंडई से पंडरिया मार्ग पर, डिवाईडर के दोनों ओर अवैध रूप से कब्जा कर, पसरा लगाकर, विक्रय सामग्री रखकर व्यापार कर रहे व्यापारियों को नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस में उल्लेख है कि पसरा लगाकर व सामान फैलाकर व्यापार करने से आवागमन बाधित होता है। साथ ही साथ कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनीं रहती है। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए मेन चौक, गंडई से पंडरिया मार्ग पर दुकान के सामने किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश मंडई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार गंडई तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिया गया है। जिसके लिए नगर में मुनादी भी कराई गई है, साथ ही साथ सभी तक पहुंचाकर नोटिस दिया है। दिए गए नोटिस में यह भी उल्लेखित है कि निर्देश के परिपालन में उक्त स्थल से शासकीय भूमि, मेन चौक गंडई से पंडरिया मार्ग पर, डिवाईडर के दोनों ओर अवैध रूप से पसरा लगाकर किए गए अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जुर्माना शुल्क के रूप में 500 रुपए से 1000 रुपए तक वसूला जाएगा।

नगर पंचायत सीएमओ गिरीश साहू ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को शुक्रवार तक मोहलत दिया गया है।

अवैध शराब की सूचना पर पुलिस की दबिश, पकड़ाया

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायकके मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 15 मई 2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल रेल्वे फाटक के पास तुलसीपुर, राजनांदगांव में रेड कार्यवाही कर आरोपी मुकेश साहू पिता धनीराम साहू, उम्र 30 वर्ष, साकिन रेल्वे क्रासिंग के पास, तुलसीपुर, थाना कोतवाली के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कुल 5.760 बल्क लीटर कीमती 2880 रूपये एवं बिक्री रकम 300 रूपये जुमला किमती 3180 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के धारा 34 (2) के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अपराध क्रमांक 289/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जले राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।आरोपी आदतन अपराधी है, इसके खिलाफ पूर्व में अपराध क्रमांक 537/23 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट, अपराध क्रमांक 636/23 धारा 341, 327, 294, 506, 34 भादंवि, अपराध क्रमांक 816/23 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट एवं अपराध क्रमांक 139/24 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट कायम कर चालान न्यायालय पेश किया गया है

अवैध शराब पर जिलेभर में चलाया गया अभियान, 11 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले में अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिये असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके तहत 14 मई को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 34 (2) के 1 प्रकरण और 34 (1) के 2 प्रकरण कुल 3 प्रकरणों में 3 आरोपी के कब्जे से 66 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 5940 रूपये, छुरिया पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620 रूपये, ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1980 रूपये जप्त, सोमनी पुलिस द्वारा 34 (1) के 2 प्रकरण में 2 आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी शराब कीमती 2880 रूपये, कोतवाली पुलिस द्वारा 34 (1) के 1 प्रकरण में 1 आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब कीमती 1620 रूपये, थाना डोंगरगांव, गैंदाटोला एवं ओपी सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 36 (च) के 1-1 प्रकरण में 1-1 आरोपी के कब्जे से 2-2 पौवा देशी शराब कीमती 540 रूपये जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध किये हैं। इस प्रकार जिले में 14 मई 2024 को आबकारी एक्ट के कुल 11 प्रकरणों में 11 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 162 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 14,580 रूपये रूपये जप्त किया गया।

बच्चों के गंदे वीडियो सोशल मीडिया पर करते थे अपलोड, 5 आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में पुलिस ने सरगुजा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये आरोपी बच्चों के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते थे।

इन सभी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, वहीं दिल्ली की एक विशेष टीम द्वारा भी नजर रखी जा रही थी। गौरतलब है कि इन दिनों चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले काफी बढ़ गए हैं। ऐसे ही मामले में सरगुजा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।सीतापुर पुलिस ने आरोपी अविनाश सोनवानी 33 वर्ष निवासी आमाटोली सीतापुर तथा दूसरे प्रकरण में आरोपी धनप्यारी उम्र 35 वर्ष निवासी कोट जूनापारा को भी गिरफ्तार किया है।

वहीं उदयपुर पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी परसा बाजारपारा व दूसरे प्रकरण में आरोपी मयंक सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी माझापारा उदयपुर को गिरफ्तार किया है।

थाना लखनपुर पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में आरोपी अतीश राजवाड़े उम्र 21 वर्ष निवासी सिरकोतंगा थाना लखनपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

कार्रवाई में ये रहे शामिल: कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भारत लाल साहू, थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक मनोज प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक रामबचन राम, आरक्षक पंकज देवांगन, देवेंद्र सिंह, दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, संजय एक्का, अभिषेक राठौर, मनोहर पैकरा व धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

अवैध रूप से शराब बिक्री 4 आरोपियों को दबोचा

कवर्धा/नवप्रदेश। रणवीरपुर उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी द्वारा चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्रामो मे लगातार अवैध जुआ सट्टा एंव आबकारी एक्ट व अपराधिक गतिविधियो के विरूध्द लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम मे मुखबीर सुचना पर दिनांक 14/05/2024 को बाजार चौक रणजीतपुर मे घेराबंदी कर मुखबीर के बताये हुलिया एंव नाम के व्यक्तियो 01, राजकुमार पटेल पिता बिरेलाल पटेल उम्र 20 साल साकिन रणवीरपूर 02. विधि से संघर्षरत अपचारी बालक साकिन बिरेन्द्रनगर चौकी रणवीरपूर थाना स0लोहारा जिला कबीरधाम (छ0ग0) के कब्जे से 13 लीटर देशी महुआ शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन में मात्रा 9.360 बल्क लीटर किमती 1950 रूप्ये को जप्त किया गया । दुसरे प्रकरण मे 01. तेजेश्वर उर्फ ओम मिश्रा पिता कमलेश मिश्रा उम्र 18 साल 02. विधि से संघर्षरत अपचारी बालक दोनो साकिनान बिरेन्द्रनगर चौकी रणवीरपूर थाना स0लोहारा जिला कबीरधाम (छ0ग0) के कब्जे से 14 लीटर देशी महुआ शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन में मात्रा 10.080 बल्क लीटर किमती 2050 रूप्ये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।मामला अजमानतीय होने से थाना स0 लोहारा के अपराध क्रमांक 129/24, 130/24 आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर 2 आरोपी को न्यायिक रिमांड पर एंव दो अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण सुधार गृह भेजा गया ।

शिव महापुराण कथा की तैयारी जोरों पर

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। आगामी 18 जून से गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण कथा के लिए आयोजको ने तैयारी तेज कर दी है। 35 एकड़ के भूखंड पर होने वाले इस वृहद आयोजन को लेकर सोमवार को कथा स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में गोडवाना मैदान में कथा स्थल पर पंडाल निर्माण के लिए पूजन संपन्न हुआ। गंडई के पंडित गौकरण महाराज जी ने वैदिक मंत्रोच्चरण के साथ वास्तु के अनुसार पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन करवाया। उन्होंने बताया की यह गंडई का सौभाग्य और आयोजन समिति का प्रयास है की गंडई ही नहीं आस-पास के लोगों को भी इस कथा के अमृतपान का अवसर मिलने जा रहा है। किसी भी स्थाई या अस्थाई निर्माण कार्य के लिए वास्तु का सही होना बहुत जरुरी है। इसीलिए वास्तु निरीक्षण करने के बाद उचित कोण पर भूमि पूजन किया गया है।गंडई के लाल टाकेश्व शाह खुसरो ने कहा कि आज शुभ मुहूर्त में कथा स्थल पर भूमि पूजन किया गया है। इसके साथ ही आयोजन की तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस शिव महापुराण कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कथा के दौरान साक्षात महाकाल यहां विराजमान होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 7 दिन के लिए घर छोड़कर भगवान शिव की कथा सुने और जीवन में आनंद लाएं। इस भूखंड पर श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग आदि की सभी सुविधाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नगर के सभी के प्रेरणा से संपन्न होगा वे भी इस आयोजन के भागीदार बनेंगे।

राइस मिलर्स सप्ताह भर में करें धान का उठाव : शर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 मे उपर्जित धान के त्वरित उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में जिले के राईस मिलर्स और खाद्य अधिकारीयों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही कस्टम मिलिंग और धान उठाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की और धान उपार्जन केन्द्रों व धान संग्रहण केंद्र से धान उठाव में आने वाली दिक्कतों से अवगत होकर सभी परेशानियों को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक मे खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी राईस मिलर्स को शीघ्र ही धान उपार्जन केंद्रों से बचे हुये शेष धान की उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2023-24 में 934686.7 मेट्रिक की टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें 889729 मेट्रिक टन डीओ जारी किया गया एवं डीओ के विरुद्ध 882462 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चूका हैं, बाकी शेष है। 7 हजार 262 मेट्रिक टन का उठाव शेष हैं। इसके साथ ही 44567 मिट्रिक टन का डीओ जारी हुआ है जिसमे 20778 मिट्रिक टन धान का उठाव हो गया हैं तथा 23790 मिट्रिक टन धान शेष हैं।

न्यूज गैलरी

तकिया उर्स के लिए अपर कलेक्टर नोडल अधिकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20, 21 एवं 22 मई 2024 को तकिया मजार शरीफ में ऊर्स कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में प्रशासन और आयोजन समिति के मध्य आवश्यक समन्वय हेतु अपर कलेक्टर सरगुजा अमृत लाल ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी श्री ध्रुव आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं प्रशासन के संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को नियंत्रित करेंगे।

वीवीपैट तोड़ने का मामला दर्ज

मुंगेली/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान सम्बलपुर मतदान केन्द्र क्रं. 145 में शासकीय प्राथमिक शाला भवन सम्बलपुर में आरोपी लक्ष्मण साहू उम्र 19 साल निवासी सम्बलपुर के द्वारा वीवीपीएटी मशीन के पेपर स्लीप कम्पाटमेंट के एड्रेस टेग को तोड़ने पर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 132 एवं 136 (2) (ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। शासकीय कन्या उच्चतर कन्या माध्यमिक शाला में स्थापित लोक सभा चुनाव 2024 का बुथ क्रमांक 89, 90 में 100 मीटर दायरे के अन्दर में कांग्रेस पार्टी के अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्लैक्स एवं ईवीएम के चिन्हांकित प्रतीक चिन्ह लगाया गया था कांग्रेस पाट्री के अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली, मुंगेली में धारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 130 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

पुरुष-महिला शतरंज स्पर्धा का आयोजन 19 मई से

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला स्तरीय पुरूष महिला

शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 19 मई रविवार को बीआर साव उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुल नगद 5 हजार रुपये, मोमेंटो व मेडल्स पुरस्कार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों के लिए शुल्क 200 रुपये है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शाम 4.30 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियो का चयन छत्तीसगढ़ राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप पिथौरा, महासमुंद्र में 7 से 10 जून तक के लिए किया जाएगा खिलाड़ी मुंगेली जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमैन विजय वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशिष मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेश केशवानी, सचिव ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य युगल राजपूत, रामकुमार बघेल, अशोक यादव, अजय बघेल एवं मोहिंदर वर्मा से संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 18 मई को संध्या 6 बजे तक हैं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में कक्षा 10वीं में कुल 18 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। जिसमें 08 प्रथम, 04 द्वितीय, 01 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 76.47 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में प्रथम रक्षा साहू 85.7, द्वितीय अनिश 81.2, तृतीय स्थान पर आकांक्षा 72.2 रहीं। इसी तरह कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कुल 18 छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम 05 एवं 08 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं का परिणाम 76.47 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में प्रथम कु. काजल साहू 71.8, द्वितीय प्रियंका 66.4 एवं तृतीय स्थान पर सीमा 63.2 रहीं। कक्षा में प्रथम आने पर दोनों छात्रों रक्षा साहू एवं काजल साहू को संस्था एवं विद्यालय परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

12वीं में छात्रा प्रिंशी गुप्ता अव्वल

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में कक्षा 12वीं कॉमर्स की छात्रा प्रिंशी गुप्ता ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। 12वीं कॉमर्स की छात्रा संगीता साहू ने 76.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त की। कक्षा 10वीं में सुदीप वर्मा कक्षा 10वीं ने 94.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन

जांजगीर/नवप्रदेश। सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के नतीजे जारी किए गए। रिजल्ट से नाखुश होने वाले छात्र मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया 17 मई से शुरू हो रही है। इसकी फीस प्रति विषय 500 रुपए है। इसके बाद आंसरशीट की फोटो कॉपी लेने के लिए छात्र 1 और 2 जून को आवेदन कर सकेंगे। छात्रों को प्रति आंसरशीट 700 रुपए शुल्क देना होगा। यदि इन दो स्टेप से भी स्टूडेंट्स असंतुष्ट है, तब वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 6 और 7 जून को फार्म भरे जाएंगे।

मेडिकल कॉलेज भवन का काम जल्द करें पूरा: संभाग आयुक्त

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठकमें कई मुद्दों पर चर्चा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। बुधवार को सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेंद्र की अध्यक्षता में राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के सभाकक्ष में महाविद्यालय के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक आहूत की गई। इस दौरान कॉलेज डीन डॉ. रमणेश मूर्ति मौजूद रहे।

बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संभागायुक्त श्री चुरेंद्र द्वारा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के अपूर्ण निर्माणाधीन कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग से सतत् समन्वय के साथ कार्य करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटन, महाविद्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग के विद्युत एवं यांत्रिकी द्वारा निरंतर विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में चर्चा की गई। स्वशासी मद से परीक्षकों के ठहरने एवं भोजन हेतु निर्धारित राशि में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। इसके साथ ही बैठक में प्री एवं पैरा क्लीनिकल विभागों में एन.एम.सी. मापदण्ड अनुसार सहायक प्राध्यापक बनने हेतु 01 वर्ष सीनियर रेसीडेंट की अनिवार्यता के सम्बन्ध में विचार रखे गए। बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदन की कार्यवाही की गई।

लाल ईंटों का धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण

सूरजपुर/नवप्रदेश। लाल ईंट निर्माण पर वैसे तो शासन द्वारा बगैर अनुमति के प्रतिबंधित है, इसके साथ ही नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी हैं। लेकिन, यह सिर्फ कागजों पर सीमित रह गया है। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और ईट भट्ठा मालिकों के बीच सांठगांठ से अवैध ईंट निर्माण धड़ल्ले चल रहा है। कार्रवाई करने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन भट्ठों में अवैध कोयला भी खपाया जा रहा है। अवैध रूप से चलाएं जा रहे हैं अधिकतर ईंट भट्ठों से बनने वाले ईट का उपयोग पीएम आवास और टॉयलेट निर्माण के लिए ईंट सप्लाई किया जा रहा है। इसके अलावा दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव और सरपंचों द्वारा ईंट बनाकर पंचायत के निर्माण कार्यों में खपाया जा रहा है। ईंट बनाने के लिए बोर सहित नदी, तालाब और नाले का पानी पंप लगाकर चोरी की जा रही है। ईंट बनाने के लिए कोयला व बिजली की भी चोरी की जा रही है। आपकों बताते चलें कि ईंट भट्ठा लगाने से पहले पंचायत व तहसीदार से एनओसी लेना पड़ता है। इसके बाद ही खनिज विभाग द्वारा लायसेंस जारी किया जाता है। लेकिन जिले में इन नियमों को ताक पर रखकर ईंट भट्ठों का संचाल किया जा रहा है।आलम ऐसा है कि निर्माण के लिए वन, राजस्व भूमि सहित नदी नालों के किनारे की मिट्टी खोदाई कर मिट्टी उपयोग करने से कई जगह गहरी खाई बन गई है।

बिजली भी कर रहे चोरी

अवैध ईंट भट्ठा चलाने वले न केवल निस्तारी के लिए गांव में तालाब व नदी से पानी की चोरी कर रहे हैं बल्कि पानी लेने के लिए बिजली भी चोरी करते हैं। चोरी का लाने के लिए में चोरी की बिजली से इस अवैध कारोबार का चला रहे है। इन भट्ठों में ईट पकाने के लिए अवैध रूप से जंगलों की कटाई की जा रही है।

खप रहा चोरी का कोयला

इन भट्ठों में ईंट पकाने के लिए कोयले का इस्तेमाल हो रहा है। वैध तरीके से कोयले की आपूर्ति में अधिक पैसा खर्च होने की वजह से भट्ठा मालिक अवैध तरीके से कोयला बड़े व छोटे वाहनों से मंगवा रहे हैं। इसमें कोयला माफिया मालामाल हो रहे हैं और सरकार को राजस्व की चपत लग रही है।

कार्डधारकों को नहीं मिल रहा राशन, एसडीएम से शिकायत

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुनगुरी शासकीय उचित मूल्य दुकान से कार्डधारक उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलने कारण कार्डधारी काफी आक्रोशित हैं। लिहाजा पंचायत वासियों ने बुधवार को एसडीएम के सम्मुख बाकायदा आवेदन प्रस्तुत कर उचित कार्यवाही करने की मांग किया है। दरअसल खाद्य विभाग से अप्रेल मई दो महीने का चावल कार्ड धारकों को दिये जाने उचित मूल्य दुकानों में भेजा गया तब से सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा संचालित दुकानों में अव्यवस्था पसर गई है।

ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुनगुरी के कार्डधारी उपभोक्ताओं ने दुकान संचालक के उपर चावल चना शक्कर नहीं देने का इल्ज़ाम लगाया है। ग्रामीणो का शिकायत है कि कुल कार्डधारीयो में से तकरीबन 107 कार्डधारी उपभोक्ताओं को मार्च 2024 से माह अप्रैल तक दुकान संचालक द्वारा राशन नहीं दिया गया है।ऐसी सूरत में उपभोक्ताओं ने उचित कार्यवाही की मांग करते हुए तहसीलदार के मार्फत एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उचित मूल्य दुकान के चावल वितरण में गड़बड़ी तो हुआ है। यदि विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा सुक्ष्म जांच किया जाये तो निश्चित तौर पर सच्चाई खुल कर सामने आ जायेगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम सरपंच हाकिम सिंह गोवर्धन यादव श्याम लाल यादव सुखराम रामलाल राजवाड़े उमाशंकर सहदेव और राजेश्वर भगवान राजवाड़े रामू शिवलाल आकाश बंटू राम तेजू राम कृष्ण राजवाड़े सहित पंचायत वासी काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की भी चेतावनी पंचायत वासियों ने दिया है।

आत्मानंद स्कूल में खाली सीटों पर लॉटरी से प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के सत्र 2024-25 हेतु कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी. कक्षा 1 से 6 वीं तक एवं कक्षा 11वीं व 12वीं के रिक्त सीटों पर लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार सम्पन्न की गयी। लॉटरी प्रक्रिया में अनुविभागीय अधिकारी (रा) मुंगेली पार्वती पटेल एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय नाथ उपस्थित रहें। सम्पूर्ण लॉटरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी करायी गयी।

शाला में कक्षा एल.के.जी., यू.के.जी तथा कक्षा 1ली से 12वीं तक कुल रिक्त सीट 387 के लिए कुल ऑनलाईन प्राप्त 1389 आवेदनों में से 677 पात्र पाए गए। जिनमें से अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम में 127 रिक्त सीटों को लॉटरी के माध्यम से भरा गया एवं रिक्त सीटों से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण 72 सीटों पर सीधे प्रवेश दी गई। लॉटरी प्रक्रिया में प्रत्येक कक्षा में कुल रिक्त सीटों में 50 प्रतिशत बालिकाओं का, बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों का 25 प्रतिशत एवं अनारक्षित श्रेणी के 25 प्रतिशत बच्चों का चयन किया गया। सभी कक्षाओं में कुल रिक्त सीटों का 10 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची हेतु भी अभ्यर्थियों का चयन किया गया। प्राचार्य डॉ. आई.पी.यादव ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 16 से 20 मई तक अपने आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछ्ली कक्षा का रिपोर्ट कार्ड, टी.सी. आदि आवश्यक दस्तावेज शाला के प्रवेश आवेदन पत्र सहित जमा कराना होगा।

तत्पश्चात् प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को अवसर दिया जायेगा। लॉटरी प्रवेश प्रक्रिया में तहसीलदार मुंगेली कुणाल पाण्डेय, प्रवेश प्रभारी राहुल वर्मा, व्याख्याता सांत्वना दत्ता, संध्या कुजूर, प्र.पा. मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, प्र.पा. प्राथमिक अमृता पात्रे, राहुल यादव, नवीन रात्रे, शिक्षक एल.पी. पाटले, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, बंशीलाल कुम्हार, राकेश साहू सहित सभी कक्षा शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

डेंगू से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डेंगू से बचाव व नियंत्रण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ÷समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें÷ की थीम पर हुआ। इस अवसर पर जिले में जन जागरूकता रैली, बैठक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सोर्स रिडक्शन गतिविधि, नारा लेखन एवं विभिन्न प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि डेंगू बीमारी वायरस से होने वाली बीमारी है जो कि मादा एडिस एजिप्टी मच्छर के द्वारा फैलता है। यह मच्छर दिन के समय काटते हैं तथा रूके हुये साफ पानी में अण्डे देती है, इससे बचाव हेतु अपने घर के आस-पास गड्ढे, कूलर, गमले, नारियल के खोल, फ्रिज ट्रे, टायर, अनुपयोगी बर्तन में पानी जमा ना होने दें। निस्तारी योग्य पानी में लार्वीसाइड का उपयोग करें, कूलर का पानी सप्ताह में एक बार खाली कर सुखाकर दुबारा उपयोग करें एवं मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू के लक्षण के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इसमें बुखार, उल्टी, जी मिचलाना, शरीर में लाल चक्ते, जोडों में दर्द, आँख घुमाने पर आँखों के पीछे दर्द होता है। उन्होंने बताया कि इसके प्रारंभिक जांच के लिये जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आर.डी.टेस्ट किट द्वारा निःशुल्क जांच किया जाता है तथा डेंगू प्रकरण की पुष्टि हेतु राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर में एलाईजा जांच की सुविधा उपलब्ध है।

तीन का शस्त्र लाइसेंस निलंबित, एक का निरस्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा निरंतर शस्त्र निलंबन अथवा निरस्त किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित और एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सोनपुरकला निवासी राजेश कुमार वर्मा, देवीगंज रोड निवासी मयंक सिंह और सीतापुर निवासी रामजी प्रसाद के द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों का लाइसेंस आगामी आदेश पर्यंत निलंबित किया गया है। आवेदक धर्मवीर सिंह उर्फ छोटन सिंह, जिनका स्थायी निवास पीरसोत, बलरामपुर जिला है और वर्तमान निवास प्रतापपुर रोड अंबिकापुर है, इनके आवेदन पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा विभिन्न मामलों में अलग अलग थानों में प्रकरण दर्ज होने के कारण निरस्तीकरण की अनुशंसा की गई है। आवेदक ओर से प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण प्रथम दृष्टया शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया जाना पाया गया। इस कारण आवेदक धर्मवीर सिंह की शस्त्र अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

समर कैंप वॉलीबॉल, बास्केटबॉल सहित सात खेलों का प्रशिक्षण गांधी स्टेडियम में, फुटबॉल, ताईक्वांडो, तीरंदाजी सहित पांच खेल पीजी कॉलेज मैदान में

कैंप में भागीदारी के लिए बच्चियों का भी दिख रहा उत्साह

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 समर कैंप की शुरुआत की गई है। कलेक्टर विलास भोसकर एवं एसपी श्री विजय अग्रवाल ने गांधी स्टेडियम परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण भी किया गया। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में जब हम गिरते हैं, तो उस समय चोट लगती है, पर आगे चलकर यही हमारी यादें बनती हैं। इस 21 दिवसीय समर कैंप का मजा लें और खेलों में अपना अनुभव बनाएं। उन्होंने सभी को ऑल द बेस्ट कहकर शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर एसपी श्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों की सुविधा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए ये समर कैंप किया जा रहा है। शिविर का आनंद उठाएं और आगे की पढ़ाई के लिए भी तैयारी करें।

10 से ज्यादा खेलों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण स्थल- गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कराटे, शतरंज, एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह प्रशिक्षण स्थल - पीजी कॉलेज मैदान परिसर में फुटबॉल, हैंडबॉल, ताईक्वांडो, और तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे और शाम को 5.30 बजे से 6.30 बजे रखा गया है। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी आरके सिंह, देवेन्द्र सिन्हा, खेलों के कोच और बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चे उपस्थित रहे।

पीएमश्री स्कूलों में ग्रीष्मकालीन समय का उपयोग

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्रीष्मकालीन अवकाश में स्कूली बच्चों के लिए समय का सदुपयोग करने उद्देश्य से खेलकूद, योगा, चित्रकला, गीत-संगीत, नृत्य, क्रिएटिविटी सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए पीएमश्री स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना पथरिया में आयोजित समर कैम्प का अवलोकन सहायक जिला परियोजना अधिकारी अजय नाथ एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ओपी कौशिक द्वारा किया गया। प्रधान पाठिका आशा कौशिक ने बताया कि पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना समर कैम्प में स्पोर्ट्स टीचर निर्मल जांगड़े एवं राजनंदिनी निराला द्वारा योगा एवं स्पोर्ट्स सामग्री और विभिन्न खेलों में उसके उपयोग की जानकारी तथा संगीत विशेषज्ञ सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामकुमार राजपूत द्वारा हारमोनियम, ढोलक, तबला, मांदर आदि वाद्ययंत्रों से गीत-संगीत, स्वर-धुनों का अभ्यास बच्चों को कराया जा रहा है। चित्रकला/क्रिएटिविटी में शुभम कौशिक द्वारा बच्चों को चित्रकला की अभ्यास एवं आकृति, कला की जानकारी बच्चों को दी जा रही है।



एडीपीओ अजय नाथ ने शिक्षकों को समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष करने निर्देश देते हुए बच्चों को कार्यक्रम में अपने प्रतिभा विकास करने हेतु प्रेरित किए। प्रतिभा में वृद्धि के लिए निरंतर अभ्यास की आवश्यकता होती है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू में विभिन्न आयु वर्ग में नेटबॉल का अभ्यास हेतु समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

न्यूज गैलरी

मौरिन ने दसवीं सीबीएसई में लाया 95 प्रतिशत अंक

पलारी/नवप्रदेश। पलारी।अगर कुछ करने की जज्बा हो तो हर कार्य सँभव है,ऐसा ही कारनामा मौरिन बँजारा ने कर दिखाया उन्होंने विगत दिनों घोषित हुए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा दसवी मे 95 त्न अँक प्रप्त किया है वे देव इँटरनेशनल स्कूल जाजपुर ओड़ीसा मे अध्ययन करती थी इस सफलता पर मौरिन ने कहा कि इच्छाशक्ति और सकारात्मक माहौल मिले तो कोई भी कार्य असम्भव नही है।मौरिन अनुराधा, विवेक कुमार बँजारा की पुत्री है,पूर्व उप सँचालक एम डी बँजारा की पौत्री तथा पलारी निवासी पूर्व साँसद पी आर खुटे की नातिन व ओमप्रकाश, अमर खुटे की भाँजी है।उनके इस सफलता पर विधायक सँदीप साहू,गोपी साहू, रोहीत साहू, गणेश जायसवाल, महेश ढीढ़ी,सुनील कुर्रे, महेश्वरी कुर्रे, पुष्पा मोहन बँजारे, रज्जाक खान, यमलोक साहू, जानकी ध्रुव आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दी है।

अवैध क्लिनिक व मेडिकल स्टोर किया गया सील, डॉक्टर फरार

जगदलपुर/नवप्रदेश। विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सतोसा में दीपांकर मंडल नामक व्यक्ति द्वारा पिछले कई वर्षों से अवैध क्लिनिक व मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा था। विभागीय जांच में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व मेडिकल स्टोर के संचालन के लिए आवश्यक पंजीयन भी नही होना पाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी हरीश मरकाम व तहसीलदार बकावंड के मार्गदर्शन में आज गुरूवार को कार्यवाही के दौरान ग्राम पटवारी, सरपंच, कोटवार व अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे। जबकि फर्जी झोला छाप डाक्टर दीपांकर मंडल मौके से फरार हो गया था। सत्यापन पश्चात ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व मेडिकल स्टोर को सीलबंद कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपांकर मंडल ने गांव के एक व्यक्ति के दुकान किराये में लेकर विगत कई वर्षों से ग्राम सतोष में अवैध क्लिनिक व मेडिकल स्टोर का संचलन कर रहा था। मंडल प्राईमरी हेल्थ केयर सेंटर के नाम से प्रिस्क्रिप्शन पैड भी जांच के दौरान बरामद किया गया। वहीं अवैध मेडिकल स्टोर में सामान्य सर्दी खांसी की दवाईयों के अतिरिक्त मलेरिया और अन्य संवेदनशील एंटी बायोटिक दवा भी बरामद किये गये। अवैध क्लिनिक में डेंटल ट्रीटमेंट चेयर व अनेक डेंटल ट्रीटमेंट इंस्ट्रूमेंट भी पाए गए। जांच दल ने डस्टबिन में इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, वायल, आईव्ही ड्रिप, सिरींज भी बरामद किया गया है। जांच के दौरान ग्रामीणों से यह भी ज्ञात हुआ कि फरार फर्जी झोला छाप डाक्टर दीपांकर मंडल के द्वारा सामान्य मरीजों के अलावा दांतों से संबंधित मरिजों का भी ईलाज किया जाता था। उसके एवज में वह मरीजों से 500 से 1000 रुपए तक फीस वसूलता था।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली गई जनजागरूकता रैली

जगदलपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर आज गुरुवार को कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जगदलपुर शहर के जवाहर नगर वार्ड में जनजागरुकता रैली निकाली गई और डेंगू मलेरिया से बचाव एवं उपचार के प्रति सतर्कता बरतने की अपील नागरिकों से की गई। इस जनजागरुकता रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों सहित नर्सिंग छात्राओं और मितानिनों-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय एवं उपचार सम्बन्धी प्रेरक सन्देश दिया गया। साथ ही मितानिनों द्वारा नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी सन्देश दिया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी एवं एसडीएम भरत कौशिक द्वारा उपस्थित सभी लोगों को डेंगू मलेरिया से बचाव हेतु अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर नागरिकों को डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी पेम्पलेट-ब्रोसर वितरित किया गया।

फर्जी दस्तावेज पेश कर 22 लाख का लोन, पटवारी गिरफ्तार

जांजगीर/चांपा/नवप्रदेश। जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर एचडीएफसी की राजिम शाखा से 22 लाख रुपये का लोन लेने वाले पटवारी दयाराम साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कुछ अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवरानी ग्राम के नम्मूराम पटेल ने जिले के बिर्रा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पवनी ग्राम के रहने वाले परमानंद कर्ष और उसके साथियों ने ग्राम सिलादेही के तत्कालीन पटवारी दयाराम साहू से मिलीभगत कर एक जमीन के दस्तावेजों में हेराफेरी की है और उसी जमीन के आधार पर 22 लाख रुपये का ऋण एचडीएफसी की राजिम शाखा से उठाया है।पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि पटवारी साहू ने 2.5 एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से 12 एकड़ दर्ज कर दिया और उस पर डिजिटल हस्ताक्षर किया था, जिसके आधार पर कर्ष को बैंक से ऋण मिल गया। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471, 34 और 120 के तहत अपराध दर्ज कर पहले ही कर्ष को गिरफ्तार कर लिया था।

डायरिया के 80 मरीज, एक की मौत

- कबीरधाम के दो गांवों में प्रकोप
- कुएं का पानी पीने से फैली बीमारी

कवर्धा/नवप्रदेश। सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दो गांव में डायरिया फैल गई है। इन दोनों गांव में करीब 80 मरीज मिले हैं। जानकारी अनुसार कोयलारी गांव में बीते 6 मई से शुरू हुआ डायरिया का प्रकोप जारी है। इस गांव के 56 से अधिक लोगों का उपचार चल रहा है। वहीं, इसी गांव के एक बुजुर्ग की बुधवार रात जिला अस्पताल कवर्धा में मौत हो गई। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि बुजुर्ग को टीबी की बीमारी थी। सांस लेने में तकलीफ होने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इसी प्रकार दैहानडीह गांव में दो दिन पहले शादी कार्यक्रम में भोजन खाने से 31 लोगों की तबीयत खराब हुई। इन लोगों में से एक को जिला अस्पताल भेजा गया है। ग्राम कोयलारी में डायरिया फैलने का प्रमुख कारण गांव के एक कुएं का पानी है, जो दूषित हो गया था। इसी पानी को पीने से डायरिया फैली है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मामले को तत्काल संज्ञान मे लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में भेजकर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अब गांव की स्थिति में सुधार हुआ है। कलेक्टर महोबे ने एसडीएम, एसडीओ पीएचई और सीएमएचओ की संयुक्त टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए थे। संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कोयलारी मे पहुंचकर वाटर सैंपल लेकर जांच की गई। जांच के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि 10 वाटर सैंपल लिये गए, जिनमें से दो सैंपल जांच में पेयजल की गुणवत्ता खराब पायी गई है, जहां साइन बोर्ड लगाकर उपयोग के लिए मना किया गया है। दोबारा कुछ जल स्त्रोतों से सैंपल लिए गए हैं। सभी पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग घोल डाला गया है तथा क्लोरीनेशन भी किया गया है। ग्रामीणों को कुएं का पानी उपयोग ना करने एवं बोर, नल का पानी उबाल कर स्वच्छता के साथ पीने की सलाह जिला प्रशासन द्वारा दी गई। अब तक कुल मरीजों की संख्या 57 है। मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट और सुधार है। गांव मे डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य जारी है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार सुबह सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम कोयलारी और दैहानडीह ग्राम का दौरा किया। स्थाई स्वस्थ्य कैंप का अवलोकन किया। दोनों ग्रामों के स्थिति नियंत्रण में है। साथ ही गांव में कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है, जिसमें लोगों से अपील की जा रही है कि किसी भी व्यक्ति को उल्टी या दस्त की शिकायत हो तो गांव के प्राथमिक विद्यालय में हेल्थ विभाग द्वारा शिविर लगाई गई है। शिविर का लाभ ले सकते हैं। इसके अलावा पानी को उबालकर ठंडा कर पिएं।

स्वास्थ्य कैंप लगाया गया था-3 दिनों से डायरिया फैलने की शिकायत मिलने की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया था। साथ ही स्वास्थ्य कैंप भी स्थापित किया गया था। इस कैंप में मरीजों को इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा था।

डायरिया के लक्षण -पेट दर्द होना, बुखार और सिर दर्द, उल्टी आना, कमजोरी महसूस होना...इस तरह के लक्षण अगर आपको या आपके परिवार में किसी को दिखाई दे रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। छोटी-मोटी बीमारी सोचकर 2 या 3 दिन इंतजार न करें।

डायरिया हो जाए तो क्या करें

ज्यादा से ज्यादा पानी पीना या फिर नमक और चीनी मिलाकर पानी पीया जा सकता है। पके केले का इस्तेमाल करें। डॉक्टर से एक बार सलाह लेकर ही दवाई लें, वरना इसका साइड इफेक्ट भी हो सकता है। जितना हो सकते आराम करें, ज्यादा धूप में ना निकलें।

तेंदुआ कुएं में गिरा, रेस्क्यू अभियान जारी, टीम को डीएफओ का मार्गदर्शन





कांकेर/नवप्रदेश। जिले के सरोना वन परिक्षेत्र अंतर्गत दुधावा अंचल के सारवंडी गांव में एक तेंदुआ कुंए में गिर गया. तेंदुआ कुंए में पत्थरों के बीच फंस हुआ है. इसकी सूचना मिलने के बाद वन अमले की टीम फौरन गांव पहुंची और तेंदुए का रेस्क्यू शुरु किया है. गांववाले और वन विभाग की टीम तेंदुए को कुंए से बाहर निकालने की कोशिश में जुटी हुई है।

कुएं में गिरे तेंदुए का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी = सरोना वन परिक्षेत्र के रेंजर रहमान खान ने बताया, ÷सरोना वन परिक्षेत्र के सारवंडी में एक किसान के खेत की बाड़ी में तेंदुआ गिरने की सूचना वन विभाग को मिली. वन विभाग का अमला तत्काल वहां पहुंचा. एक लकड़ी का प्लेटफार्म सबसे पहले वहां डाला गया, जिसमें तेंदुआ चढ़ कर रेस्ट कर रहा है. एक लड़की की सीढ़ी डाली गई है, ताकि शाम तक तेंदुआ वहां से निकल जाए।

पालतू कुत्ते का शिकार करते तेंदुआ कुएं में गिरा = गांववालों से मिली जानकारी के मुताबिक, तेंदुआ पालतू कुत्ते का शिकार करते हुए 25 फीट गहरे कुएं में जा गिरा. कुएं में 6 फीट पानी है. जिसमें रात से गिरे होने के कारण तेंदुआ थक चुका था. तेंदूए के भोजन के लिए दो मुर्गी दिया गया, जिसे तेंदुआ खा चुका है. वन विभाग की पूरी टीम तेंदूए को सकुशल निकलने का प्रयास कर रही है.

वर्सन-महुआ का सीजन है, ग्रामीण महुआ बीनने जंगल जाते हैं. सुरक्षा के लिहाज से आसपास के गांव में मुनादी करा दिया गया है. संभव है कि शाम तक तेंदुआ निकल जाएगा. तेंदुए की उम्र लगभग 4 से 5 साल लग रही है. वन विभाग कुंए को भी चिन्हांकित कर रही है, जिससे वन्य प्राणियों की इस कुएं में गिरकर मौत ना हो. - **रहमान खान, प्रभारी रेंजर, सरोना वन परिक्षेत्र**

खाना पानी की तलाश में गांव पहुंचा तेंदुआ = गर्मी का मौसम आते ही भोजन पानी की तलाश में वन्य प्राणी गांव के पास पहुंच जाते हैं. ऐसे में कभी कभी वे दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं. आशंका है कि सारवंड़ी में पहुंचा तेंदुआ भी पानी की तलाश में कुएं के आसपास पहुंचा होगा और कुंए में गिर गया होगा. बीते रविवार को ही गरियाबंद जिले में एक तेंदुआ जंगल में मृत पाया गया।

महुआ बीनने गए ग्रामीणों ने पहले तेंदुए के शव को देखा और वन विभाग को इसकी जानकारी दी. विभाग ने पोस्टमॉर्टम कर तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया. तेंदुए की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है।

स्ट्रॉन्ग रूम में घुसकर ईवीएम से हुई छेड़छाड़ कवासी लखमा का फोर्स पर आरोप

बस्तर/नवप्रदेश। आदिवासी बहुल क्षेत्र लोकसभा क्रमांक 10 बस्तर में हुए मतदान के बाद प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद है. मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षा की दृष्टि से बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों के स्ट्रांग रूम में रखा गया है. जिसकी सुरक्षा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ स्थानीय जिला बल कर री है. इसके अलावा भी सभी पार्टियों के नेता भी ईवीएम सुरक्षा पर निगरानी रखे हुए हैं. फिर ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं.ताजा मामले में बस्तर प्रत्याशी कवासी लखमा ने ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं.

कवासी लखमा ने लगाए गंभीर आरोप = कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा ने सुरक्षाबलों पर ईवीएम में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है.जिसकी शिकायत भी निर्वाचन आयोग से की गई है. पूर्व मंत्री और बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है. फिर भी उसमें छेड़छाड़ की गई है।

%%ईवीएम की सुरक्षा में भारी संख्या में जवानों को तैनात किया गया है. स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी के माध्यम से कोई भी अधिकारी देखकर संतुष्ट हो सकता हैं. इसके बावजूद सीआरपीएफ के अधिकारी आधे घंटे तक स्ट्रांग रूम तक रहे. जो सवालिया निशान खड़ा कर रहा है.।-

कवासी लखमा, कांग्रेस प्रत्याशी

कवासी लखमा का फोर्स पर आरोप = कवासी लखमा के मुताबिक सुरक्षा के इंतजाम होने के बावजूद भी बार-बार अधिकारियों का दौरा संदेहास्पद है. इस मामले को लेकर कांग्रेस के वकील ने जिला कलेक्टर से बातचीत करने की कोशिश की. लेकिन बातचीत नहीं हो पाई. इस मामले की अब शिकायत चुनाव आयोग से की गई है. बस्तर में हुए प्रथम चरण के मतदान के बाद जगदलपुर, बस्तर और चित्रकोट विधानसभा की ईवीएम मशीनों को धरमपुरा के हार्टीकल्चर कॉलेज के स्ट्रांग रूम में सील कर रखा गया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया विधायक अनुज का जन्मदिन

खरोरा/नवप्रदेश। धरसीवां विधायक अनुज शर्मा का जन्मदिन गुरुवार 16 मई को उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही क्षेत्र के मंदिरों में दर्शन कर पूजा अर्चना की। रायपुर सहित अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जन्मदिन के कार्यक्रमों में शामिल हुए। देर शाम विधायक अनुज शर्मा खरोरा पहुँचे। खरोरा पहुँचने पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय तिगड्डा चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों व्दारा विधायक श्री शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ग़ौरतलब हैं की विधायक अनुज शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं व्दारा खरोरा के तिगड्डा चौक में आम लोगों को भंडारा सहित ठंडा पेयजल एवं मिष्ठान वितरण किया गया। वहीं मंच पर विधायक अनुज शर्मा के हाथों केक कटवाकर बड़े धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मंच पर उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता वेदराम मनहरे, राजीव अग्रवाल, नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, नवीन अग्रवाल, शिवशंकर वर्मा ने लोगों को संबोधित किया। वहीं विधायक अनुज शर्मा ने अपने उद्बोधन में लोगों का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि मैं अनुज हूँ , आप लोगों का छोटा भाई हूँ , इसलिए आप लोगों का प्यार मुझे मिलता हैं, किंतु आज मेरे जन्मदिन पर आप लोगों के अपार प्यार, स्नेह को देखकर मैं अभिभूत हूँ इसके लिए मैं सदा आप लोगों का ऋणी रहूँगा। विधायक श्री शर्मा ने कहॉ की आप लोगों ने इस क्षेत्र के विकास के लिए मुझपर विश्वास किया हैं,

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 100 बच्चों ने पास की 10वीं-12वीं की परीक्षा

14 लाख का ईनामी नक्सली भी उत्तीर्ण

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 200 से अधिक बच्चों का छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए फॉर्म भरवाया था। बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने परीक्षा परिणाम जारी किए। ओपन स्कूल परीक्षा में 14 लाख रुपये का इनामी नक्सली समेत 100 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं।

कबीरधाम एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 200 से अधिक बच्चों को कक्षा 10वीं व 12वीं का ओपन परीक्षा का फॉर्म भरावाया गया था। अधिक दूरी होने के कारण स्कूल व कोचिंग सेंटर तक पहुंचने में असमर्थ विद्यार्थियों के लिए वनांचल के शिक्षित युवाओं के माध्यम से ही नक्सल प्रभावित गांवों के विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से पढ़ाई कराई गई। परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों में 14 लाख रुपये का इनामी नक्सली दिवाकर भी शामिल है। दिवाकर ने वर्ष 2021 में सरेंडर किया था। सरेंडर के बाद पढ़ाई शुरू की और आज पास हो गया है। 200 बच्चों में से 105 उत्तीर्ण हो गए हैं। वहीं, अन्य विद्यार्थी, जो कुछ विषय में फेल हुए हैं, वे आने वाले समय में संबंधित विषय की परीक्षा में शामिल होंगे। कबीरधाम जिले में ओपन स्कूल का परीक्षा केंद्र ब्लॉक मुख्यालय में है। ऐसे में केंद्र तक परीक्षा दिलाने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी। सभी विद्यार्थी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के चिल्फी, तरेगांव जंगल, रेंगाखार जंगल, झलमला जंगल व बोड़ला ब्लॉक के सुदूर वनांचल गांव के हैं।

एडिशनल एसपी विकास कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष में भी 100 अधिक विद्यार्थी ने ओपन स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद कुछ शासकीय सेवा, कुछ स्वरोजगार व कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। जिला पुलिस का उद्देश्य है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चे भी शिक्षा से जुड़ें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कई कार्य किए जा रहे हैं। इस कारण लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है व पुलिस के प्रति नजरिया बदला है।

संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती पर धार्मिक आयोजन

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। (राजिम)।नगर सेलून संघ एवं नगर सेन समाज नवापारा के सयुक्त तत्वधान में सेन समाज का 19 वां स्थापना दिवस एवं श्री संत शिरोमणी सेन जी महाराज को जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ दिव्य सेन सभा भवन सोमवारी बाजार में मनाया गया । सर्वप्रथम सभी सेलुन संघ के सदस्यो द्वारा मोटर बाइक में संत शिरोमणि सेन जी महाराज जयकारे नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया युवा साथियों का जोश बड़े ही उत्साहित रहा जिसमे मुख्यतिथी श्री चंद्रप्रकाश सेन अध्यक्ष महासभा सेन समाज, विशेष अतिथि श्री रूपेश ठाकुर रायपुर सेलून संघ अध्यक्ष, श्री डॉ.मनोज ठाकुर ,श्री मुरारी? सेन , श्री मनोज सेन सचिव झेरिया सेन समाज अभनपुर ,श्री राधेश्याम सेन ,श्री टीकम दिवाकर, श्री नरेश सेन ,श्री बलराम सेन , श्री लेखुराम सेन जी एवं श्रीमती साधना सौरज महिला सेन मंच संरक्षक, रहे 7 कार्यक्रम को अध्यक्षता श्री संतु सेन ,श्री गोविंद सेन ,श्री शंकर सेन ने किया

सभी अतिथियों ने सामाजिक सदस्यों के साथ मिलकर संत श्री शिरोमणी सेन जी महाराज, प्रभु श्री रामचन्द्र एवं श्री हनुमान जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सेन जयंती समारोह का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया 7 तत्पश्चात सभी अतिथियों ने बारी बारी अपना अशिर्वचन समाज को प्रदान किया।

मुख्यातिथी श्री चंद्रप्रकाश सेन ने कहा की सेन समाज का अपना एक गौरव शाली इतिहास रहा है ,कपूरी ठाकुर जी को भारतरत्न दिया गया, छ.ग. विधानसभा में भी अब सेन समाज ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दिया है खेल एवं अन्य क्षेत्रों में भी आज सेन समाज के यूवा अपनी पहचान बना रहे है वही डॉ. मनोज ठाकुर ने कहा की समाज का कोई संस्कार सेन समाज के बिना पूरा नहीं होता ये सेन जी महाराज की तपस्या का परिणाम जो आज पूरा सेन समाज को मिल रहा है 7 समाज का प्रतिवेदन सलाहकार युवराज सेन ने रखा वही विशेष अतिथि रूपेश ठाकुर ने कहा की आज इस आयोजन में महिला शक्ति की संख्या देख कर में प्रसन्न है नारी शक्ति के बिना समाज के उत्थान की कल्पना नहीं किया जा सकता ऐसे आयोजन में आप लोगों को जहां जैसे आवश्यकता होगी मैं सदैव उपलब्ध रहूंगा समाज में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रङ्कछात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान प्रदान किया साथ ही साथ स्वालंबी नारियों को ब्यूटीपार्लर चल रहे हमारे सेन समाज कि महिलाओं का विजय सेन रुपेश ठाकुर द्वारा गमछा एवं श्री फल से सम्मान एवं उत्साह वर्धन किया गया विशेष रूप से आमंत्रण देकर थाना प्रभारी श्री अवध राम साहू एवं थाना स्टाफ,पत्रकार डॉ लीलाराम साहू, तुकाराम कंसारी को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया 7 थाना प्रभारी श्री अवध साहू ने समाज को नशे से दूर रहने का सलाह देकर साइबर क्राइम से कैसे बचे इस पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया समाज की बेटियों को पुलिस विभाग में स्थान कैसे बनाया जाए इसके लिए प्रेरित किया गया।

आबकारी विभाग के संरक्षण में बेचा जा रहा अधिक मूल्य पर शराब

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला कॉग्रेस कमेटी के शहर महामंत्री ज़ाहिद हुसैन ने अधिक मूल्यों पर हो रही शराब बिक्री को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा जगदलपुर बस्तर में आबकारी विभाग के एक विशेष सिपाही के सरंक्षण में वर्षों से प्लेसमेंट एजेंसी मैनेजर व कर्मचारी द्वारा शराब दुकानों में निर्धारित मूल्यों से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री का अवैध खेल जोरो पर चल रहा है..शराब दुकान के काउंटर में लोगों को शराब खरीदने के एवज में अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं खुलकर आबकारी विभाग लोगों के जेब में डाका डाल रहा है।साथ ही आबकारी विभाग के कानून व नियम-शर्तों को ताक में रख दिया है। जगदलपुर बस्तर जिले में आबकारी विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में कोचिये भी महंगे दाम पर देशी और विदेशी शराब को बेच रहे हैं। बावजूद इसके शहर के शराब दुकान में सोसल मीडिया पर इस तरह का मामला भी सामने आया है वहीं पुलिस ने भी इस मामले पर कोई कार्यवाही नहीं कि है.जिसका नतीजा जगदलपुर शहर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर गांव-गांव में कोचियों की बाढ़ सी आ गई है और मदिराप्रेमियों को महंगे दामों में अपने आसपास क्षेत्र में ही शराब मिलने लगा है..महामंत्री ज़ाहिद हुसैन ने बताया,सोशल मीडिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बोतल के पीछे 50 से 100 और महंगी शराब के पीछे 200 रुपए से अधिक रुपये लोगों से वसूले जा रहे हैं। इस तरह से अवैध रूप से ही आबकारी विभाग प्रतिदिन लाखों रुपए का अवैध कारोबार कर रहा है। जबकि पूर्व में भी इस मामले को लेकर आबकारी विभाग में अवैध रूप से अधिक मूल्यों पर बेची जा रही।

पारिवारिक डॉक्टर ने किया महिला का शोषण

खैरागढ/नवप्रदेश। डॉक्टर के इलाज के बहाने महिला मरीज से करीबी बढ़ाते हुए शादी के नाम पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है. महिला के दूसरे पुरुष से शादी करने के बाद डॉक्टर उसके पति को वीडियो-फोटो भेजकर ब्लैकमेल करने लगा. परेशान महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है. मामला खैरागढ़ जिले के ठेलकाडीह थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि पारिवारिक डॉक्टर महेंद्र वर्मा इलाज के बहाने उससे करीबी बढ़ाई, और शादी का झाँसा देकर उससे दुष्कर्म किया. पीड़ित महिला के मुताबिक, जब भी वह अपना इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाती, तब वो उसे शादी करने की बात करता और उसके करीब आने की कोशिश करता था. आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाने के साथ फोटो भी खींच रखा था. इन्हीं फोटो-वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी डाक्टर तीन वर्षों तक महिला का शोषण करता रहा. लेकिन जब पीड़िता ने अपनी मर्जी से दूसरे से शादी कर ली, तो डॉक्टर महेंद्र वर्मा उसके सोशल मीडिया चैट, अश्लील वीडियो और फोटोग्राफ को उसके पति को भेज कर ब्लैकमेल करने लगा था. आखिरकार तंग आकर महिला ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस में कराई.

करंट से मजदूर की मौत, एक महिला घायल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई. वहीं मौके पर कार्य कर रही एक अन्य महिला मजदूर घायल हो गई है. घायल महिला का अस्पताल में उपचार जारी है. मामले की सूचना के बाद पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है. राजनांदगांव शहर के चिखली पुलिस चौकी के समीप संजीवनी अस्पताल के बाजू में प्लाटिंग कार्य चल रहा है. जहां लगभग एक माह से शहर के शासकीय मुद्रणालय के पीछे झुग्गी बस्ती में निवास करने वाला 35 वर्षीय जागेश्वर साहू कार्य कर रहा था. बुधवार की दोपहर वह इस प्लाटिंग क्षेत्र में लोहे का पोल गाड़ रहा था. इसी दौरान लोहे के पोल की ऊंचाई अधिक होने के कारण वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों की चपेट में आ गया. जिससे पोल को पकड़े जागेश्वर साहू को करंट लग गया. वहीं उसके साथ कार्य कर रही महिला भी इसकी चपेट में आ गई. इस हादसे में जागेश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला मजदूर घायल हुई है. घटनास्थल पर कार्य कर रहे मनोज कुमार साहू ने बताया कि आसपास काम करने वाले लोगों की चीख पुकार सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा तो एक मजदूर की मौत हो चुकी थी और महिला मजदूर घायल थी. वहीं इस हादस की सूचना मिलने के बाद मृतक के मोहल्लेवासी भी मौके पर पहुंचे. मोहल्लेवासियों ने मृतक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने और उसके दो छोटे बच्चे होने के चलते उचित मुआवजे की मांग की है. मामले की सूचना मिलने के बाद चिखली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

वैश्चिक संकेतों के दम पर सेंसेक्स चढ़ा 339 अंक

मुंबई। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक कारोबार होने के कारण गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार भी तेजी के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बाजार में चौतरफा खरीददारी देखी जा रही है। सुबह 9ः20 तक, सेंसेक्स 339 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,326 अंक और निफ्टी 111 अंक या 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,312 अंक पर था। एनएसई में 1,642 शेयर हरे निशान और 308 लाल निशान में खुले हैं।

लार्जकैप और मिडकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप शेयरों में ज्यादा तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 276 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50,984 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 102 अंक या 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,559 अंक पर है। बाजार में उथल-पुथल दर्शाने वाले इंडिया वीआईएक्स में गुरुवार को मामूली गिरावट हुई है और यह 20.21 अंक पर रहा। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में खुले हैं।

टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक और भारती एयरटेल में सबसे ज्यादा तेजी रही। मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही।

वैश्विक बाजार में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और हांगकांग के बाजारों में तेजी है। वहीं, महंगाई दर में नरमी आने के कारण अमेरिका के बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। कच्चा तेल करीब आधा प्रतिशत ऊपर है। ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल और डब्लूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल पर है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका में अप्रैल के महंगाई के आंकड़े उम्मीद के कमजोर आए हैं। यह संकेत दे रहा है कि दूसरी तिमाही से महंगाई गिरनी शुरू हो गई है। भारतीय बाजारों में चुनाव के नतीजों को लेकर थोड़ी दुविधा की स्थिति है। जैसे ही स्थिति साफ होने लगेगी, बाजारों में रैली देखने को मिल सकती है।

एसबीआई ने फिक्स्ड डिपॉजिट्स पर ब्याज दरों में की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। बैंक ने 46 दिनों से 179 दिनों के बीच परिपक्व होने वाली जमा राशि पर अपनी सावधि जमा ब्याज दरों में 75 आधार अंकों (बीपीएस) की बढ़ोतरी की है, जो 4.75% से 5.50% तक है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, बैंक ने समान अवधि के लिए ब्याज दर 5.25% से बढ़ाकर 6त्न कर दी है।

फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में पैसा लगाने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरों में वृद्धि कर दी है। रिटेल डिपॉजिट (दो करोड़ रुपये तक) और बल्क डिपॉजिट (दो करोड़ रुपये से ज्यादा) के तहत एक निश्चित समय अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गई है। एफडी पर मिलने वाले ब्याज की बढ़ी हुई दरें, 15 मई यानी बुधवार से लागू हो गई हैं। एसबीआई ने 46 दिनों से 179 दिनों के बीच पूरी होने वाली एफडी के लिए ब्याज दरों में 75 आधार अंक (बीपीएस) का इजाफा किया है। अब ये दरें 4.75 प्रतिशत से बढ़कर 5.50 फीसदी कर दी गई हैं। वरिष्ठ नागरिकों को उक्त अवधि के दौरान एफडी पर मिलने वाले ब्याज की दरें 5.25 से बढ़ाकर छह प्रतिशत कर दी गई हैं।भारतीय स्टेट बैंक के मुताबिक, सात से 45 दिन के बीच में जो भी एफडी पूरी होती है, उस पर मिलने वाले ब्याज की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अगर 46 दिन से 179 दिन के लिए कोई एफडी होती है, तो ब्याज दरों में 75 आधार अंक की वृद्धि की गई है। अब ब्याज की दर, 4.75 फीसदी से बढ़ाकर 5.50 फीसदी कर दी गई है। इस अवधि के दौरान वरिष्ठ नागरिक एफडी कराते हैं, तो उस पर छह फीसदी दर से ब्याज मिलेगा। सामान्य नागरिकों के लिए 180 दिन से 210 दिन की अवधि के लिए कराई जाने वाली एफडी पर मिलने वाली ब्याज दर को 5.75 प्रतिशत से छह प्रतिशत कर दिया गया है। 211 दिन से लेकर एक वर्ष से कम समय अवधि के लिए एफडी दरों में 25 बीपीएस की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य नागरिकों के लिए यह ब्याज दर छह फीसदी से बढ़ाकर 6.25 फीसदी कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिक उक्त अवधि के लिए एफडी कराते हैं, तो उन्हें ब्याज की दर 6.50 फीसदी से बढ़कर 6.75 फीसदी मिलेगी।

भारतीय इकाई में 1660 करोड़ निवेश करेगा अमेजन

नई दिल्ली। वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपनी भारतीय इकाई में 1,660 करोड़ रुपये निवेश करने जा रही है। कंपनी की ओर से शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी सामने आई है।अमेजन द्वारा भारतीय इकाई में निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है, जब बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में बाजार हिस्सेदारी को लेकर कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यह पांच महीनों में दूसरी बार है, जब अमेजन की ओर से अपनी भारतीय इकाई में निवेश किया जा रहा है। इससे पहले अमेजन ने 830 करोड़ रुपये भारतीय इकाई में निवेश किए थे। कुछ समय पहले वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट में 600 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। फ्लिपकार्ट, अमेजन का प्रमुख प्रतिद्वंदी है।कंपनी ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि 1,660 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे। इसके बदले में 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 166 करोड़ शेयर मौजूदा शेयरधारकों को जारी किए जाएंगे। ई-कॉमर्स भारत में तेजी से बढ़ रहा है। फिलहाल भारत में 24 करोड़ के करीब लोग ई-कॉमर्स का इस्तेमाल कर रहे हैं और 2030 तक 21 करोड़ नए यूजर्स जुड़ने की संभावना है।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का खुला आईपीओ

मुंबई। जनरल इंश्योरेंस कंपनी गो डिजिट का आईपीओ निवेश के लिए खुल गया है। इस आईपीओ का इश्यू साइज 2,614.65 करोड़ है, जिसमें से 1,125 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 1,489.65 करोड़ रुपये का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) है। यह आईपीओ शुक्रवार को निवेशकों के लिए बंद हो जाएगा। गो डिजिट आईपीओ का प्राइस बैंड 258 रुपये से लेकर 272 रुपये तय किया गया है।

इसका लॉट साइज 55 शेयरों का है। खुदरा निवेशकों को आईपीओ में भाग लेने के लिए कम से कम एक लॉट की बोली लगानी होगी। इस पब्लिक इश्यू में योग्य संस्थागत निवेशक के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित किया गया है। वहीं, गैर-संस्थागत निवेशकों और रिटेल निवेशकों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत और 10 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित है।

कंपनी ने एंकर निवेशकों से 1,176.59 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों में फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट, गोल्डमैन सैक्स, एसीएम ग्लोबल फंड, आईटीपीएल इनवेस्को इंडिया म्यूचुअल फंड, कस्टडी बैंक ऑफ जापान, श्रोडर इंटरनेशनल, ईस्ट स्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स इंडिया, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, एक्सिस म्यूचुअल फंड, मिराए एसेट म्यूचुअल फंड, अशोक व्हाइटओक म्यूचुअल फंड, मालाबार म्यूचुअल फंड और स्टीडव्यू कैपिटल मॉरीशस लिमिटेड जैसे फंड्स के नाम शामिल हैं।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस कंपनी है। यह ग्राहकों को हेल्थ, ट्रेवल, ऑटो के साथ प्रॉपर्टी और अन्य प्रकार के बीमा उत्पाद उपलब्ध कराती है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर तक) में 129 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इस दौरान कंपनी की आय 5,750.21 करोड़ रुपये रही है। कंपनी के प्रवर्तकों में कामेश गोयल, गो डिजिट इन्फोवर्क्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ओबेन वेंचर्स एलएलपी और एफएएल कॉर्पोरेशन शामिल हैं। क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी इस कंपनी में निवेश किया हुआ है।

ब्रोकरेज फर्म मास्टर कैपिटल सर्विसेज ने गो डिजिट के आईपीओ पर कहा कि गैर-जीवन बीमा क्षेत्र वित्त वर्ष 2018 से लेकर वित्त वर्ष 2023 के बीच 11.2 फीसदी प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा है। गो डिजिट का ध्यान इस वृद्धि दर को केंद्र में रखते हुए नए ग्राहकों का अधिग्रहण करने के साथ पुराने ग्राहकों को बनाए रखना है। कंपनी ने ऐसा करके दिखाया भी है। कंपनी नए क्षेत्रों में विस्तार करने के साथ अपना प्रोडक्ट पोर्टफोलियो बड़ा कर रही है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी में भी निवेश किया जा रहा है। इस सभी कारणों से चलते हम निवेशकों को मध्यम से लंबा नजरिया रखते हुए निवेश की सलाह देते हैं।

सैमको म्यूचुअल फंड ने सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटी फंड किया पेश

पोटेंशियल ग्रोथ का लाभ उठाने का प्रभावी तरीका

मुंबई। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड यानी विशेष अवसर निधि (एसओएफ) के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। इस अनूठे फंड को बाजार के अवसरों की पहचान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका लक्ष्य कम मूल्य वाले या उपेक्षित अवसरों के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि दर्ज करना है। इस फंड के खुलने की तारीख 17 मई, 2024 है और 31 मई, 2024 को क्लोज होगा। सैमको म्यूचुअल फंड का स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एक डिस्रप्शन स्ट्रेटेजी पर तैयार किया गया है जिसमें डिजिटलीकरण, इनसाइडर मिरर ट्रेडिंग, स्पिन ऑफ और कॉर्पोरेट एक्शंस, सुधार-नियामक, सरकार, अंडरवैल्यूड होल्डिंग कंपनियां, प्रीमियमाइजेशन, ट्रेंड्स सस्टेनेबल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजिकल डिस्रप्शन, संगठित बदलाव, नए और उभरते क्षेत्र सहित 10 अलग-अलग उप-रणनीतियां शामिल हैं। इस मॉडल में 10 उप-रणनीतियां निवेशकों के लिए संभावित विकास और मूल्य की तलाश करने के लिए जोखिम और विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाते हुए, विविध प्रकार के निवेश विचारों को सामने लाते हुए व्यवस्थित दृष्टिकोण को सक्षम बनाती हैं।

टी-20 वर्ल्डकप से पहले एक वार्म-अप मैच खेलेगा भारत

पहला बैच 25 और दूसरा 26 मई को अमेरिका जाएगी टीम

नई दिल्ली। टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच खेलेगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, BCCI भारत के वार्म-अप मैच को न्यूयॉर्क में कराना चाहता है क्योंकि टीम अपने चार ग्रुप-स्टेज मुकाबलों में से तीन न्यूयॉर्क के स्टेडियम में ही खेलेगी। ICC ने अभी तक वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी नहीं किया है, लेकिन इंग्लैंड और पाकिस्तान के भी दो वार्म-अप मैच खेलने की संभावना नहीं है। वहीं बाकी टीमें दो-दो अभ्यास मैच खेलने के लिए तैयार हैं। टीम इंडिया वर्ल्डकप के लिए दो बैच में रवाना होगी। टीम की रवानगी में भी बदलाव हुआ है। टीम इंडिया का पहला बैच पहले द्धक्क लीग स्टेज के खत्म होने के तुरंत बाद 21 मई को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होना था। लेकिन, अब पता चला है कि टीम 25 और 26 मई को दो बैचों में रवाना होगी।

पाकिस्तान से 9 जून को भिड़ेगी टीम इंडिया

टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा।

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने गुरुवार को संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। 39 वर्षीय स्ट्राइकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया। लगभग 10 मिनट के इस वीडियो में सुनील छेत्री ने अपने सफर को याद किया।सुनील छेत्री ने कहा, मैं उस फीलिंग को बयां नहीं कर सकता हूं, जब मैंने देश के लिए अपना डेब्यू मैच खेला था। जब टीम की जर्सी पहनी, तो वो एक अलग ही फीलिंग थी। डेब्यू वाले दिन को मैं कभी भी नहीं भूल सकता।अपने पिछले 19 वर्षों के सफर को याद करना शानदार था। यह मेरे कर्तव्य, दबाव और अपार खुशी का एक बहुत अच्छा संयोजन है। मैंने व्यक्तिगत रूप से कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने सारे मैच खेलूंगा।मैंने अपने माता-पिता और पत्नी को सबसे पहले इस फैसले के बारे में बताया। मेरे पिता खुश थे लेकिन मेरी मां और पत्नी रोने लगी। मैंने उनसे कहा कि आप मुझे हमेशा कहते थे कि मुझे खेलते हुए देखकर आप बहुत दबाव महसूस करते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस स्टार स्ट्राइकर ने 12 जून 2005 को पाकिस्तान के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया।

दीपिका अंतरराष्ट्रीय सम्मान पाने वाली अकेली भारतीय स्टार

दीपिका पादुकोण अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। अब एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं और वजह भी बेहद खास है। दरअसल, दीपिका ने एक बार फिर दुनियाभर में भारत का नाम रोशन किया है।दरअसल, अंतरराष्ट्रीय पत्रिका डेडलाइन ने 2024 के ग्लोबल डिसरप्टर्स की सूची जारी की है। इसमें दुनियाभर के वो सितारे शामिल हैं, जो मनोरंजन जगत में अपना खास योगदान दे रहे हैं। इस सूची में भारत से अकेली दीपिका शामिल हैं।

दीपिका लोकप्रिय हॉलीवुड पत्रिका डेडलाइन की ग्लोबल डिसरप्टर्स 2024 सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय सेलेब्रिटी हैं।उन्हें भारत की सरप्राइज सुपरस्टार बताया गया है, जो लगातार सीमाओं और मिथकों को तोड़ रही हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ने न केवल लगातार 2 वर्षों तक बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की है, बल्कि कई वैश्विक प्लेटफार्मों पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया है।प्रतिष्ठित सूची में ईवा लोंगोरिया, उमा थुरमन और ली सुंग-जिन जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी शामिल हैं।दीपिका बाफ्टा अवॉर्ड्स, 2024 में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। दिसंबर, 2023 में वह एकेडमी म्यूजियम गाला में शामिल होने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनी थीं।2023 में हुए 95वें ऑस्कर समारोह में भी दीपिका को बड़ी जिम्मेदारी मिली थी। ऑस्कर के मंच पर वह प्रेजेंटर के तौर पर नजर आई थीं।दीपिका कान्स फिल्म फेस्टिवल के जूरी सदस्यों की सूची में शामिल हो चुकी हैं। वह फीफा विश्व कप ट्रॉफी से पर्दा उठाने वाली पहली भारतीय बनी थीं। दीपिका इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने इस साल फरवरी में सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया था कि वह मां बनने वाली हैं। उन्होंने यह भी बताया था कि सितंबर, 2024 में वह बच्चे को जन्म देंगी।दीपिका ने 2018 में रणवीर सिंह से शादी की थी। उन्होंने 2 रीति-रिवाजों से इटली के लेक कोमो में शादी रचाई थी। शादी के 6 साल बाद अब वे माता-पिता बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। दीपिका जल्द ही रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन में पुलिस की वर्दी पहने धमाल मचाती नजर आएंगी। इस फिल्म में उनका एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। दीपिका लेडी सिंघम बनकर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।इसके अलावा कल्कि 2898 एडी भी उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है, जिसमें पहली बार उनकी जोड़ी प्रभास के साथ बनी है।हॉलीवुड फिल्म द इंटर्न का हिंदी रीमेक भी दीपिका के खाते से जुड़ा है।

अरशद खान अच्छे ऑलराउंड क्रिकेटर हो सकते हैं : जस्टिन

नई दिल्ली। जब दिल्ली कैपिटल्स ने 15वें ओवर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 134/7 पर रोक दिया, तो ऐसा लग रहा था कि अरुण जेटली स्टेडियम में मैच जल्दी खत्म होने वाला है। लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अरशद खान ने 33 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर मैच को छीनने की कोशिश की और एलएसजी के लिए 209 रनों के असंभव लक्ष्य का पीछा करने का प्रयास किया। यह अरशद का पहला टी20 अर्धशतक भी था, और वह टूर्नामेंट में निचले स्तर पर बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाने वाले सातवें बल्लेबाज बन गए, हालांकि इसने एलएसजी को 19 रन की हार से नहीं रोका, जिससे उनकी आईपीएल 2024 प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत कम अंतर से लटक गईं। एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अरशद, जिन्होंने बल्ले से पांच छक्के और तीन चौके लगाने के अलावा जेक फ्रेजर-मैकगर्क को दो गेंदों पर शून्य पर आउट किया, अगर वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखते हैं तो एक बहुत अच्छे ऑलराउंडर बन सकते हैं। लैंगर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अरशद एक बहुत अच्छा क्रिकेटर है। वह गेंद को जल्दी घुमाता है, एक अच्छा क्षेत्ररक्षक है और उस तरह से बल्लेबाजी करने में सक्षम होने के लिए, वह एक बहुत अच्छा पैकेज है। पूरे टूर्नामेंट में देखने से पता चलता है कि उसके पास बहुत बड़ी क्षमता है और उसने उसे दिखाया भी है। वह ट्रिस्टन स्टब्स द्वारा डीसी के लिए 25 गेंदों में नाबाद 57 रनों की एक और शानदार पारी खेलने से भी आश्चर्यचकित रह गए और यहां तक कि आयुष बदौनी का एक महत्वपूर्ण विकेट भी लिया।

स्टीफन फ्लेमिंग बन सकते हैं टीम इंडिया के नए कोच

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कोचिंग स्टाफ में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद बहुत सारे बदलाव देखने को मिलेंगे. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया के हेड कोच के लिए आवेदन मंगवाए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने नया हेड कोच नियुक्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड के दिग्गज खिलाड़ी स्टीफन फ्लेमिंग को भारत का नया कोच बनाया जा सकता है. बीसीसीआई के अधिकारी इंतजार कर रहे हैं कि फ्लेमिंग अपने बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर इस पद के लिए अपना आवेदन कब करते हैं. बीसीसीआई की शर्त अनुसार नए कोच को तीनों फॉर्मेट में टीम की जिम्मेदारी संभालनी होगी.सूत्रों की बात माने तो आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कोच की भूमिका निभा रहे स्टीफन फ्लेमिंग टीम इंडिया की कोच की रेस में सबसे आगे हैं. अगर ऐसा होता है तो आने वाले कुछ वक्त में भारतीय क्रिकेट की दशा बदलने की संभवना होगी. फ्लेमिंग के पास अच्छी मैनेजमेंट स्किल्स हैं और सकारात्मक माहौल बनाकर खिलाड़ियों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना अच्छे से जानते हैं. आईपीएल में सीएसके के कोच के रूप में सफलता प्रतिशत के कारण भी उन्हें टीम इंडिया के नए कोच के तौर पर देखा जा रहा है.इस वक्त राहुल द्रविड़ टीम इंडिया की हेड कोच की भूमिका निभा रहे हैं. द्रविड़ का कार्यकाल जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद खत्म हो जाएगा. बता दें कि राहुल द्रविड़ ने नवंबर, 2021 में टीम इडिया की हेड कोच का पद संभाला था. हालांकि उनका कार्यकाल 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बीद ही खत्म हो गया था, लेकिन बीसीसीआई ने कुछ समय के लिए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया था।

श्रिया रेड्डी थलाईमाई सेयालागम में राजनीति करती नजर आएंगी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक वसंतबालन द्वारा निर्देशित आठ-एपिसोड की वेब सीरीज थलाईमाई सेयालागम में तमिल अभिनेत्री श्रिया रेड्डी सत्ता की चाहत रखने वाली एक राजनेता की भूमिका में नजर आएंगी।श्रिया रेड्डी को हाल ही में सालार में देखा गया था। उन्होंने इसमें अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था। श्रिया अब अपनी अगली राजनीतिक सीरीज थलाईमाई सेयालागम की रिलीज का इंतजार कर रही हैं।श्रिया रेड्डी निर्देशक के काम से बेहद प्रभावित हुईं और उन्होंने कहा, मैंने जितनी भी व्यावसायिक फिल्में की हैं, उसके बाद मैं फिर से अपनी जड़ों की ओर वापस आने के लिए तैयार हूं। वेयिल और कांचीवरम जैसी फिल्मों ने वास्तव में मेरे लिए एक नया माहौल तैयार किया।अभिनेत्री ने कहा, हमने इस विशेष शो को बहुत वास्तविक और बेहद स्वाभाविक रखा है। किरदार में ढलना एक निर्देशक की सबसे बड़ी संपत्ति है, इसलिए उन्होंने प्रत्येक कलाकार को किरदार में ढलने के लिए समय और स्थान दिया।

न्यूज गैलरी

राज्य पात्रता परीक्षा के लिए 9 जून तक जमा होंगे आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाना है। राज्य पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन 9 जून 2024 तक लिए जाएंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के कार्यक्रम अनुसार ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 13 मई और अंतिम तिथि 9 जून 2024 है। त्रुटि सुधार की सुविधा 10 जून से 12 जून तक रहेगी। परीक्षा 21 जुलाई 2024 को संभावित है। पात्रता परीक्षा हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं ली जाएगी। पात्रता परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम टोर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनोज वर्मा 49 वर्ष नेवरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मनोज अपनी बाइक से कल शाम कहीं जा रहा था, तभी ग्राम टोर के पास पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनजेड 8113 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक सटोरिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस टीम के द्वारा लगातार सट्टा खेलने वालों पर कार्यवाही किया जा रहा है इसी क्रम में सायबर सेल कोरबा एवं चौकी सीएसईबी को सूचना मिला कि एक व्यक्ति बुधवारी बाजार कोरबा में लोगों से रुपये पैसों लेकर दांव लगवाकर सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खेला रहा है कि सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान (रा पु से) नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गदर्शन में घटना स्थल पर हमराह स्टाफको साथ लेकर मुखबीर के बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दिया गया। जो बुधवारी बाजार में एक संदिग्ध व्यक्ति सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा गया जिससे पुछताछ करने पर अपना नाम महेन्द्र गंगवानी पिता स्व0 मुरलीधर गंगवानी उम्र 43 साल सा0 सांई मंदिर के पास रामसागर पारा कोरबा थाना कोतवाली जिला कोरबा (छ0ग0) बताया जिसके कब्जे से 2 लाईनदार कागज जिसमें इंडिया बाजार, दिल्ली गोल्ड, फरीदाबाद, गाजियाबाद, पारस एवं हिन्दुस्तान नामक ऑनलाईन सट्टा का अंक लिखा, एक काले रंग का पेन नीली स्याही वाला एवं नगदी रकम 780/- बरामद हुआ।

पैदल जा रहे बुजुर्ग को ट्रक ने रौंदा

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर-चांपा जिले के खटोला मार्ग में तेज रफ्तार पिकअप ने पैदल चल रहे बुजुर्ग को पीछे से कुचल दिया। बुजुर्ग 100 मीटर तक सड़क पर घसीटते हुए चला गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम खटोला निवासी चुहरु कंवर (65) बुधवार को ग्राम बरगवा में बाजार में सब्जी लेने गया था। शाम करीब 8.30 बजे बाजार से सब्जी लेकर पैदल अपने घर खटोला जा रहा था। तभी तेज रफ्तार छोटा हाथी ड्राइवर ने पीछे से टक्कर मार दी। वाहन के नीचे ही उसका शव दबा रहा। घटना की जानकारी मिलने पर अकलतरा पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे के बाद ग्रामीण और परिजनों में गुस्सा है। सड़क पर उतरकर चक्का जाम कर दिया।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोरनगर में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अहमद खान 26 वर्ष टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 3648 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। विजय नगर चौक खम्हारडीह में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन विभार 24 वर्ष विजय नगर चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी भावेन्द्र साहू, राहुल पांडे, हेमंत चोले व आशीष नायक ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने साइंस कॉलेज मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आरीफ खान 35 वर्ष व देवेंद्र कुमार साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी डिकेश सोनी 35 वर्ष एवं आमानाका पुलिस ने आरोपी काशी साहू 50 वर्ष व पिंटू साव 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सियासत... विजय बघेल को मिलेगा त्याग का प्रतिफल, तो गजेंद्र यादव को समर्पण का लाभ

एक बार फिर केंद्र और राज्य में दिखेगा दुर्ग का दबदबा

- **आदिवासी सीएम के साथ सभी समाज का प्रतिनिधित्व दिखाई देगा मंत्रिमंडल में**

रायपुर/नवप्रदेश। 2024 का लोकसभा चुनाव दुर्ग की सियासत के लिए बहुत ही ऐतिहासिक होने वाला है। वैसे भी देश की राजनीतिक पटल पर दुर्ग के नेताओं का दखल रहा है। एक बार फिर दुर्ग के नेताओं का राज्य के दूसरे लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़कर दबदबा कायम रखा है। जहां पूर्व सीएम भूपेश बघेल राजनांदगांव, देवेंद्र यादव बिलासपुर, ताम्रध्वज साहू महासमुंद और भाजपा नेत्री सरोज पांडेय कोरबा लोकसभा से चुनाव लड़ रही है।

दुर्ग लोकसभा चुनाव जीतकर विजय बघेल पीएम मोदी मंत्रिमंडल में स्थान बनाएंगे, वही विजय बघेल के लोकसभा चुनाव में सारथी गजेंद्र यादव को राज्य मंत्रिमंडल में स्थान मिलना तय माना जा रहा है। विजय बघेल को पार्टी के लिए किए गए उनके त्याग का प्रतिफल मिलना तय माना जा रहा है।

विजय बघेल ने सांसद रहते हुए पाटन विधानसभा में अपने चाचा के विरूद्ध मोर्चा लिया, कड़ी टक्कर में जीतते-जीतते हार गए, वो भी बहुत कम अंतरों से। नहीं तो वहां तो दोपहर तक लोग यही कहने लगे थे कि काका तो गयो। इस संघर्षपूर्ण त्याग के लिए पार्टी ने विजय बघेल के लिए बहुत कुछ सोच रखा है, जिसका रहस्य लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद खुलासा होगा। वहीं उनके साथ चुनाव कैंपेन में पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए काम करने वाले दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को भी उनके समर्पण का प्रतिफल मिलना तय माना जा रहा है।

लोकसभा चुनाव की घोषणा 4 जून को होगी। उसके बाद प्रदेश मंत्रिमंडल में सामाजिक प्रतिनिधित्व के आधार पर पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव में तन-मन-धन से समर्पित काम करने वाले विधायकों को पुरस्कृत किया जाना तय है। इस नए समीकरण में जहां विजय बघेल मोदी मंत्रिमंडल के सदस्य होंगे, वहीं दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव विष्णुदेव मंत्रिमंडल में शामिल होकर समाज का प्रतिनिधित्व कर सकते है।

हेमचंद यादव के बाद किसी यादवों को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं

दुर्ग की सियासत में पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के बाद किसी भी यादव को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सहित चार-चार मंत्रियों को शामिल किया गया। जिसमें सभी कुर्मी-साहू और सामान्य वर्ग के रहे। जिसके चलते शायद यादव समाज को तवज्जो नहीं दिया गया। जिसका विरोध कांग्रेस को करारी हार के रूप में झेलनी पड़ी।

पूर्व सीएम के पुत्र को झेलनी पड़ी करारी हार

दुर्ग के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व राज्यपाल रहे मोतीलाल वोरा के पुत्र को करारी हार झेलनी पड़ी। संघ से जुड़े भाजपा के साधारण कार्यकर्ता गजेंद्र यादव ने गोविंद वोरा को लाखों वोटों से शिकस्त दी। भूपेश बघेल ने यादव समाज को मात्र वोट बैंक के रूप माना। कांग्रेस सरकार में चार-चार यादव विधायक होने के बाद भी एक को भी मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया। अब बाजी पूरी तरह पलट चुकी है दुर्ग जीत का तोहफा विजय बघेल के साथ गजेंद्र यादव को देने का मन भाजपा बना चुकी है। मंत्रिमंडल में आने वाले 2028 की तैयारी अभी शुरू हो चुकी है। इसलिए भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले समाज को प्रमुखता के साथ प्रतिनिधित्व देने की सरकार की मंशा है।

यादव समाज की भूमिका होगी अहम

भाजपा में एक बार फिर त्याग, तपस्या, समर्पण का भाव केंद्र और राज्य मंत्रिमंडल में देखने को मिलेगा। दुर्ग लोकसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी के बाद यदि किसी ने रात-दिन मेहनत की है, तो वो है दुर्ग के भाजपा विधायक गजेद्र यादव जो विजय बघेल की परछाई की तरह साथ रहे। पूरे लोकसभा में भाजपा के बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को देवतुल्य स्थान दिया। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से हजारों की संख्या में यादव समाज की उपस्थिति दर्ज कराई है। विजय बघेल की जीत में यादव समाज की भूमिका भी बहुत अहम होगी।

ऐसा है समाजों का समीकरण

क्वांटीफाई रिपोर्ट पर नजर डालें तो प्रदेश में ओबीसी वर्ग में पहले स्थान पर साहू समाज है, तो दूसरे स्थान पर यादव समाज और तीसरे स्थान पर कुर्मी समाज का वर्चस्व कायम है। दुर्ग लोकसभा में भी साहू समाज के बाद दूसरे स्थान पर यादव समाज है, इस बात को ध्यान में रखकर ही विधानसभा चुनाव में संघ से प्रांत सरकार्यवाह रहे बिसराराम यादव के पुत्र गजेंद्र यादव को टिकट देकर दुर्ग में यादव वर्चस्व को बनाए रखते हुए गजेंद्र यादव ने कांग्रेस लहर में भाजपा को बड़े अंतरों से जीत दर्ज करवा कर पार्टी में विशेष स्थान बना रखा है। 20 मार्च से 7 मई से पहले जितने भी भाजपा के चुनावी जनसभा हुए उसमें गजेंद्र यादव ने मोदी का परिवार कैंपेन के साथ तीसरी बार मोदी सरकार को लेकर समाज में यह संदेश दिया कि भाजपा की सरकार ही है जो बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास थीम को लेकर सबका विकास कर सकती है। जिसका असर मतदान के दिन देखने मिला सुबह से शाम तक मतदान केंद्र में मतदाताओं की भीड़ रही, जो जीत की बुनियाद को मजबूत रख दी है।

एम्स के चिकित्सक और पूर्व सैनिक मिलकर सामाजिक जागरूकता के लिए पहल करेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन संयुक्त रूप से समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने को सहमत हो गए हैं। इसके लिए दोनों सामाजिक जागरूकता लाने के लिए पहल करेंगे।

फाउंडेशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष विशाल देशमुख, सचिव विजय सिंह और अन्य सदस्यों ने एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) के साथ औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों ने मिलकर सामाजिक उत्थान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सहमति व्यक्त की। लेफ्टिनेंट जनरल जिंदल ने बताया कि एम्स में पूर्व सैनिकों को कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए पृथक व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही विशेष सीजीएचएस काउंटर बनाया गया है। इन सभी को एम्स की अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं कैशलेस प्रदान की जा रही हैं।

इस अवसर पर फाउंडेशन ने एम्स के विभिन्न विभागों के साथ मिलकर स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर लगाने के साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। इस संबंध में फाउंडेशन के पदाधिकारी विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर संयुक्त रणनीति बनाएंगे। इस अवसर पर नमिता हांडा, हरीश चंद्र चौरसिया, गिरजेश सिंह, आरके सोनी, चंद्रमोहन, रजनीश सिंह, संजीव सिंह, विक्रांत कुमार, मनीष कुमार, बीएन प्रजापति, सुनील सिंह आदि भी उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता हत्याकांड मामले में 7 लोग पकड़ाए

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में कांग्रेस नेता विक्रम बैस की हत्या मामले में भिलाई से 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि वारदात में ये शामिल थे और दुर्ग में छिपे हुए थे। नारायणपुर पुलिस सभी को लेकर रवाना हो गई है। अब तक इस मामले में 7 लोगों को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर पुलिस ने बुधवार सुबह दुर्ग क्राइम टीम की मदद से टाउनशिप एरिया के सेक्टर-9 और सेक्टर-7 में छापा मारा था। यहां से 3 युवकों संजीव सिंह, सैमुएल और राजीव रंजन को पकड़ा है। 2021 में बैंक डकैती मामले में सैमुएल जेल भी जा चुका है। वारदात में 8 लोगों के शामिल होने की आशंका है।

नारायणपुर में हत्या कर दुर्ग में छिपे थे आरोपी

जहर देकर तेंदुआ का शिकार शरीर के कुछ अंग गायब मिले

- **वन विभाग ने शव बरामद कर शुरू की छानबीन**

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कटघोरा वन मंडल के चैतमा रेंज के राहा बीट में जहर देकर एक तेंदुए की हत्या कर दी गई है। तेंदुए के शरीर से कुछ महत्वपूर्ण अंग गायब पाए गए हैं। कटघोरा के डीएफ ओ कुमार निशांत ने घटना की पुष्टि की है।

डीएफ ओ कुमार निशांत ने मोबाइल पर बताया कि बुधवार को दोपहर में चैतमा रेंज के राहा बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी 25 में एक तेंदुए का शव मिलने की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त हुई। सूचना पाकर उन्होंने सी एफ बिलासपुर को जानकारी दी और विभागीय स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण करने पर तेंदुआ के शरीर से कुछ अंग गायब पाए गए। तेंदुआ के शव का पोस्ट मार्टम कराया गया जिसमें तेंदुआ की मौत जहर से होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रायपुर से दाग स्क्वायड भी बुलाया गया है।

कुंए से नवविवाहिता की मिली संदिग्ध हालत में लाश

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत चेरा में नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार सुबह कुएं में मिला है। परिजनों के हत्या के आरोप लगाने से गांव में तनाव की स्थिति बन गई। दहेज के लिए बेटी की हत्या का आरोप पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया है। पुलिस शुरुआती जांच में हत्या मानकर केस दर्ज कर रही है। घटना के बाद पति और ससुर फरार हैं। मामला डिंडो चौकी क्षेत्र का है। झारखंड के ग्राम लवालीकला निवासी पूजा यादव (22) की शादी ग्राम चेरा निवासी आशीष यादव के साथ 2 मई 2023 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। पूजा यादव के परिजनों ने बताया कि शादी के दौरान पांच लाख रुपये नगद और दो लाख का सामान दहेज में दिया गया था। इसके बाद भी आशीष यादव दहेज में पैसों की मांग कर पत्नी पूजा को प्रताड़ित करता था।

पोंडी-उपरोड़ा ब्लाक के 55 लोगों ने कराई मोतियाबिंद सर्जरी

कोरबा/नवप्रदेश। ऑख है तो समझिये सारा जहां आपके पास व साथ है, इसके बगैर इंसान की दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा है। कोरबा जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का नेत्र चिकित्सा विभाग लगातार प्रयासरत् है।

डॉ. केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतिबिन्द का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावश्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है। सीएमएचओ ने बताया कि दूर या पास का कम दिखाई देना, गाड़ी ड्राइव करने में समस्या और दूसरे व्यक्ति के चेहरे के भावों को न पढ़ पाना आँखों में मोतियाबिन्द विकसित होने के लक्षण हैं। चश्मे या लेंस से स्पष्ट दिखाई न देने पर सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है जिसकी सलाह आवश्यकता पड़ने पर नेत्र विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है।

डॉ. सुमित गुप्ता, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् मरीजों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन तथा गुणवत्तापूर्ण दवाई तथा देखभाल करने के साथ ही वनांचल एरिया तथा दुर्गम क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल तक लाना शामिल है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाभ लेते हुए ग्राम पोंड़ी उपरोड़ा के 55 ग्रामीण मरीजों ने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया, जो कि यह दर्शाता है कि लोगों की केवल सर्दियों में ऑपरेषन कराने की धारणा बदल रही है।

एचटीपीपी संयंत्र से की दीवार फांद कर स्क्रेप की चोरी

कोरबा/नवप्रदेश। हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीपी) के स्क्रेप यार्ड में दीवाल कूद कर अंदर प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने लोहे का सामान पार कर दिया। सीसीटीवी में फुटेज आने पर सुरक्षाकर्मियों ने मामले की शिकायत पुलिस के समक्ष की। विवेचना के बाद पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर सामान जब्त किया।

विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र में 13-14 मई की रात अज्ञात लोगों ने घुस कर सामान पार कर दिया। 14 मई को संयंत्र के सुरक्षा निरीक्षक रामाश्रय ध्रुव 46 वर्ष निवासी सीएसईबी कालोनी ने स्क्रेप यार्ड का निरीक्षण किया, तो यार्ड में लोहे के स्क्रैप के कुछ सामान दिखाई नहीं दिए। चोरी होने की आशंका पर कार्यालय में लगे सीसीटीवी देखा, तो स्क्रैप यार्ड में बाउंड्रीवाल से कुछ लोग 13-14 मई की रात दीवाल फांद कर अंदर घुसे और स्क्रैप यार्ड से लोहे का पाइप, एक्सेल लोहे के चादर, लोहे के गोल मशीन में सामान लगभग 10 क्विंटल चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दिए। इस पर सुरक्षा निरीक्षक ध्रुव ने मामले की शिकायत दर्री थाना में दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत कायम कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी दर्री विनोद सिंह की अगुवाई में दर्री पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपितों की पतासाजी शुरू की।

चार सीटों पर उपचुनाव की संभावना, तीन पर कांग्रेस को मिली थी जीत, एक बीजेपी का अभेद गढ़

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें हैं। तीन चरणों में राज्य की सभी 11 सीटों पर मतदान हो चुका है। मतदान के बाद जहां उम्मीदवार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ चार लोकसभा सीटों पर चार विधायकों को टिकट दिया गया है। बीजेपी ने एक विधायक को टिकट दिया है वहीं, कांग्रेस ने तीन विधायकों को टिकट दिया है। अब इन सीटों में उपचुनाव को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि किस सीट पर चुनाव होगा इसका फैसला 4 जून को रिजल्ट आने के बाद होगा। हालांकि रिजल्ट आने से पहले ही इस चार विधानसभा सीटों पर नेता सक्रिय हो गए हैं। यहां लॉबिंग शुरू हो गई है।

क्या है नियम?

गौरतलब है कि यदि पहले से ही सांसद या विधायक दूसरा चुनाव लड़ते हैं और उसमें जीत दर्ज करते हैं तो उन्हें एक पद छोड़ना पड़ता है। इस बार चार विधायक चुनाव मैदान में हैं। अगर चारों चुनाव जीत जाते हैं तो उन्हें दो में से किसी एक पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। अगर विधायक पद छोड़ते हैं तो इस्तीफे की सूचना विधानसभा सचिवालय को भेजी जाती है। विधानसभा सचिवालय रिक्त विधानसभा सीटों की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेजता है। जिसके बाद खाली हुई सीट पर 6 महीने के अंदर निर्वाचन आयोग उपचुनाव कराते हैं। छत्तीसगढ़ में अक्टूबर-नवंबर में उपचुनाव हो सकते हैं।

रिजल्ट से पहले तैयारियों में लगे नेता

4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की संभावना को देखते हुए राजनीतिक गलियारों में अटकलें शुरू हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस के दावेदार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में भी नेताओं की सक्रियता बढ़ गई है। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर अभी से रस्साकशी तेज हो गई है। बीजेपी सूत्रों का कहना है कि पार्टी इस सीट पर अपनी जीत तय मान रही है। जिसे लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों प्रत्याशियों ने सक्रियता बढ़ा दी है।

कौन-कौन से विधायक, लोकसभा लड़ रहे हैं

रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से बीजेपी के सीनियर नेता बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल इस बार राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कोंटा विधानसभा सीट से विधायक कवासी लखमा इस बार बस्तर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, भिलाई विधानसभा सीट से विधायक देवेन्द्र यादव इस बार बिलासपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। बीजेपी ने केवल रायपुर लोकसभा सीट से विधायक को टिकट दिया है।

दो नाबालिग लड़कियां लापता

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो नाबालिग लड़किया लापता हो गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय प्रार्थिया ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी तरह दूसरे मामले में 38 वर्षीय प्रार्थिया ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है।

Need Beautician Makeup Artist
Female Staff
Hair fashion family salon Telibandha
Near Airtel office
Raipur C.G.
Mo -9302634550